
✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 334 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 4 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



नयी दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करते बिहार के सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार कैबिनेट की बैठक 6 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंत्रिपरिषद का विस्तार करने से पहले कैबिनेट की एक और बैठक बुला ली है। दिल्ली से लौटने के बाद सीएम सम्राट 6 मई को कैबिनेट की बैठक करेंगे। इस बैठक में दोनों डिप्टी सीएम भी मौजूद रहेंगे। कैबिनेट की इस बैठक में सरकार विभिन्न विभागों से जुड़े अहम प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी दे सकती है।

### सीएम सम्राट चौधरी कल मुंगेर आएंगे

**मुंगेर (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 5 मई को अपने गृह जिले मुंगेर का दौरा करेंगे। वे यहां योग आश्रम में आयोजित पदार्पण दिवस समारोह में शामिल होंगे और तिरुपति बालाजी की उत्सव मूर्ति के दर्शन करेंगे। यह आयोजन 5 और 6 मई को पहली बार मुंगेर योग आश्रम द्वारा किया जा रहा है। 6 मई को योग आश्रम में तिरुपति बालाजी की उत्सव मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विवाह कार्यक्रम भी संपन्न होंगे।

### दिव्यांग बेटे को जिंदा जलाकर मार डाला

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जैतपुर थाना क्षेत्र स्थित खैरा गांव में झोपड़ी में सो रहे युवक को जिंदा जला दिया गया। घटना को अंजाम देने का आरोप मृतक के पिता और रिश्तेदारों पर लगा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जले हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान राजेश कुमार राय के रूप में हुई है।

### सीएम ने दी अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी पत्रकार बंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने रविवार की सुबह ट्वीट कर कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्रकारों की कलम सच्चाई, पारदर्शिता और जनहित की आवाज बनकर समाज को जागरूक करती रहे, साथ ही आपकी जनहित के प्रति सदैव प्रतिबद्धता बनी रहे, इसी विश्वास के साथ सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

### स्व-गणना में मधुबनी अव्वल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में भारत की जनगणना 2027 के तहत चल रहे स्व-गणना अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला है। 17 अप्रैल से एक मई के बीच चले इस अभियान में 48,50,848 लोगों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार स्व-गणना में मधुबनी अव्वल रहा। जिले के 6,05,824 लोगों ने स्व-गणना प्रक्रिया को पूरा किया। वहीं वैशाली 5,86,220 और दरभंगा 4,95,331 क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा।

दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह समेत एनडीए के कई नेताओं से मिले सम्राट चौधरी

# बिहार में जल्द होगा कैबिनेट का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली पहुंचे और कई बड़े नेताओं से मिले। रविवार को उन्होंने अमित शाह से लेकर एनडीए के कई दिग्गज नेताओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। इसके अलावा उन्होंने बिहार एनडीए के बड़े चेहरों जीतन राम मांझी, ललन सिंह और नित्यानंद राय से भी भेंट की। इन बैठकों की तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने बिहार के भविष्य और विकास पर चर्चा की बात कही। नित्यानंद राय के साथ हुई मुलाकात को मुख्यमंत्री ने काफी सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत और समृद्ध बिहार' के लक्ष्य को पाने के लिए यह चर्चा बहुत जरूरी थी। ललन सिंह के साथ बैठक में बिहार के विकास से जुड़े मुद्दों और आपस में तालमेल बिठाकर काम करने पर विचार किया गया। जीतन राम मांझी के साथ हुई बातचीत को उन्होंने एक शिष्टाचार भेंट बताया। सम्राट चौधरी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात की है। सूत्रों का कहना है कि वे जल्द ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मिल सकते हैं। माना जा रहा है कि इन सभी बैठकों का मुख्य एजेंडा बिहार की नई कैबिनेट के मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देना है। बिहार में नई सरकार बनने के बाद अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है। 15 अप्रैल को सम्राट चौधरी ने राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। फिलहाल उनके साथ दो उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ही काम संभाल रहे हैं। दिल्ली के इस दौरे के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि बहुत जल्द बिहार को अपनी नई कैबिनेट मिल जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजों के बाद किसी भी समय नई कैबिनेट का ऐलान किया जा सकता है। इसे लेकर पार्टी और सरकार दोनों स्तर पर तैयारियां तेज हैं और सभी की नजरें इस फैसले पर टिकी हुई हैं। दिल्ली जाने से पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से करीब आधे घंटे तक बातचीत की। माना जा रहा है कि इस दौरान भी मंत्रिमंडल विस्तार और संभावित नामों को लेकर चर्चा हुई है। इससे यह संकेत मिल रहे हैं कि फैसले में सभी प्रमुख नेताओं की भूमिका अहम है। जदयू और भाजपा दोनों खेमों में संभावित मंत्रियों के नामों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। नए मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय संतुलन, अनुभव और नए चेहरों को ध्यान में रखते हुए सूची तैयार की जा रही है।



# कार-ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव के पास रविवार को कार और ट्रक के बीच टक्कर हुई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि कार में चार लोग सवार थे। सभी की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतकों की पहचान कृष्णा, सोनू, मंतोष और कुंदन के रूप में हुई है। दो लोग घायल हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों की भीड़ ने सड़क जमा कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले को शांत कराने में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार मोतिहारी की ओर से आ रही थी। कार पहले एक बाइक को टक्कर मारकर भाग रही थी। इसी दौरान कार ड्राइवर अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े कंटेनर से जाकर टकरा गई। टक्कर भीषण होने की वजह से कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं घटना में बाइक सवार घायल है, जिसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उसका इलाज चल रहा है। मनोज कुमार ने कहा है कि हादसे में कृष्णा की मौत हुई है। वो जितेंद्र के बेटे थे। कुछ दिन पहले जितेंद्र का भी एक्सीडेंट हुआ था। ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने कहा है कि मोतिपुर में एक्सीडेंट हुआ है। कार और ट्रक की टक्कर हुई है। इसमें चार लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की हुयी असामयिक मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

# भाजपा नेता के भांजा को मारने वाला मुठभेड़ में ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** पूर्व एमएलसी और भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह के भांजे की गोली मारकर हत्या करने वाला मुख्य आरोपी एनकाउंटर में ढेर हो गया है। रविवार सुबह 4 बजे सोनू यादव के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई जिसमें उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रोडरेज की वारदात के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने सोनू को दबोच लिया जिसके बाद उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई के दौरान सोनू के सीने में गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई। घटना जामो थाना क्षेत्र के लद्दी गांव की है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद सोनू का शव परिवार को सौंप दिया है। सोनू ने भाजपा नेता के भांजे हर्ष कुमार और उनके बहनोई पर 29 अप्रैल की शाम 6.30 बजे अंधाधुंध गोलियां बरसाई थीं। इसमें भांजे की मौत हो गई जबकि जीजा चंदन सिंह का अभी भी इलाज चल रहा है। पूर्व एमएलसी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आज न्याय संगत कार्रवाई हुई है, इसके लिए मैं बिहार के सीएम सम्राट चौधरी, डीजीपी को धन्यवाद देना चाहता हूं। क्योंकि इन अपराधियों ने मेरे निर्दोष भांजे की हत्या की थी।

# निशांत कुमार की 'सद्भाव यात्रा' शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने रविवार को अपनी 'सद्भाव यात्रा' की शुरुआत की। यात्रा के पहले दिन हाजीपुर में उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने जेसीबी के जरिए फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे। निशांत कुमार ने गाड़ी से उतरकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और कार्यकर्ताओं से बातचीत भी की। स्वागत के दौरान शंखनाद और बिगुल बजाकर माहौल को उत्साहपूर्ण बनाया गया। वहीं मुजफ्फरपुर में बारिश के बीच निशांत कुमार ने लोगों के अभिवादन को स्वीकार किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निशांत कुमार ने कहा कि जनता का यह अपार प्रेम और समर्थन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद बनाए रखने की अपेक्षा की है। निशांत पहले दिन पश्चिम चंपारण के क्षेत्रों में पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। निशांत ने कहा कि पिताजी ने अपनी न्याय यात्रा की शुरुआत यहीं से की थी। मैं भी अपनी राजनीति की शुरुआत इसी धरती से कर रहा हूं। यात्रा शुरू करने से पहले उन्होंने 7 सर्कुलर रोड में पिता नीतीश कुमार से आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे जदयू कार्यालय पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शंखनाद और बिगुल बजाकर स्वागत किया। कहा कि निशांत बिहार के अगले सीएम होंगे। जदयू कार्यालय में निशांत ने कहा कि हमने इसका नाम सद्भाव यात्रा दिया है। इसका मतलब सबको साथ लेकर चलना है।



# पृथक कोड देकर सरना धर्म को दें मान्यता : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनगणना 2027 में आदिवासी/सरना धर्म को अलग पहचान देने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विस्तृत पत्र लिखा है। इस पत्र की कॉपी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल संतोष गंगवार को भी भेजी गई है। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि सरना धर्म आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख आधार है, इसलिए इसे जनगणना में पृथक कोड देकर मान्यता दी जानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस मांग पर गंभीरता से विचार करेगी। सीएम सोरेन ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में जनगणना 2027 की शुरुआत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तथ्य आधारित नीति निर्माण किसी भी राष्ट्र के संतुलित विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2021 में प्रस्तावित जनगणना विभिन्न कारणों से टल गई थी लेकिन अब इसे शुरू किया जाना महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार इस प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग कर रही है। उन्होंने स्वयं स्व-गणना कर इस अभियान में भागीदारी निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सटीक आंकड़ों के अभाव में किसी भी समाज के विकास से जुड़ी नीतियों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। पत्र में मुख्यमंत्री ने सरना धर्म की विशिष्टताओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि आदिवासी समाज की अपनी अलग पूजा पद्धति, प्रकृति पूजा, ग्राम देवता, कूल देवता और पारंपरिक त्योहार इस धर्म को अलग पहचान देते हैं। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता पूर्व जनगणना में विभिन्न धर्मों की अलग-अलग पहचान दर्ज की जाती थी लेकिन आजादी के बाद आदिवासी धर्म को अलग श्रेणी में शामिल नहीं किया गया। उन्होंने 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए कहा कि अलग कोड नहीं होने के बावजूद देशभर के करीब 50 लाख लोगों ने स्वयं को 'सरना' धर्म से जुड़ा बताया था जो इस मांग की गंभीरता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने पत्र में झारखंड विधानसभा के संकल्प और राज्य की आकांक्षाओं का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड का गठन ही आदिवासी पहचान के आधार पर हुआ है। इसलिए यहां की नीतियों और योजनाओं में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक विशेषताओं को शामिल करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि जनगणना के दूसरे चरण में धर्म संबंधी कॉलम में सरना धर्म को अलग पहचान दी जाए ताकि आदिवासी समाज की पहचान और अधिकार सुरक्षित रह सकें।



# एमपी बैंक लूट मामले में दो शातिर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के बैढ़न थाना क्षेत्र में बैंक आफ महाराष्ट्र में हुई लूटकांड के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बिहार एसटीएफ और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पटना से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नालंदा जिले के खिरू बिगहा निवासी चंदन कुमार और गुलशन कुमार के रूप में हुई है। दोनों आरोपी 17 अप्रैल 2026 को हुई बैंक लूट की घटना में शामिल थे। बताया जाता है कि 17 अप्रैल को अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर बैंक में घुसकर स्वर्ण आभूषण और नकद राशि लूट ली थी। इस मामले में बैढ़न थाना में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी चंदन कुमार के खिलाफ बिहार और मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट के तहत पहले से तीन मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस लूटकांड में शामिल अन्य अपराधियों की तलाश जारी है। मालूम हो कि सिंगरोली स्थित बैंक में पांच बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। वहां से करीब 15 करोड़ का सोना और 20 लाख रुपये कैश लूट लिए थे। इस मामले में मुख्य आरोपित कमलेश कुमार को वारदात के 24 घंटे के भीतर बिहार के औरंगाबाद से दबोचा गया था। उसके पास से 15 लाख नकद और कुछ सोना मिला था।

# अपराध, भ्रष्टाचार और सुशासन के मुद्दों पर समझौता नहीं : विजय चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** बिहार सरकार के डिप्टी सीएम विजय चौधरी रविवार को समस्तीपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा है कि आज से 20 साल पहले मुसलमान के लिए कौन सी योजनाएं चलाई गई है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या उनके आर्थिक विकास का हो। लेकिन अब आप जिस मुसलमानों के टोले में जाएंगे वहां सरकार की योजनाएं चलाई जा रही है। वहां के युवा सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि पूरा समाज अब आगे बढ़ रहा है। किसी भी समाज का भला उनकी आर्थिक तरक्की से होता है। उन्होंने कहा कि पहले उनका भावनात्मक शोषण होता था, अब उनकी माली हालत को सुधारने के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। डिप्टी सीएम आज समस्तीपुर के जदयू कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी स्पष्ट किया है कि हम सांप्रदायिकता के मामले में जो जीरो टॉलरेंस की नीति नीतीश कुमार की थी, हम उसी का पालन करेंगे। मुसलमान को किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। यह प्रदेश उनके लिए आज उतना ही सुरक्षित है, जितना कल था। अपराध, भ्रष्टाचार और सुशासन तीनों मामले पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि इन मुद्दों पर हम छोटा भी समझौता करने को तैयार नहीं है। बंगाल चुनाव पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम सोमवार को आने वाला है लेकिन अब तक जो रुझान आ रहा है, उसके अनुसार बंगाल के लोग वहां की वर्तमान सरकार के कार्यकलापों से उब चुके हैं। वह बदलाव चाह रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की यात्रा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि जदयू की पूरी पार्टी चाहती है कि निशांत और भी सक्रिय होकर पार्टी की बागडोर संभाले। मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके विस्तारित कारण को लेकर कोई अर्चन नहीं है, बड़ी पार्टी बीजेपी बंगाल चुनाव में व्यस्त थी। अब जल्द ही बिहार में सरकार का विस्तारीकरण होगा। हमारी पार्टी पहले भी युवाओं को आगे बढ़ा रही थी, अभी युवाओं को आगे बढ़ाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी को बेचैनी जनता के सवालों से है ना ही बिहार में बढ़ते अपराध और उसके नियंत्रण से है। बेचैनी सिर्फ सत्ता से बाहर रहने की है। इस मौके पर सांसद शांभवी चौधरी, जदयू जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, स्थानीय विधायक अश्वमेघ देवी, भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी डॉक्टर तरुण चौधरी, मोरवा के पूर्व विधायक विद्यासागर निषाद समेत बड़ी संख्या में जदयू के कार्यकर्ताओं उपस्थिति रहे। इन्होंने मिथिला संस्कृति के अनुसार बाघ और चादर भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।





### बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पहुंचे आरा, जिलास्तरीय बैठक में हुए शामिल

# जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी आज आरा पहुंचे। आरा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वे आरा के भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक और जिला कोर कमिटी की बैठक में शामिल हुए। इन बैठकों में स्थानीय निकाय उपचुनाव के संदर्भ में व्यापक चर्चा हुई। जिला स्तरीय बैठक का शुभारंभ अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने आगामी निकाय उपचुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें न केवल आशा, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भोजपुर के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं मतदाता इस बार भी एनडीए प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चल रही सुशासन, समृद्धि एवं विकास की यात्रा को और अधिक सशक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास के रास्ते को आगे बढ़ाते हुए सीएम सम्राट चौधरी बिहार को समृद्धि की ओर ले जाने में जुटे हैं। इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बामपाली (आरा) स्थित पार्टी कार्यालय में जिला कोर कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं आने वाले उपचुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को और सशक्त बनाते हुए जनसेवा के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ने विकास की राह पकड़ी है अब हमारी टीम इस गति को और तेज करेगी और इस बिहार को समृद्धि की ओर ले जाने के लिए हम सब प्रतिबद्ध हैं। बैठक में जिला अध्यक्ष दुर्गा राज, पूर्व मंत्री सह विधायक संजय सिंह 'टाइगर' , विधायक राकेश ओझा, विधायक महेश पासवान, पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद मीना सिंह, आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी, जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के जिला कार्यालय, बामपाली, आरा पहुंचने पर बड़ी संख्या में उपस्थित समर्पित कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया।

# निशांत कुमार की सद्भाव यात्रा से बढ़ी जनता की उम्मीदें : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा है कि निशांत कुमार की बहुप्रतीक्षित यात्रा से बिहार की जनता की उम्मीदें बढ़ गई हैं। उन्होंने बताया कि इस यात्रा से पार्टी कार्यकर्ताओं के हौसले भी बुलंद हुए हैं और संगठन को नई मजबूती मिलेगी। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि निशांत कुमार राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई चरणों में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। इससे न केवल संगठन का विस्तार होगा, बल्कि पार्टी की नीतियों और विचारों को भी जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि निशांत कुमार ने चंपारण सत्याग्रह की पावन भूमि से सद्भाव यात्रा की शुरुआत कर यह स्पष्ट कर दिया है कि वे पिछले दो दशकों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए कार्यों, उपलब्धियों और जनता दल यू की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का अभियान चलाएंगे। राजीव रंजन प्रसाद ने विश्वास जताया कि सद्भाव यात्रा को जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा और यह अभियान अभूतपूर्व सफलता हासिल करेगा।

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर श्रवण कुमार ने पत्रकारों को दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर सभी पत्रकारों, रिपोर्टर, संपादक, फोटोग्राफर, मीडिया कर्मियों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया से जुड़े सभी साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की कलम और उनकी आवाज ही आम जनता की ताकत बनती है तथा शासन और प्रशासन को जवाबदेह बनाती है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों, दबावों और चुनौतियों के बीच भी सच्चाई को उजागर करने का पत्रकारों का संकल्प समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। श्रवण कुमार ने अपने संदेश में कहा कि 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर उनकी कामना है कि पत्रकारों की कलम सदैव सत्य के पक्ष में चले और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में उनकी भूमिका निरंतर बनी रहे।

## बिहार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं : आनंद मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा विधायक आनंद मिश्रा ने कहा कि सिवान में एक बार फिर हुए इनकाउंटर ने साबित कर दिया कि बिहार में कानून का राज मजबूती से दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों में कई बड़े अपराधी चेहरे जैसे आज सिवान में सोनू यादव, उससे पहले छोटू यादव, भागलपुर का राजधानी यादव, मोतिहारी में कुंदन ठाकुर, प्रियांशु दुबे बेगूसराय और खगड़िया के कई हिस्ट्रीशीटर अपराधी कानून के शिकंजे में आ रहे हैं। इन पर हत्या, संगठित अपराध के कई आरोप हैं जब भी पुलिस ने चुनौती दी है, पुलिस पर ही हमला करने की कोशिश की है। ऐसे में पुलिस के पास कानून के दायरे में रहते हुए कार्रवाई करने का एकमात्र यही उपाय बचता है। अब साफ संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं जो अपराध करेगा, परिणाम भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी जाति, क्षेत्र या धर्म के खिलाफ नहीं है। अपराधी की एक ही पहचान होती है कि वह अपराधी है। यह समझना होगा।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना /दिल्ली।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली स्थित आवास पर केन्द्रीय मंत्री और हम के सुप्रीम लीडर जीतन राम मांझी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बिहार के विकास और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का स्वागत महात्मा गांधी के प्रतीक स्वरूप चरखा भेंट कर किया। इस अवसर को सौहार्दपूर्ण और महत्वपूर्ण बताया गया। बैठक में हम सेक्युलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री संतोष मांझी, केन्द्रीय मंत्री के सलाहकार दानिश रिजवान तथा गणेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। बताया गया कि इस मुलाकात में बिहार के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया और राज्य के हित में समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया गया।

# डॉ. आनंद रंजन झा दंपति ने लिया शिक्षा और कौशल विकास का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** प्रसिद्ध शिक्षाविद् और समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा तथा उनकी पत्नी किरण कुमारी ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर समाज में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। डॉ. आनंद रंजन झा, जो लंबे समय से शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय हैं, ने इस अवसर पर कहा कि जीवन की हर सफलता के पीछे परिवार का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण होता है। वहीं किरण कुमारी ने पारिवारिक मूल्यों और आपसी समझ को वैवाहिक जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। वर्षगांठ के इस शुभ अवसर पर परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों ने दंपति को हार्दिक बधाइयां दीं और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। समारोह के दौरान दोनों ने केक काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर एक-दूसरे के प्रति अपने प्रेम और समर्पण को पुनः व्यक्त किया।

# पिछले 20 वर्षों में बिहार ने की उल्लेखनीय प्रगति : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने इवेंटजिक मीडिया द्वारा होटल, मौर्या में आयोजित ''बिहार एजुकेशन समिट'' में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में बिहार ने उल्लेखनीय प्रगति की है, विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में। लोगों का आत्मविश्वास बढ़ा है और विकास के कई महत्वपूर्ण आयाम सामने आए हैं। परंतु बिहार के विकास की कहानी को देश और दुनिया में प्रभावी ढंग से पहुंचाने की जरूरत है। किसी भी समाज की प्रगति तभी सार्थक होती है जब उसकी उपलब्धियां व्यापक रूप से साझा की जाए। राज्यपाल ने कहा कि बिहार की एक विशिष्ट सभ्यतागत विरासत है। पाटलिपुत्र और मगध से ही भारतीय सभ्यता की नींव विकसित हुई। यह समृद्ध इतिहास बिहार को देश के सबसे सशक्त सांस्कृतिक केंद्रों में स्थापित करता है। अब आवश्यकता है कि इस शक्ति को पहचान और प्रतिष्ठा भी मिले। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए बिहार को केवल आर्थिक निवेश ही नहीं, बल्कि बौद्धिक और संस्थागत रुचि को भी आकर्षित करना होगा। बिहार को ऐसे संस्थान विकसित करने चाहिए जिनके विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व कर सकें। साथ ही शिक्षा को केवल औपचारिक कक्षा-शिक्षण तक सीमित नहीं रखना चाहिए। प्रौद्योगिकी, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नए अवसर प्रदान करती है, लेकिन बिहार की कला और संस्कृति भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। मधुबनी कला जैसी परंपराएं अपने आप में एक सशक्त शिक्षा हैं। उन्होंने कहा कि हमें अनौपचारिक शिक्षा को भी बढ़ावा देना होगा, जैसे सेमिनार, संगोष्ठी और संवाद आदि विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच आवश्यक हैं जब लोगों को अपने विचार रखने का अवसर मिलता है तो अद्भुत सोच सामने आती है। इस प्रकार के अवसरों का लोकतंत्रीकरण समाज और शिक्षा दोनों को मजबूत करता है।

# पंचायतों में पोषण क्रांति, कुपोषण पर लगाम, महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर जनप्रतिनिधियों का जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य की पंचायतों में जनप्रतिनिधियों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुपोषण, एनीमिया, कैल्शियम जैसी गंभीर समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए गांव स्तर पर पोषण वाटिका लगाई जा रही है और युद्धस्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन प्रयासों के माध्यम से हजारों बच्चों के भविष्य को अंधकार से उजाले की ओर ले जाने की सकारात्मक कोशिश की जा रही है। नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के तेलमर पंचायत के मुखिया विद्यानंद बिंद (42 वर्ष) सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं। इस नाते वे जनता के मुख्य मुद्दों को गंभीरता से समझते हैं और उनके त्वरित समाधान ढूंढते हैं। उन्होंने अपने पंचायत में कुपोषण की समस्या को पहचाना और उन क्षेत्रों को चिन्हित किया जहां वंचितों तक पोषण का कोई स्रोत नहीं पहुंच रहा था। इस समस्या को जड़ से मिटाने के लिए उन्होंने गांववालों को घर के पास ही पोषण वाटिका लगाने की सलाह दी। मुखिया विद्यानंद बताते हैं कि पंचायती राज विभाग की तरफ से आयोजित विभिन्न ट्रेनिंग के जरिए उन्होंने पोषण के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्राम सभाओं में स्वस्थ शरीर के लिए पोषण की आवश्यकता पर चर्चा की। आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के माध्यम से गांव की महिलाओं को पोषण वाटिका लगाने के लिए प्रेरित किया। अपने खर्चे पर बीज मंगवाकर विशेष रूप से दलित बस्तियों में पोषण वाटिका लगाई जिससे वहां की महिलाओं और बच्चों में एनीमिया की कमी दूर हो सके और लाल-हरी पत्तेदार सब्जियां हमेशा उपलब्ध रहें। यह देखकर गांव के अन्य लोग भी प्रेरित हो रहे हैं और घर के पास छोटी जगह में पौष्टिक सब्जियां उगा रहे हैं। मुखिया ने अपने गांव में 'सही पोषण, देश रोशन' का नारा भी दिया है। नवादा जिले के ही वारिसलीगंज प्रखंड के मोहद्दीनपुर पंचायत में एक नई शुरुआत हुई जब प्रभु प्रसाद पहली बार मुखिया बने। प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारी से प्रेरित होकर उन्होंने समाज में बदलाव लाने का फैसला किया। उन्होंने अपने पंचायत को डिब्बे के दूध से मुक्त करने का लक्ष्य रखा। इसके लिए वे स्वयं महिलाओं को स्तनपान की अहमियत समझाते हैं। यह मुहिम आसान नहीं थी। प्रभु प्रसाद ने खुद मैदान में उतरकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी शुरू की।

# ओवरलोडिंग और अवैध नाव संचालन पर पटना डीएम के सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नदियों में नावों के सुरक्षित संचालन को लेकर जिला प्रशासन सख्त निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी, पटना ने नावों के तय मानकों का उल्लंघन कर परिचालन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि ओवरलोडिंग या अवैध रूप से नाव संचालन करने वालों के खिलाफ सख्त विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारियों को नावों के निबंधन से जुड़ी सभी शर्तों का अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन के अनुसार नावों के संचालन के लिए निबंधन अनिवार्य है। निबंधन के दौरान कैरियिंग कैपेसिटी, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक मानकों की जांच मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) द्वारा की जाती है। इन मापदंडों का उल्लंघन करने वाले नाव स्वामियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे नाव से यात्रा करते समय सुरक्षा मानकों का पालन करें, क्षमता से अधिक सवारी न करें तथा लाइफ जैकेट का उपयोग अवश्य करें। साथ ही अंचल अधिकारियों को नियमित निगरानी एवं पर्यवेक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

# एक्युप्रेशर चिकित्सकों का महाकुम्भ 26 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अगामी 26 मई को 33वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, इण्डियन काउन्सिल ऑफ एक्युप्रेशर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में अधिवेशन भवन सभागार पुराना सचिवालय में आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन संयोजक डा. अजय प्रकाश ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन में 18 राज्यों से पांच सौ चयनित चिकित्सक भाग लेंगे तथा 8 विषयों सहित डायबिटीज पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। एक्युप्रेशर जनक डा. चन्द्रमा प्रसाद गुप्त की 105वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एक्युप्रेशर पुस्तक एक्युप्रेशर डिजीज एंड मैनजमेंट, आयुष्मान भवः स्मारिका का विमोचन एवं जनोपयोगी एक्यु फाइंड फ्री ऐप भी लॉन्च किया जायेगा। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हुए 32 चिकित्सकों को सम्मानित किया जायेगा। सम्मेलन में कई प्रमुख राजनेतागण, शिक्षाविद्, प्रमुख चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त करेंगे।

# फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज के साथ जैन यूनिवर्सिटी दे रही बच्चों के करियर को नई दिशा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बदलते समय में करियर चुनना युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए जैन यूनिवर्सिटी द्वारा पटना के स्थानीय होटल रेड वेलवेट में एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया जहां छात्र-छात्राओं को भविष्य के अनुरूप कोर्स और करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस काउंसलिंग सत्र में जैन यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और मॉडर्न मैनेजमेंट जैसे फ्यूचरिस्टिक कोर्सेज के बारे में मार्गदर्शन दिया। साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि किस प्रकार इंडस्ट्री की बदलती मांग के अनुसार सही कोर्स का चयन कर वे अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं। छात्रों को संबोधित करते हुए जैन यूनिवर्सिटी के अधिकारी ने कहा कि जैन यूनिवर्सिटी का पाठ्यक्रम केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि छात्र वास्तविक जीवन की पेशेवर चुनौतियों के लिए तैयार हो सके। विश्वविद्यालय नैक ए प्लस प्लस मान्यता प्राप्त है और इसका प्लेसमेंट रिकॉर्ड भी काफी मजबूत है जहां छात्रों को 81.25 लाख रुपये प्रति वर्ष तक का उच्चतम पैकेज प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट में इंडस्ट्री-इंटीग्रेटेड कोर्सेज भी उपलब्ध हैं जो आईबीएम, पीडब्लूसी, सीमेंस आदि के सहयोग से संचालित किए जाते हैं। जैन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स साइंस, मनोविज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, हेल्थ केयर आदि क्षेत्रों में भी पाठ्यक्रम प्रदान करता है। साथ ही यूनिवर्सिटी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम ऑनलाइन मोड में भी उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि यह काउंसलिंग सत्र उन छात्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगा जो अपने करियर को लेकर असमंजस में हैं या नए और आधुनिक कोर्सेज के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं। उन्होंने बच्चों से जैन यूनिवर्सिटी के साथ अपने करियर की सही शुरुआत कर अपने भविष्य की ओर मजबूत कदम बढ़ाने की अपील की।

# डॉलर इंडस्ट्रीज के संस्थापक दीनदयाल गुप्ता का निधन, व्यापार जगत में शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** देश की प्रमुख होजरी एवं परिधान कंपनी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस दीनदयाल गुप्ता के निधन पर व्यापारिक और उद्योग जगत में शोक व्यक्त किया गया है। उनका कोलकाता में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। दीनदयाल गुप्ता भारतीय होजरी उद्योग के प्रमुख स्तंभ माने जाते थे। उन्होंने वर्ष 1972 में डॉलर इंडस्ट्रीज की स्थापना की थी। उनके नेतृत्व में कंपनी ने छोटे स्तर से शुरुआत कर देश की अग्रणी होजरी कंपनियों में स्थान बनाया। आज कंपनी 1700 करोड़ से अधिक कारोबार वाले बड़े समूह के रूप में स्थापित है। पटना के कपड़ा व्यवसायियों ने कहा कि दीनदयाल गुप्ता जैसे उद्योगपति नई पीढ़ी के उद्यमियों के लिए प्रेरणास्रोत थे। सीमित संसाधनों से व्यापार शुरू कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना उनकी मेहनत, दूरदर्शिता और ईमानदारी का उदाहरण है। हरियाणा के भिवानी जिले के मनहेरू गांव में जन्मे श्री गुप्ता ने वर्ष 1962 में कोलकाता जाकर कारोबार की शुरुआत की थी। बाद में उन्होंने अपने अथक प्रयासों से कंपनी को देशभर में स्थापित किया। बिहार सहित पूर्वी भारत के बाजारों में डॉलर ब्रांड की मजबूत पहचान बनाने में उनकी बड़ी भूमिका रही। व्यापार के साथ-साथ वे शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे।

# मिट्टी जांच में बिहार अग्रणी, दो साल में 8 लाख नमूनों की जांच

### राज्य के 25 जिलों में बनाई गई है 32 नई अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मिट्टी जांच में राज्य ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कृषि विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार विगत दो वित्तीय वर्षों में 8 लाख मिट्टी के नमूनों की जांच की गई है, तीन वर्ष में एक बार मिट्टी की जांच की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5 लाख और वर्ष 2025-26 में 3 लाख मिट्टी के नमूनों की जांच की गई है। यह आंकड़ा राज्य को मिट्टी के स्वास्थ्य जांच में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करता है। साथ ही, राज्य सरकार कृषि के तेज विकास के लिए मिट्टी जांच की सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुमंडल स्तर पर 25 जिलों में कुल 32 मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। वहीं राज्य में पहले से 14 अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के स्तर से संचालित मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं में भी नमूनों की जांच की जाती है। किसानों को अपने जिले में ही यह सुविधा मिले, इसके लिए राज्य के सभी 38 जिलों में जिला स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रमंडल में एक-एक, अर्थात कुल 9 चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं भी संचालित हैं। साथ ही ग्राम स्तर पर 72 मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं भी कार्य कर रही हैं। जांच की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिए केंद्रीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला के अतिरिक्त, राज्य में स्थित दोनों कृषि विश्वविद्यालयों की मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं को रेफरल प्रयोगशाला के रूप में अधिसूचित किया गया है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक दस्तावेज है जिसके माध्यम से उन्हें उनके खेत की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की सटीक जानकारी दी जाती है। जांच परिणामों के आधार पर किसानों को उनके खेत के रकबे एवं फसल के अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग की अनुशंसा की जाती है जिससे अनावश्यक और अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में कमी आती है। रासायनिक उर्वरकों के स्मार्ट उपयोग से जहां फसलों का उत्पादन बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर गैर-जरूरी उपयोग कम होने से कृषि लागत में भी कमी आ रही है। इससे किसानों की आय बढ़ रही है और उनमें खुशहाली आ रही है।

# सरकारी विद्यालयों में बदलाव की नई पहचान बना 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करने की दिशा में 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स' समूह पिछले कई वर्षों से निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है। वर्ष 2019 से सक्रिय यह समूह विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षकों, छात्रों एवं शिक्षा प्रेमियों को जोड़ते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सकारात्मक बदलाव की मिसाल बन चुका है। समूह का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों तथा नवाचारों को बढ़ावा देना है। टीचर्स ऑफ बिहार के प्रयासों का प्रभाव अब राज्य के अधिकांश विद्यालयों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। शिक्षक अपने विद्यालयों में नई गतिविधियों और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए बच्चों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, बाल गतिविधियों एवं नवाचारों को केंद्र में रखते हुए अनेक पत्रिकाओं का नियमित प्रकाशन किया जा रहा है। इनमें दैनिक ज्ञानकोश, प्रज्ञानिका, पद्यपंकज, गद्यगुंजन, बालमन, बालमंच, कर्मणा, अनुसंधानम, अभिमत, प्रकृति प्रहरी, प्रगाथा, विद्यार्थी दर्पण, रेलगाड़ी (बालमन एक्सप्रेस), चम्पारण ज्ञानाग्रह, सुरक्षित शनिवार और बैगलेस डे, प्रोजेक्ट शिक्षक साथी, शिक्षक और एआइ तथा भावों की उड़ान जैसी पत्रिकाएं शामिल हैं। इन पत्रिकाओं के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है।

# 46.78 करोड़ से डिहरी स्टेशन यार्ड का होगा विस्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डालमियानगर।** डिहरी स्टेशन के विस्तार को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। रिमॉडलिंग के साथ ही प्लेटफॉर्म एवं यार्ड के विस्तार को लेकर करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्य करने को लेकर रेलवे ने मंजूरी दी है। पूर्व मध्य रेलवे के पीडीडीयू रेलमंडल के डिहरी ऑन सोन यार्ड के पुनर्विकास को रेलवे ने 46.78 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है। इसके तहत हावड़ा छोर पर शंटिंग नेक का निर्माण किया जाएगा। डिहरी ऑन सोन यार्ड में मालगाड़ियों और कोचों की शंटिंग यानी इधर-उधर करने का काम मेन लाइन से ही करना पड़ता है। इससे मेन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन



बाधित होता है और यात्री गाड़ियों को भी रुकना पड़ता है। हावड़ा छोर पर अलग से शंटिंग नेक बनने से यह काम अलग ट्रैक पर हो सकेगा। शटिंग यार्ड से ट्रेन व मालगाड़ी के पार्ट्स जल्दी तैयार होंगे। पहलेजा, मथुरीपुल डिहरी स्टेशन सहित सोननगर ब्रिज तक यार्ड के विस्तार करने के साथ ही रीमॉडलिंग होने से मालवाहक एवं यात्री ट्रेनों के ठहरने में जहां सुविधा होगी वहीं परिचालन में भी सहूलियत होगी। डीडीयू रेल मंडल के उदय सिंह मीना के अनुसार टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होगी और काम को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। शंटिंग नेक बनने से यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। ट्रेनों की लेटलतीफी कम होगी। मेन लाइन खाली रहने से हावड़ा-दिल्ली रूट की प्रमुख ट्रेनें जैसे पूर्वा, कालका मेल, महाबोधि एक्सप्रेस समय पर चलेंगी। मेन लाइन पर अनावश्यक मूवमेंट रुकने से दुर्घटना की आशंका कम होगी। डालमियानगर के बंद होने के बाद स्टेशन के उतरी यार्ड के दो रेल लाइन को डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर के अप व डाउन में उपयोग होने के बाद अभी भी चार रेलवे ट्रैक खाली है। छह नंबर प्लेटफार्म को खत्म कर दिया गया। ट्रेनों के लिए रेलवे ट्रैक खाली रहने से मालगाड़ी व लम्बी दूरी की ट्रेनें बिना रूके आसानी से आ-जा सकेंगी। डिहरी स्टेशन को जहां भारत सरकार के रेल मंत्रालय के द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सारी सुविधाओं से लैस की जा रही है, वहीं इस योजना के तहत यात्रियों की सुविधा, सुगमता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता अनुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं विकास द्वार, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही स्टेशन को खूबसूरत बनाने की कार्य किया जा रहा है। रेलवे के द्वारा इन सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निगरानी की जा रही है।

# आहर में बाइक गिरने से युवक की मौत, सुरक्षा पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के भानस थाना अंतर्गत डिहरा गांव के समीप हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी अमीरचंद सिंह के 26 वर्षीय पुत्र सिकेंद्र सिंह, जो इन दिनों भानस थाना क्षेत्र के मठिया गांव में अपनी मौसी के घर रहकर जीवनयापन कर रहे थे, एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए रात के अंधेरे में बाइक से निकले थे। डिहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचते ही उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से सटे गहरे आहर में जा समाई। रात का वक्त होने के कारण आसपास कोई मदद के लिए मौजूद नहीं था और पानी में डूबने से सिकेंद्र की मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई। पूरी रात शव आहर के पानी में ही पड़ा रहा और हादसे की भनक तक किसी को नहीं लगी। शनिवार की सुबह जब गांव के कुछ लोग शौच के लिए आहर की ओर गए तो पानी में तैरता हुआ शव देखकर सन्न रह गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना भानस थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विजय बैठा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त होते ही मृतक के परिजनों को जानकारी दी गई। खबर सुनते ही मठिया गांव स्थित मौसी के घर और चांदी गांव में मातम छा गया। जवान बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मौके पर ही परिजनों की उपस्थिति में कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय बैठा के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह मामला बाइक के अनियंत्रित होकर आहर में गिरने का प्रतीत हो रहा है, फिर भी पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। इस हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि डिहरा प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित यह आहर बेहद गहरा है और सड़क से बिल्कुल सटा हुआ है, लेकिन यहां सुरक्षा के नाम पर न कोई रेलिंग लगी है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड। रात के समय अंधेरे के कारण यह स्थान और भी खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आहर के चारों ओर सुरक्षा रेलिंग लगाई जाए और रिफ्लेक्टर वाले बोर्ड लगाए जाएं। यह दुर्घटना ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय वाहन चलाते वक्त अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर जोर देती है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके बाद आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन-सोन द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक जे.पी. चतुर्वेदी, आरक्षी सर्वोदय पासवान एवं आरक्षी उमेश कुमार सिंह डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर गश्त एवं चेकिंग में जुटे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 04/05 के पूर्वी छोर स्थित नाम पट्टिका के पास वाटर बूथ के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। जांच के दौरान उक्त व्यक्ति की पहचान ऋषि कुमार (उम्र लगभग 26



वर्ष), पिता नागेंद्र शर्मा, निवासी रफीगंज राजा बीघा, थाना रफीगंज, जिला-औरंगाबाद (बिहार) के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद दो ट्रॉली बैग से कुल 25.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई जिसकी अनुमानित कीमत 19,785 रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब चंडीगढ़ से लाकर यहां ऊंचे दामों पर बेचने की योजना बना रहा था। मौके पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरपीएफ ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद गिरफ्तार व्यक्ति एवं जब्त शराब को अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेल थाना अध्यक्ष, डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द कर दिया गया है। आरपीएफ द्वारा लगातार चलाए जा रहे इस तरह के अभियान से अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने में सफलता मिल रही है।

# दो पक्षों के बीच मामूली विवाद में चली गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जिले के सासाराम स्थित चौखंडी (सिटी मॉल) के पास रविवार को एक मामूली विवाद में अचानक हिंसक हो गया। दो पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई जिसके बाद फायरिंग की घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक पक्ष ने गोली चला दी जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। एहतियात के तौर पर इलाके में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है।

# डिहरी में अत्याधुनिक दर्द उपचार केंद्र शुरू, बिना सर्जरी मिलेगी राहत : डॉ. निषाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब कमर, गर्दन, घुटना और रीढ़ से जुड़े दर्द के इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डिहरी में डॉ. निषाद क्लिनिक द्वारा अत्याधुनिक तकनीकों से लैस फिजियोथेरेपी एवं स्पाइन केयर सेंटर की शुरुआत की गई है जहां मरीजों को तेज, सुरक्षित और प्रभावी इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। क्लिनिक के प्रमुख फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. एस. के. निषाद ने बताया कि आजकल लोगों में कमर दर्द, सर्वाइकल समस्या, घुटना दर्द और स्पाइन से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में उनका केंद्र 'दर्द का दानव' बनकर इन समस्याओं को जड़ से खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि सेंटर में एआई आधारित आधुनिक मशीनों और एडवांस



तकनीकों के जरिए इलाज किया जा रहा है। खास बात यह है कि यहां बिना सर्जरी और बिना दवा के भी मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। कई ऐसे मरीज, जो लंबे समय से दर्द से परेशान थे, उन्हें कम समय में ही राहत मिल रही है।

डॉ. निषाद ने कहा हमारा उद्देश्य है कि डिहरी और आसपास के लोगों को वही सुविधा मिले जो बड़े शहरों में उपलब्ध होती है। अब मरीजों को पटना, बनारस या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्लिनिक में कमर दर्द, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल, घुटना व जोड़ दर्द, स्ट्रोक के बाद रिहैबिलिटेशन तथा स्पाइन से जुड़ी जटिल समस्याओं का विशेष इलाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# 11 केवी तकिया फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत आपूर्ति प्रणाली को अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 11 केवी तकिया फीडर पर लाइन स्ट्रिंगिंग कार्य किया जाना प्रस्तावित है। यह कार्य विद्युत संरचना के उन्नयन के तहत किया जा रहा है जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। निर्धारित तिथि के अनुसार यह कार्य 4 मई (सोमवार) को किया जाएगा। कार्य के सुरक्षित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित 11 केवी तकिया फीडर का पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इस अवधि के दौरान फीडर से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता, सासाराम (शहरी) रंजन कुमार ने बताया कि यह कार्य अत्यंत आवश्यक है और इससे न केवल वर्तमान नेटवर्क की मजबूती बढ़ेगी, बल्कि लाइन लॉस में कमी आएगी तथा आकस्मिक विद्युत बाधाओं की संभावना भी कम होगी। उन्होंने कहा कि विभागीय टीम द्वारा कार्य को समयबद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल कर दिया जाएगा। विभाग उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है। साथ ही आमजन से सहयोग की अपील करता है कि वे निर्धारित समयावधि के दौरान आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था कर लें। विद्युत विभाग द्वारा यह भी बताया गया है कि उपभोक्ताओं की सुविधा एवं बेहतर सेवा प्रदान करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से इस प्रकार के रख-रखाव एवं उन्नयन कार्य समय-समय पर किए जाते हैं।

# ट्रांसजेंडर समुदाय को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए लगा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अनुराग के निर्देशन में सितारा योजना के तहत रविवार को जिले के अखलासपुर पंचायत भवन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

शिविर में पैनल अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के एकीकरण, पुनर्वास और मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही पीएलवी रिंकू देवी ने डीएलएसए के शिकायत निवारण तंत्र के बारे में जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता द्वारा यह भी बताया गया कि बिहार राज्य विधिक




सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार राज्य भर में 4 मई से 8 मई तक 'सितारा सप्ताह' मनाने का निर्णय लिया गया है। इस सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य शिविर, पहचान पत्र शिविर, कौशल विकास कार्यक्रम, पुलिस संवेदीकरण और सामुदायिक संवाद जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह पहल 'सितारा योजना 2023' के प्रभावी क्रियान्वयन और ट्रांसजेंडर समुदाय तक न्याय की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया, कैमूर किन्नर समाज के प्रतिनिधि सोनू किन्नर, मोना किन्नर और ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया जहां ट्रांसजेंडर समुदाय की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुझाया गया और विधिक साहित्य का वितरण किया गया।

# विकास कार्य ठप, वार्ड पार्षदों की बढ़ी चिंता, नगर पंचायत को दिया गया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार को लेकर वार्ड पार्षदों और आम नागरिकों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। वार्ड संख्या 8 के पार्षद द्वारा नगर पंचायत को आवेदन देकर इस समस्या से अवगत कराया गया है। उनका कहना है कि नगर पंचायत के लगभग सभी वार्डों में विकास कार्य ठप पड़े हैं जिससे लोग परेशान और निराश हैं। बताया जा रहा है कि आए दिन अलग-अलग वार्ड पार्षद अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल पा रहा है। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने अपने प्रतिनिधियों को इस उम्मीद के साथ चुना था कि क्षेत्र में विकास होगा, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत है। हर वार्ड में किसी न किसी समस्या का अंबार लगा हुआ है और विकास कार्य लगभग शून्य है। स्थानीय लोगों ने यहां तक कहा कि पंचायत व्यवस्था के दौरान मुखिया के माध्यम से ज्यादा विकास कार्य देखने को मिलता था जबकि नगर पंचायत बनने के बाद स्थिति और खराब हो गई है। वहीं मुख्य पार्षद सम्बुल आरा ने भी माना कि नगर पंचायत बने करीब चार साल हो चुके हैं, लेकिन अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। उन्होंने इसका मुख्य कारण कार्यपालक पदाधिकारी की स्थायी नियुक्ति नहीं होना बताया। उनके अनुसार अब तक 6 से 7 कार्यपालक पदाधिकारी आए, लेकिन कोई भी लंबे समय तक पद पर नहीं टिक सका जिससे योजनाएं प्रभावित होती रहीं। इस स्थिति ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सम्राट चौधरी के नेतृत्व पर जदयू प्रवक्ता का बड़ा बयान, लंबी पारी खेलेंगे, सबको साथ लेकर चलेगा बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच जदयू रोहतास के अधिवक्ता सह प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह कुशवाहा ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को नीतीश कुमार जैसे अनुभवी नेता का आशीर्वाद और नरेंद्र मोदी का सहयोग प्राप्त हो, वह निश्चित रूप से युवा दिलों की धड़कन बन जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी संशयों को समाप्त करते हुए बिहार के सिरमौर मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई है। बैरिस्टर कुशवाहा ने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी आने वाले वर्षों में लंबे समय तक बिहार का नेतृत्व कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें सभी वर्गों और समाज के लोगों को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नीतीश कुमार ने बिहार को नई दिशा देने और विकास की राह पर आगे बढ़ाने में अपना जीवन समर्पित किया, उसी तरह सम्राट चौधरी से भी प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद कुछ लोग नाराज दिख रहे हैं, लेकिन समय के साथ सभी इस नेतृत्व को स्वीकार कर लेंगे। उनके अनुसार कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा कई नाम उछाले गए थे, लेकिन अंततः नीतीश कुमार ने दृढ़ संकल्प लेते हुए सम्राट चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी। जातीय नेतृत्व के सवाल पर बैरिस्टर सिंह ने कहा कि कोई भी नेता अपनी क्षमता और नेतृत्व से पहचान बनाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए लालू प्रसाद यादव, राम विलास पासवान, चिराग पासवान, और मायावती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह सम्राट चौधरी भी कुशवाहा समाज के प्रमुख नेता के रूप में उभरे हैं, लेकिन उन्हें सभी जातियों को साथ लेकर चलना होगा। बैरिस्टर सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की नीति पर काम किया है और यही अपेक्षा सम्राट चौधरी से भी है। उन्होंने भरोसा जताया कि कुशवाहा समाज सहित अन्य वर्गों का समर्थन उन्हें मिलेगा और वे बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

# आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन चिकित्सक मंच का प्रशिक्षण सम्मेलन सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन चिकित्सक मंच द्वारा आयोजित प्रशिक्षण-सह- सम्मान समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मंच के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीण चिकित्सकों के विभिन्न प्रशिक्षण बैच पूर्व में संचालित किए जा चुके हैं जिससे उनकी दक्षता एवं प्राथमिक उपचार की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से संस्था द्वारा नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हुई हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ग्रामीण चिकित्सकों के कार्यों की सराहना करते रहे हैं। संस्था लगातार ग्रामीण चिकित्सकों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने, उन्हें सही मार्गदर्शन देने तथा जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में रोहतास, औरंगाबाद, कैमूर, अरवल, गया, आरा, बक्सर सहित झारखंड के गढ़वा एवं पलामू जिलों से लगभग 200 ग्रामीण चिकित्सकों ने भाग लिया। साथ ही 6 दिसंबर 2026 को सासाराम में ऑल इंडिया ग्रामीण चिकित्सक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किए जाने की घोषणा की गई।

# चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार बोस की स्मृति में शोक सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रख्यात वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. सुनील कुमार बोस के निधन पर उनकी पावन स्मृति में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उदय सिन्हा ने की। सभा में नगर के चिकित्सकों एवं शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



शोक सभा में वक्ताओं ने डॉ. बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक कुशल सर्जन, संवेदनशील चिकित्सक और महान समाजसेवी बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. बोस ने जीवनभर चिकित्सा सेवा को मानव सेवा मानते हुए हजारों लोगों का उपचार किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि डॉ. बोस का निधन समाज और चिकित्सा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस अवसर पर डॉ. आर.डी. सिंह, डॉ. निर्मल कुमार सिंह, डॉ. सत्येंद्र शंकर, डॉ. संजय सिंह, डॉ. ए.के. विमल, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. कुमार अंशुमान, डॉ. कंचन सिंह, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. अमरेश, डॉ. बीरेंद्र, डॉ. आशीष, डॉ. रामजी प्रसाद सहित अन्य चिकित्सक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आईएमए डिहरी-डालमियानगर के सचिव डॉ. अमिताभ सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पहाड़ की तलहटी में मिला सड़ा-गला शव, इलाके में सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** तिलौथू प्रखंड के अमझोर थाना क्षेत्र स्थित चितौली गांव में पहाड़ की तलहटी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। शव की हालत अत्यंत खराब होने के कारण हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि स्थानीय चरवाहे जब मवेशी चरा रहे थे, तभी उन्हें इलाके से तेज दुर्गंध महसूस हुई। संदेह होने पर उन्होंने ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि एक गड्ढे में शव पड़ा हुआ है जिसके बाद तत्काल अमझोर थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। रोहतास एसपी रोशन कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा कराया जा रहा है तथा उसकी पहचान के लिए आसपास के थानों और जिलों से संपर्क किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह संभावना जताई जा रही है कि शव को करीब एक सप्ताह पूर्व यहां लाकर फेंका गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जो साक्ष्य जुटाने में लगी है। घटनास्थल पर इंस्पेक्टर सुरेश राम, तिलौथू थानाध्यक्ष शुभम कुमार, अमझोर अपर थानाध्यक्ष नुमान खान और एएसआई प्रवीण कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी

## लंबित मामलों के निष्पादन के लिए बैंकों को निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज।** व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 मई 2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के लिए रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। लोक अदालत कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ओम सागर ने की। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों को लंबित मामलों के निष्पादन में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। यह स्पष्ट किया गया कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सुलह के आधार पर निपटारा किया जाए। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया समेत कई बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैंक अधिकारियों को अपने-अपने लंबित मामलों की सूची तैयार कर लोक अदालत में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। लोक अदालत प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में 4 मई 2026 को दोपहर 1 बजे एक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, अनुमंडल विधिक सेवा समिति बिक्रमगंज द्वारा जारी पत्र के अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर 9 मई को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसके सफल संचालन के लिए पटना उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और बिक्रमगंज अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों को तैयारियों तथा लंबित मामलों के निष्पादन की प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त रोहतास के जिला परिवहन पदाधिकारी, बिक्रमगंज के वन क्षेत्र पदाधिकारी, बिक्रमगंज व नासरीगंज के सहायक विद्युत अभियंता, श्रम-प्रवर्तन पदाधिकारी, माप-तौल पदाधिकारी, माइनिंग पदाधिकारी बिक्रमगंज सहित अन्य अधिकारियों को भी प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

# पिता की चिंता बनी समाज की जिम्मेदारी, बेटी का सम्मान बचाने आगे आए लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 में एक मार्मिक स्थिति सामने आई जहां दशरथ राम अपनी पुत्री के तिलक समारोह को लेकर गहरी चिंता में थे। उनकी सबसे बड़ी पीड़ा यह थी कि कहीं वे अपनी ही बेटी का तिलक सम्मानपूर्वक संपन्न न कर पाएं। बार-बार नगर पंचायत से आग्रह करने के बावजूद साफ-सफाई और स्थल समतलीकरण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे उनके परिवार की चिंता और बढ़ गई। यह घटना समाज के सामने कई सवाल खड़े करती है—क्या आज भी गरीब और दलित बस्तियों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है? क्या व्यवस्था में भेदभाव की झलक अब भी बनी हुई है? ऐसे समय में सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए स्थानीय लोगों ने पहल की और तिलक स्थल पर गिट्टी गिरवाकर जमीन को समतल कराया। इस कार्य में समाजसेवी जीशान अहमद खान डालमिया सीमेंट प्लांट के मानव संसाधन प्रमुख संजय झा, सीएसआर विभाग के नवीन जी और माइंस महाप्रबंधक संजय जी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उनके इस प्रयास से एक पिता को राहत मिली और एक बेटी का सम्मान सुरक्षित रह सका। यह पहल समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

# नीट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (यूजी)-2026 परीक्षा 3 मई 2026 को नवादा जिले के पांच परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो गई। परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई थीं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच एवं प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। केन्द्रों के अंदर एवं बाहर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा परीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नवादा एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन, निषिद्ध सामग्रियों की जांच तथा परीक्षा कक्षों में निगरानी व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को सतर्क एवं जिम्मेदार रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया था, जिसका प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित हुआ। जिले के सभी पांच परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1944 परीक्षार्थियों में से 1861 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 83 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही संभव है विश्व कल्याण : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नालंदा।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर केएसटी कॉलेज स्थित बौद्ध मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की गई। इस अवसर पर जदयू विधायक दल के नेता एवं पूर्व मंत्री श्रवण कुमार ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज और विश्व का कल्याण संभव है।



उन्होंने कहा कि वैशाख पूर्णिमा केवल एक तिथि नहीं, बल्कि करुणा, सत्य और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। इसी क्रम में उन्होंने महान संत और समाज सुधारक महतो बाबा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन को प्रेरणास्रोत बताया। श्रवण कुमार ने कहा कि महतो बाबा ने सादगी, सेवा और समर्पण के बल पर समाज के कमजोर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि महतो बाबा का संदेश "मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है" आज के समय में और अधिक प्रासंगिक हो गया है। समाज में बढ़ती असहिष्णुता और भेदभाव के बीच उनके विचार एक नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का समावेश आवश्यक है, तभी समाज का समग्र विकास संभव है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी इस अवसर पर कहा कि वैशाख पूर्णिमा हमें महान संतों और महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में महतो बाबा के विचार सादगी, संतोष और सेवा का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में महाबोधि महाविद्यालय के सचिव राजेंद्र प्रसाद, प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार, केएसटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीत कुमार, डॉ. सुधीर कुमार, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, देवेंद्र कुशवाहा, आनंदमूर्ति, विकास मेहता, आकाश कुमार, मोनू, मुकेश सिंह सहित भंते धम्मारत्न, भंते नरावडीह, भंते खेमा सामी, भंते सूर्या, भंते सोविता और भंते जागरिया समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल, रजौली अनुमंडलीय अस्पताल की अव्यवस्था ने बढ़ाई मुश्किलें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र के डीह रजौली से दावत खाकर लौट रहे दो बुलेट सवार युवक शनिवार की रात सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना सिमरकोल के पास सर्विस लेन में बने एक ब्रेकर के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घायलों की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के महवतपुर गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार और विकास सिंह के पुत्र चुन्नू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक डीह रजौली गांव में सुरेंद्र सिंह के घर आयोजित 'बहुभात' कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा घटित हुआ। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए रजौली अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सतीश चंद्र सिंहा ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। विडंबना यह रही कि एक घायल प्रिंस कुमार को तो तत्काल एंबुलेंस मुहैया कराकर भेज दिया गया, लेकिन दूसरे घायल चुन्नू सिंह को एंबुलेंस के लिए घंटों तक स्ट्रेचर पर तड़पना पड़ा। इस दौरान घायल के परिजन और ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका से सहमे रहे और लगातार चिकित्सक से एंबुलेंस की गुहार लगाते रहे। हालांकि, अस्पताल के चिकित्सक यह कहते हुए अपना पल्ला झाड़ते नजर आए कि एंबुलेंस का प्रबंधन उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

रजौली का यह अनुमंडलीय अस्पताल कहने को तो 75 बिस्तरों वाला विशाल चिकित्सा केंद्र है और यहां एनएच-20 की संवेदनशीलता को देखते हुए ट्रामा सेंटर का उद्घाटन भी किया जा चुका है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। अस्पताल में मौजूद तीन एंबुलेंस में से दो चालू हालत में हैं और एक खराब पड़ी है। घटना के वक्त एक एंबुलेंस पहले ही किसी मारपीट के मामले के घायल को लेकर निकल चुकी थी, जिसके कारण दूसरे गंभीर घायल के लिए अस्पताल के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। काफी हंगामे और ग्रामीणों द्वारा 104 नंबर एवं प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप से शिकायत किए जाने के बाद सिरदला पीएचसी से एंबुलेंस मंगवाई गई, तब जाकर घायल युवक को पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल भेजा जा सका।

एनएच-20 के किनारे बसे रजौली में आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के बावजूद ट्रामा सेंटर का केवल कागजों पर संचालित होना सरकार और स्वास्थ्य विभाग की बड़ी विफलता को दर्शाता है। महवतपुर गांव के ग्रामीणों में बब्लू सिंह, संतोष सिंह, पप्पू सिंह, डीह रजौली निवासी मुरारी सिंह, छपरा गांव निवासी बिक्कु सिंह आदि का आरोप है कि ट्रामा सेंटर के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की गई हैं, जबकि गंभीर स्थिति में मरीजों को समय पर एंबुलेंस तक नसीब नहीं होती। अस्पताल प्रबंधन के इस निष्क्रिय रवैये और संसाधनों की कमी के कारण क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में रविवार को साप्ताहिक परीक्षा आयोजित की गई। साप्ताहिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम वर्ग की पूनम, द्वितीय वर्ग की शायरा, तृतीय वर्ग की अमृता, चतुर्थ वर्ग की रूही एवं पंचम वर्ग की शिवानी एवं हबीबा को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे काफी खुश हुए। बताया गया कि हरेक सप्ताह परीक्षा ली जाती है। परीक्षा में बेहतर करने वाले बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए बेहतर करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, वरीय शिक्षक मो. अख्तर, रेखा कुमारी, फरहत जहां, तालीमी मरकज की शिक्षा सेविका नुरेसा खातून आदि उपस्थित थे।

# किन्नरों के उत्थान के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अरविन्द कुमार के निर्देश पर 3 मई 2026 को रेलवे स्टेशन परिसर, नवादा में किन्नरों के अधिकार एवं उत्थान तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत विषयक एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में डिफेंस अधिवक्ता अमन जैन द्वारा किन्नरों के अधिकार एवं उनके उत्थान के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही जनोपयोगी सेवाओं के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया। सितारा योजना 2023 के अंतर्गत किन्नरों के पुनर्वास एवं उनके हितों की पूर्ति हेतु उपस्थित किन्नरों को जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने आगे बताया कि किन्नर



हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। उन्हें हेय दृष्टि से देखना एक सामाजिक कुरीति है, जिसे दूर करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस किसी व्यक्ति को विधिक जानकारी एवं परामर्श की आवश्यकता हो, वे इस संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा से संपर्क कर विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त कर सकते हैं, क्योंकि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा इस हेतु सदैव तत्पर है। इस कार्यक्रम में रेलवे प्रशासन, डिफेंस अधिवक्ता अमन जैन, पारा विधिक स्वयंसेवक बबलू कुमार एवं मीणा किन्नर उपस्थित थे।

# शराब मामले में वांछित पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर शराब के नशे में हंगामा करने वाले समेत शराब मामले में चार वांछित अभियुक्तों को पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते शनिवार की रात्रि सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस बलों ने शराब के नशे में एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के चैली गांव निवासी जितेंद्र राजवंशी के पुत्र रोहित कुमार उर्फ मुस्का के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर शराब मामले को लेकर दर्ज थाना कांड संख्या 141/21 के वांछित





अभियुक्त जॉब कला गांव निवासी दर्शन यादव के पुत्र सरयू यादव, थाना कांड संख्या 441/21 के अभियुक्त मोहकामा गांव निवासी मिश्री मांझी के पुत्र अर्जुन मांझी, थाना कांड संख्या 488/25 के अभियुक्त एकम्बा गांव निवासी लालो राजवंशी के पुत्र अजीत कुमार एवं थाना कांड संख्या 116/26 के अभियुक्त जोगनी गांव निवासी शिव बालक यादव के पुत्र संतोष यादव को पुलिस बलों के सहयोग से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब पीकर हंगामा करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि शराब मामले में गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को रविवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कौआकोल से गायब नाबालिग बच्ची का नहीं मिला सुराग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के जोगाचक गाँव से 30 अप्रैल 2026 को गायब हुई नाबालिग बच्ची का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस संबंध में बच्ची के पिता श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री अनुराधा कुमारी (काल्पनिक नाम) घर से पढ़ाई करने के लिए स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई,लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। अंततः श्री शर्मा ने कौआकोल थाना में आवेदन देकर अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मारपीट में युवक घायल

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गाँव में शनिवार की देर शाम आपसी मारपीट की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मधुरापुर गांव निवासी देवनन्दन यादव के 35 वर्षीय पुत्र अजय यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि आपसी विवाद में युवक के सर पर हमला कर दिया गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। स्वजनों द्वारा उसे कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए युवक को नवादा रेफर कर दिया गया। समाचार प्रेषण तक घटना को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।

# जन समस्याओं के समाधान हेतु पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना एवं जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम जनों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों के प्रभावी निराकरण हेतु नवादा जिला अन्तर्गत सहयोग शिविर का आयोजन तीन माह तक प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम मंगलवार को अलग-अलग पंचायतों में किया जाएगा।सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान, जीवन आसान" के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य लोक सेवाओं की समयबद्ध प्रदायगी सुनिश्चित करना तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्पन्न विलंब को दूर करना है।

शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, नवादा / उप विकास आयुक्त, नवादा / अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, नवादा या समकक्ष जिला स्तरीय पदाधिकारी / अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। सभी शिविरों का आयोजन संबंधित पंचायत सरकार भवन अथवा उसके निकट किसी सार्वजनिक स्थल पर प्रातः 10:00 बजे से किया जाएगा।


संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सहयोग शिविर के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा शिविर की सूचना निर्धारित तिथि से पूर्व आम जनों तक पहुंचाएं। साथ ही आवेदन/परिवाद पत्र प्राप्त करने हेतु कार्यपालक सहायकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी, जो 19 मई 2026 को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर हेतु 2 मई 2026 से ही आयोजन स्थल पर उपस्थित रहकर आमजनों से आवेदन प्राप्त करेंगे एवं प्राप्त आवेदनों का विधिवत पंजी संधारण करेंगे।

शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को अनिवार्य रूप से पंजीकृत करते हुए "शिविर संवाद समाधान पोर्टल" के माध्यम से उनका डिजिटल संधारण भी सुनिश्चित किया जाएगा। आवेदन प्राप्ति एवं उसके अनुश्रवण की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंड में आयोजित शिविर की अध्यक्षता करने वाले पदाधिकारी की होगी।

# सूर्य मंदिर तालाब में मछलियों की मौत से फैली दहशत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा शहर के ऐतिहासिक सूर्य मंदिर परिसर स्थित तालाब में इन दिनों बड़ी संख्या में मछलियों के मरने का मामला सामने आया है। लगातार हो रही इस घटना से पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई है, जिससे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले कई दिनों से तालाब में मछलियां मर रही हैं, जिससे किनारों पर मृत मछलियों का ढेर लग गया है। बदबू इतनी तीव्र है कि लोगों का वहां से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। कई लोगों ने आशंका जताई है कि इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। वहीं उदय कुमार, संतोष कुमार, प्रेम कुमार और छोटू कुमार सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्गंध के कारण खाना-पीना भी प्रभावित हो रहा है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में ठहरना



कठिन हो गया है। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। मछलियों की मौत के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि तालाब में गंदगी, जलजमाव और ऑक्सीजन की कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जबकि अन्य का आरोप है कि किसी रासायनिक पदार्थ के गिरने से यह घटना हो सकती है। बताया जा रहा है कि करीब एक माह पहले तालाब को सुखाकर मछलियां निकाली गई थीं, जिसके बाद पानी में दुर्गंध आने लगी थी। छठ पूजा के दौरान सफाई कर पुनः पानी भरा गया, जिससे कुछ दिनों तक राहत मिली। लेकिन अब फिर से समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद अब तक संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया, तो यह जन स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मृत मछलियां निकलवाकर पानी की सफाई और ऑक्सीजन स्तर बढ़ाने के उपाय करने की मांग है ताकि इस समस्या से राहत मिल सके और श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत ना हो।

# शतचंडी महायज्ञ में मंत्रोच्चारण कर विधिवत हुआ ध्वजारोहण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड के नारदीगंज अंदर बाजार में शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी स्थान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन को लेकर तीन मई 2026 यानी रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत ध्वजारोहण हुआ। वाराणसी के पुरोहित आचार्य राकेश पांडेय ने विधिवत मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण कराये। यजमान की भूमिका राजीव रंजन उर्फ राजू जी व उनकी धर्मपत्नी इंदु देवी और प्रवेश कुमार व उनकी धर्मपत्नी रेशम देवी ने पूजा अर्चना व ध्वजारोहण किये। तदोपरांत आरती व प्रसाद वितरण किया गया। पूजा अर्चना होने से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। जय माता दी के उद्घोष से सारा वातावरण गूंजते रहा। उसके बाद प्याज,लहसुन, मांस,मछली व मांसाहारी भोजन वर्जित हो गया। आयोजक मंडल के सदस्यों ने कहा छह मई 2026 को यज्ञ मंडप से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 13 मई 2026 को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में देवी मां एवं अन्य मूर्तियों का भक्तिभाव से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्रतिदिन भंडारे होगी। वैसे 14 मई 2026 को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ आयोजित महायज्ञ सम्पन्न हो जाएगा। मौके पर श्रद्धालुओं में विनय कुमार साव, विनोद कुमार, कृष्णदेव चक्रवर्ती, संदीप कुमार, पंचायत समिति सदस्य रानी देवी, संजय कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, अजय यादव, अखिलेश यादव,दीपू पांडेय, गौतम कुमार, बम कुमार, रंजीत कुमार विश्वकर्मा, राकेश कुमार, अमित कुमार समेत काफी संख्या में लोग भक्तिभाव से शामिल हुए।

# बस और बाइक की टक्कर में बाइक सवार जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** राजगीर बोधगया सड़क मार्ग में पंडपा मोड़ के समीप बस और बाइक में टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार जख्मी हो गया। घटना रविवार को दोपहर में हुई। जख्मी की पहचान नारदीगंज बाजार निवासी अशोक रविदास का 17 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार बताया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे जख्मी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज लेकर पहुंचे, जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार नारदीगंज बाजार निवासी विक्की कुमार बाइक से राजगीर की ओर जा रहा था, तभी राजगीर से आ रही बस में बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई।

## नशे में एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पुलिस ने शराब के नशे में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि कचना मोड़ के पास से कौआकोल थाना क्षेत्र के बलुआ निवासी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह शराब के नशे में पाया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## तीन लोग गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो विभिन्न गांवों में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पिपरा पोखर से वारंटी अरुण कुमार एवं नागेश्वर यादव को गिरफ्तार गया है। इसी तरह मेंहदीपुर से एक कांड के आरोपी नीतीश चौहान को गिरफ्तार किया गया है।

## बिजली तार नहीं लगाने से हो रही परेशानी

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के भगवानपुर में बिजली तार के नहीं खींचें जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व बिजली पोल गाड़ दिया गया है। उसके बाद तार नहीं खींचा गया है और ना ही ट्रांसफॉर्मर लगाया गया है। लोगों को दूर से निजी तार के माध्यम से लाइन खींचना पड़ रहा है। जिससे काफी परेशानी हो रही है। आए दिन तार में या अन्य किन्हीं कारणों से खराबी आ जाने के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने इस दिशा में पहल का आग्रह किया है।

## महिला तस्कर सहित पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा मद्य निषेध थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार देर शाम थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 10 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला तस्कर समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रोहनियापुर गांव के समीप बाइक सवार जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत झड़ुआ बिगहा गांव निवासी मिंटू कुमार को 5 लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया।

## शपथ पत्र

मैं सत्यनारायण प्रसाद पिता स्व. श्रीकांत प्रसाद साकिन -झारगावाँ पोस्ट - बड़ी पैठना, थाना - इस्लामपुर , जिला - नालंदा, बिहार शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मेरी पत्नी इंद्राणी देवी के सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवम आधार कार्ड में जन्म तिथि 02.03.1984 दर्ज है जो सही है जबकि मेरे सर्विस बुक मे उनका नाम इंद्रानी देवी जन्म तिथि 06.04.1983 अंकित हो गया है जो गलत है। इसे सुधारने हेतु यह शपथ पत्र दिया जा रहा है।

### डॉ प्रेम कुमार ने किया चांदचौरा में निर्माणाधीन धर्मशाला भवन का निरीक्षण

# 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गयाजी टाउन क्षेत्र के चांदचौरा स्थित संक्रामक अस्पताल के निकट निर्माणाधीन गयाजी धर्मशाला भवन का निरीक्षण बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया आस्था की नगरी है जहां देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं, विशेषकर पितृपक्ष मेला के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में आधुनिक सुविधाओं से युक्त धर्मशाला का निर्माण अत्यंत जरूरी है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार की इस योजना के तहत लगभग 12015.85 लाख रुपये की लागत से धर्मशाला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसका कार्य 7 मई 2025 से शुरू होकर 6 मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि लगभग 4.38 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहे इस परिसर में करीब 1080 श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। ग्राउंड प्लस पांच मंजिला भवन में भूतल पर कार, मोटरसाइकिल और बस पार्किंग की सुविधा होगी। प्रथम तल पर पांच बेड और तीन बेड वाले डॉर्मेट्री बनाए जा रहे हैं जबकि द्वितीय से पंचम तल तक प्रत्येक तल पर दो बेड वाले अतिथि कक्ष के साथ पांच और तीन बेड के डॉर्मेट्री की व्यवस्था होगी।

परिसर में कर्मचारियों और चालकों के लिए अलग व्यवस्था, भोजन कक्ष, स्वच्छ शौचालय, लिफ्ट, आधुनिक वातानुकूलन प्रणाली, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और सौर ऊर्जा जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता न हो और इसे तय समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह धर्मशाला पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगी और गया में पर्यटन तथा धार्मिक आधारभूत संरचना को मजबूती देगी। मौके पर महेश लाल गुप्त, प्रेम सागर, मुन्ना पाठक, राजनन्दन गांधी, धीरू, अमित लोहानी, दीपक दीपू, गौतम गोस्वामी, मोहन राय, पार्षद राजीव सिन्हा, गौतम कुमार, भोला कुमार, अमित कुमार और पुल निर्माण निगम के सहायक अभियंता आकाशदीप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पारिवारिक कलह से आहत युवक ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के चबुरा पंचायत अंतर्गत कैथी शिवा बिगहा गांव में पारिवारिक विवाद से आहत होकर एक 30 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला रविवार सुबह सामने आया है। मृतक की पहचान राजबलम यादव के इकलौता पुत्र सौरव कुमार उर्फ बजरंगी के रूप में की गई है। शव को उसी रात दाह-संस्कार कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। उसी दिन परिवार में चचेरी बहन का तिलक कार्यक्रम संपन्न हुआ था। इसके बाद किसी बात को लेकर उत्पन्न पारिवारिक तनाव से आहत होकर युवक ने गांव के एक पेड़ में गमछे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि सौरव कुमार अपने परिवार के साथ गुरारू में रहकर जीवन यापन करता था। उसके दो पुत्र हैं जिसमें एक 3 वर्ष और दूसरा 4 माह का है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं उसे जानने वाले लोग सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं। यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि जीवन में कितनी भी कठिन परिस्थिति क्यों न आए, आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है। थोड़ी सी बातचीत अपनों का साथ और धैर्य बड़ी से बड़ी परेशानी को हल कर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार तनाव या पारिवारिक विवाद की स्थिति में खुद को अकेला न रखें, बल्कि अपने मित्रों, परिजनों या किसी विश्वसनीय व्यक्ति से खुलकर बात करें। हर समस्या का समाधान संभव है, बस जरूरत है सही समय पर सही कदम उठाने की। समाज के सभी लोगों से अपील है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में एक-दूसरे का सहारा बनें, संवाद बढ़ाएं और जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति निराशा में ऐसा कदम न उठाएं।

## विश्व हास्य दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार का संदेश: हंसी तनावमुक्त जीवन की प्राकृतिक दवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व हास्य दिवस के अवसर पर कहा कि हर इंसान के लिए प्रदत्त सबसे सरल और शक्तिशाली उपहार 'हंसी' एक पूर्ण जैविक प्रतिक्रिया है जो मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि विश्व हास्य दिवस इस विचार पर आधारित है कि जब लोग खुश होते हैं, तो वे अपनी सकारात्मक ऊर्जा को दूसरों तक भी फैलाते हैं। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को हंसने के लिए प्रेरित करना और उन्हें तनावमुक्त जीवन की ओर अग्रसर करना है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में हंसी एक प्राकृतिक दवा की तरह कार्य करती है जो न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने यह भी कहा कि हंसी विश्व शांति की दिशा में एक सकारात्मक अभिव्यक्ति है। इसके माध्यम से भाईचारे और मित्रता की वैश्विक चेतना को मजबूत किया जा सकता है। भारत को पहला विश्व हास्य दिवस मनाने का गौरव प्राप्त है। इसे पहली बार 10 मई 1998 को मुंबई में आयोजित किया गया था जिसका नेतृत्व मदन कटारिया ने किया था। यह दिवस हर वर्ष मई के पहले रविवार को मनाया जाता है। अंत में उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे अपने जीवन में हंसी को स्थान दें और स्वस्थ, खुशहाल एवं सकारात्मक समाज के निर्माण में योगदान करें।

# पंचायतों में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर का किया जाएगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया।** बिहार सरकार के द्वारा पंचायत में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जाना है। उक्त आलोक में गया जिला में 19 मई को पहला शिविर के आयोजन किया जाना है। आज से सभी पंचायत में आम जनों के समस्याओं का आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने आम जनों के आवेदन प्राप्ति हेतु प्रखण्ड के वरीय पदाधिकारी प्रति पंचायत दो पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी एवं कर्मी को लगाया गया है। आज सभी पंचायतों में ग्रामीणों से आवेदन विधिवत प्राप्त किये जा रहे हैं और हर हाल में समाधान करवाने का भी कार्य किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने प्रखण्डों के वरीय पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की जिम्मेवारी दिया है कि सभी आवेदनों के प्राप्ति के तिथि पर ही डिजिटलीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। आवेदन को डिजिटाइज करने के बाद संबंधित आवेदनों को जिला स्तरीय आवेदन प्रबंधन कोषांग में प्रेषित किया जाना है। जिला स्तरीय आवेदन प्रबंधन कोषांग प्रतिदिन प्राप्त आवेदनों को संकलित करेगा और संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी कोषांग के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादनों का समीक्षा किये जायेंगे। आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर संबंधित पदाधिकारी को शत प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। 19 मई 2026 को गया जिले के विभिन्न पंचायत में लगने वाले सहयोग शिविर निम्न प्रकार है- प्रखंड मानपुर के ग्राम पंचायत लखनपुर, ग्राम पंचायत भोरे, नगर प्रखंड के ग्राम पंचायत चाकन्द, ग्राम पंचायत बारा, डोभी प्रखंड के बारी पंचायत, मोहरा प्रखंड के जेठियन पंचायत, इमामगंज प्रखंड के बीकोपुर पंचायत, बोधगया प्रखंड के अतिया पंचायत, इलरा पंचायत, कोच प्रखंड के काबर पंचायत, बाराचट्टी प्रखंड के बिंदा पंचायत, बेलागंज के बेलागंज पंचायत, मोहनपुर प्रखंड के एरकी पंचायत, अतरी प्रखंड के सहोरा पंचायत, आमस प्रखंड के आमस पंचायत, बांकेबाजार प्रखंड के लुटुआ पंचायत, टेकरी प्रखंड के चैता पंचायत, गुरुआ प्रखंड के वर्मा पंचायत, नीमचक बथानी के बथानी पंचायत, वजीरगंज के पुरा पंचायत, शेरघाटी के चेरकी पंचायत, टिकारी के भोरी पंचायत, खिजर सराय के बिहटा पंचायत, डुमरिया के काचर पंचायत, गुरारू के घटेरा पंचायत, फतेहपुर मतासो पंचायत, परैया के सोलरा पंचायत एवं टनकुप्पा के डिबर पंचायत में 19 मई को सहायता शिविर लगाया जाना है। इन सहयोग शिविरों के लिए प्रतिदिन इनके पंचायत के पंचायत सरकार भवन या पंचायत भवन पर पदाधिकारी एवं कर्मी प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे। आम जनता अपना आवेदन प्रतिदिन दे सकते हैं, इन प्राप्त आवेदनों का समाधान 19 मई तक कर लिया जाएगा। आज सभी पंचायतों के पंचायत सरकार भवन में पदाधिकारी एवं कर्मियों में आम जनता की समस्या को सुना है उनके आवेदनों को विधिवत प्राप्त करते हुए 19 मई तक या 30 दिनों के अंदर हर हाल में समाधान करवाने को कहा है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों को उनकी समस्याओं के समाधान हो।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**डोभी /गया जी।** प्रखंड क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर वाहन जांच के दौरान अवैध बीयर परिवहन करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जांच के क्रम में टाटा मैजिक वाहन से अवैध बीयर बरामद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राज कुमार के रूप में हुई है। वह नालंदा जिला के हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलमनद सराय का निवासी बताया गया है। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। छापेमारी के दौरान वाहन से कुल 240 लीटर अवैध बीयर (480 कैन) जब्त किया गया। पुलिस ने वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में अनुसंधान जारी है तथा जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा। छापेमारी दल में उत्पाद विभाग के कई अधिकारी एवं जवान शामिल थे जिनमें दिलीप कुमार, विजय कुमार, धर्मेंद्र बैठा, कमल किशोर समेत मद्य निषेध सिपाही, सेफ बल एवं गृहरक्षक जवान शामिल रहे।

# राष्ट्रभक्त दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**टिकारी।** रविवार को राष्ट्रभक्त दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह मनाई गई। टिकारी तैलिक साहू सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आयोजन राज इंटर स्कूल के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भामाशाह की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर व शहर में शोभा यात्रा निकाल किया गया। शोभायात्रा शहर का भ्रमण कर राज स्कूल पहुंची जहां सभा में तब्दील हो गई। सभा का विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार में मंत्री रहे योगेंद्र साहू, पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू, सभा के जिला अध्यक्ष संजू साव, पूर्व मुखिया शम्भू साव, टिकारी इकाई के अध्यक्ष अजय साव, सुनील कुमार, सुरेश साव, जय साहू, रणजीत मुखिया, प्रभाष आनंद सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। आगत अतिथियों का स्वागत माला पहना व अंगवस्त्र समर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि योगेंद्र साहू ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जब मेवाड़ संकट में था और महाराणा प्रताप संसाधनों के अभाव से जूझ रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी सारी जमा-पूंजी मातृभूमि की रक्षा के लिए अर्पित कर दी थी। श्री साहू ने कहा कि भामाशाह का व्यक्तित्व केवल एक कालखंड तक सीमित नहीं है, बल्कि वे आज के युवाओं के लिए भी प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत हैं। वहीं सभा के जिलाध्यक्ष संजू साव ने कहा कि समाज की असली ताकत आपसी सहयोग और एकजुटता में निहित है। हमें भामाशाह के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। सभा की अध्यक्षता कर रहे टिकारी प्रखण्ड अध्यक्ष अजय साव ने कहा कि राष्ट्र से बड़ा कुछ भी नहीं होता। आज का यह आयोजन हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और समाज को सशक्त बनाने की नई ऊर्जा प्रदान करता है। पटना मेयर सीता साहू ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने सिखाया कि राष्ट्र से बड़ा कुछ भी नहीं होता। आज का यह आयोजन हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और समाज को सशक्त बनाने की नई ऊर्जा प्रदान करता है। आयोजन मंडली में शामिल रणजीत मुखिया ने कहा कि आयोजन अपनी सांस्कृतिक विरासत को नमन करने का मौका देती है व एकता ही शक्ति है का संदेश को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करती है। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी भामाशाह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए समाज की एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक राजेश कुमार ने किया व धन्यवाद ज्ञापन प्रभाष कुमार आनंद ने प्रेषित किया। कार्यक्रम में रंजीत मुखिया, जितेंद्र साहू, मनीष साव, सुनील साव, निक्की, धीरज साव, विजय गुप्ता, रामगुलाम साव, इंद्रजीत साव, पिंटू साव, अशोक साव, लखन साव, मंटू साव, सुजीत साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पुरुष, महिला व शामिल थे।

## स्कॉर्पियो ने दो बाइकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** रविवार को गया टेकारी मुख्य पथ पर सीयूएसबी के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया वहीं एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान खिजरसराय थाना क्षेत्र के पचरुखी ग्राम के साधु शरण पासवान के पुत्र डब्लू कुमार के रूप में हुई। वहीं घायल की पहचान मेन थाना क्षेत्र के चिरमिची बिगहा के जयनन्दन प्रसाद में पुत्र सत्येन्द्र कुमार के रूप में हुई। जानकारी हो कि टक्कर के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित फरार होने में सफल रहा। पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया है।

## शादी समारोह में मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के लालगढ़ मुहल्ले में शादी समारोह के दौरान मामूली कहा सुनी अचानक हिंसक झड़प में बदल गयी। जानकारी के अनुसार समारोह में किसी छोटी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने दोनों पक्षों को शांत कराते हुए मामले की विस्तृत जानकारी ली। पुलिस ने घायलों का बयान दर्ज कर लिया है और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है जो शादी समारोह के दौरान बढ़ गया। सब इंस्पेक्टर ने कहा कि पूरे मामले की गहन छानबीन की जा रही है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रण में है, हालांकि इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## छापेमारी में 20 लीटर महुआ शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी टोला रहमान में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर संजय भुइंया के घर से करीब 20 लीटर महुआ शराब बरामद की है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर ली है और मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## सीपीआइ जिला परिषद की बैठक में 10 जून को किसान महापंचायत का निर्णय




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक मो याहिया की अध्यक्षता में मणि भूषण भवन स्थित जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत शोक प्रस्ताव के साथ हुई जिसमें युसूफ अंसारी, सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले, अखिल भारतीय किसान सभा के पूर्व महामंत्री अतुल कुमार अंजन तथा बोधगया के सुरेंद्र दास को एक मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद राज्य सचिव राम नरेश पांडेय ने देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है और इसका उदाहरण पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव है। उन्होंने संगठन को मजबूत कर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले 10 जून को गया में किसान महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें गया के साथ जहानाबाद, अरवल, नवादा, शेखपुरा, रोहतास, नालंदा, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिलों के किसानों की भागीदारी होगी। महापंचायत के माध्यम से किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जायेगा। साथ ही 10 से 12 जून तक बोधगया में किसान सभा की राष्ट्रीय परिषद की तीन दिवसीय बैठक आयोजित करने की भी जानकारी दी गयी। इसमें देशभर से करीब 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में उनके ठहरने व अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी तय की गयी। मौके पर सीताराम शर्मा, मसूद मंजर, दयानंद वर्मा, सीता यादव, किरण प्रकाश सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गया पुलिस के जवानों की अब डिहरी के बजाय ओटीए फायरिंग रेंज में ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** अपराधियों पर नकेल कसने और पुलिसकर्मियों को सटीक निशाना लगाने में माहिर बनाने के लिए गया पुलिस ने एक नयी और विशेष पहल की है। अब गया जिला पुलिस बल के जवानों को फायरिंग के प्रशिक्षण के लिए डिहरी स्थित बीएमपी-दो जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पुलिसकर्मियों को अब स्थानीय स्तर पर ही सेना के ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) के फायरिंग रेंज में अत्याधुनिक हथियारों को चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को ओटीए फायरिंग रेंज में 236 प्रशिक्षु सिपाहियों को फायरिंग का कड़ा अभ्यास कराया गया। इस दौरान जवानों को एके-47, इंसास सहित कई अन्य अत्याधुनिक हथियारों के संचालन और सटीक निशाना लगाने की बारीकियां सिखायी गयीं। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी एसएसपी सह सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने ओटीए फायरिंग रेंज पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता देखी और सिपाहियों के अनुशासन को परखा। साथ ही मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को अनुशासन बनाए रखने और ट्रेनिंग को गंभीरता से लेने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

इस नयी व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए प्रभारी एसएसपी सह सिटी एसपी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर पुलिसकर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से ओटीए के वरीय सैन्य अधिकारियों से संपर्क किया गया था। सैन्य अधिकारियों ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए पुलिस को फायरिंग रेंज के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। यह तय हुआ है कि जिस दिन ओटीए के कैडेट्स की ट्रेनिंग नहीं होगी या रेंज खाली रहेगा, उन दिनों में गया पुलिस बल के जवान वहां अभ्यास कर सकेंगे। इस पहल से न केवल पुलिस के समय और संसाधन की बचत होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर नियमित अभ्यास मिलने से जवानों की मारक क्षमता और दक्षता में भी इजाफा होगा।

# बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गया की बेटियों का दबदबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया जी।** गया कॉलेज के खेल परिसर में रविवार को 12वीं जूनियर बिहार राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शानदार समापन हुआ। तीन दिवसीय इस रोमांचक प्रतियोगिता के गर्ल्स वर्ग में मेजबान गया की टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए खिताब पर कब्जा जमाया, वहीं ब्वॉयज वर्ग में सारण की टीम चैंपियन बनी। गया जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित इस राज्यस्तरीय चैंपियनशिप में बिहार के विभिन्न जिलों से 17 ब्वॉयज और 10 गर्ल्स टीमों ने हिस्सा लिया था। गर्ल्स वर्ग के फाइनल में गया की खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर ट्रॉफी उठायी जबकि वैशाली की टीम उपविजेता और पटना की टीम तीसरे स्थान पर रही। वहीं, ब्वॉयज वर्ग के खिताबी मुकाबले में सारण ने पटना को पछाड़कर चैंपियनशिप जीती। इस वर्ग में मुजफ्फरपुर की टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से नवाजा गया। गर्ल्स वर्ग में गया की प्रिया कुमारी और ब्वॉयज वर्ग में सारण के आर्यन कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब मिला। वहीं, भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए गर्ल्स वर्ग में वैशाली की कोमल कुमारी और ब्वॉयज वर्ग में मुजफ्फरपुर के आयुष कुमार सिंह को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ सतीश चंद्र सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, संघर्ष, नेतृत्व और आत्मविश्वास की पाठशाला है। सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से युवा प्रतिभाओं को निखारा जा सकता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों में गया जिला बास्केटबॉल संघ के सर्वर अली, क्रिकेट संघ के संजय कुमार सिंह, बिहार बास्केटबॉल एसोसिएशन के धीरज रंजन, पीटीआइ अंजनी कुमार, आनंद शंकर तिवारी सहित कई खेल पदाधिकारी और भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। अंत में संघ की ओर से सभी खिलाड़ियों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## कोर्ट नोटिस

**न्यायालय सिविल जज (सिनियर डिविजन) प्रथम, बोकारो**

**मूल वाद सं.-40/2021**

सुशीला चौधरी उर्फ सुशीला देवी--वादिनी

**बनाम**

मनोज कुमार चौधरी एवं अन्य... प्रतिवादीगण

प्रेषितः-

1. राजीव कुमार चौधरी, पिता-स्व. भोलानाथ चौधरी, पता-मकान सं.-271, द्वारा वैभव होटल, चास, पो. व थाना-चास, जिला-बोकारो, झारखण्ड-827013

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादिनी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त मूल वाद दायर किया है जो इस न्यायालय में लंबित है जिसमें आपको नजारत एवं निबंधित डाक द्वारा सम्मन निर्गत कर भेजा गया है। इसके बावजूद भी आप उक्त वाद में उपस्थित नहीं हुये।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 12.5.2026 को सुबह 7:30 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा आपके अनुपस्थिति में प्रस्तुत वाद की कार्यवाही एक पक्षीय कर दिया जाएगा। इसे सख्त ताकीद जाने।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से दिनांक 27.4.2026 को निर्गत

**सिविल जज (सिनियर डिविजन), प्रथम, बोकारो**

संपादकीय

# जीवन कोई पहेली नहीं जिसे बैठकर सुलझाया जाए

यह प्रश्न जब हृदय में उठता है, तो केवल बुद्धि नहीं, आत्मा भी उत्तर खोजने लगती है। जीवन उन लोगों के लिए अनुपम वरदान है, जो हर क्षण को प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं, जो छोटे-छोटे पलों में भी आनन्द ढूँढ लेते हैं। परन्तु वही जीवन उन लोगों के लिए बोझ बन जाता है, जो हर घटना को तौलते हैं, हर रिश्ते को परखते हैं और हर परिस्थिति का अत्यधिक विश्लेषण करते रहते हैं।जीवन कोई पहेली नहीं, जिसे बैठकर सुलझाया जाए। जीवन तो एक अनुभूति है जिसे केवल जिया जा सकता है, महसूस किया जा सकता है। इसे शब्दों में बाँधने का प्रयास अवश्य किया जा सकता है, पर इसकी सम्पूर्णता को शब्द कभी व्यक्त नहीं कर सकते। जीवन एक रहस्य है और यह रहस्य धीरे-धीरे खुलता है, तब जब मनुष्य संघर्षों को स्वीकार करता है। जीवन प्रश्न नहीं, एक अभियान है।जीवन सवाल नहीं, एक चुनौती है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रखता है, जो आँधियों में भी दीपक की तरह जलता रहता है, जो टूटकर भी बिखरता नहीं बल्कि स्वयं को फिर से सँजो लेता है , वही जीवन के वास्तविक अर्थ को समझ पाता है।कई लोग जीवन को समझने के लिए प्रबंधन की पुस्तकों का सहारा लेते हैं, ज्ञानीजनों के चरणों में बैठते हैं। वहाँ से उन्हें सांत्वना मिलती है हृदय को क्षणिक शांति मिलती है। किन्तु सांत्वना और समाधान में बहुत अंतर होता है। सांत्वना आँसुओं को पोंछ देती है, पर समाधान उन आँसुओं का कारण मिटा देता है। और जीवन का सच्चा मार्ग समाधान से ही प्रशस्त होता है।

जीवन का सबसे सूक्ष्म और प्रभावशाली तत्व है संगति। मनुष्य जैसा देखता है, जैसा सुनता है, जैसा वातावरण उसे घेरता है ,वैसा ही वह बनने लगता है। हम जिन लोगों के साथ समय बिताते हैं, जिनके साथ अपने सुख-दुःख बाँटते हैं, उनके विचार अनजाने ही हमारे भीतर घर बना लेते हैं। यही विचार हमारे कर्म बनकर हमारे जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं।

विचार ही जीवन की धुरी है यदि वे प्रेम, करुणा, सकारात्मकता और विकास से जुड़े हों, तो वे हमें ऊँचाइयों तक पहुँचा देते हैं। किन्तु यदि वही विचार ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और नकारात्मकता से जुड़ जाएँ, तो मनुष्य का पतन निश्चित है। संगति से उपजे यही विचार जीवन के रहस्य की कुंजी हैं। जीवन सरल नहीं है।बिना संघर्ष के कोई महान नहीं बनता। पत्थर जब तक हथौड़े और छेनी के आघात नहीं सहता, तब तक वह पूजनीय प्रतिमा नहीं बनता। उसी प्रकार मनुष्य भी कठिनाइयों की अग्नि में तपकर ही कुन्दन बनता है। दुःख हमें तोड़ने नहीं आते, वे हमें गढ़ने आते हैं। जीवन हर दिन हमें कुछ सिखाता है कभी मुस्कुराकर, कभी रुलाकर।जो विनम्रता से सीख लेता है, वही आगे बढ़ता है। जो झुकना जानता है, उसी में जीवन की सच्ची शक्ति होती है। अकड़ और अहंकार तो निर्जीवता के प्रतीक हैं; जीवन तो प्रवाह है, लचीलापन है, समर्पण है अतः जीवन को केवल जीना नहीं, उसे महसूस करना चाहिए।*हर सुबह को एक नयी आशा की तरह, हर संघर्ष को एक अवसर की तरह और हर सम्बन्ध को ईश्वर के वरदान की तरह स्वीकार करना चाहिए। जीवन तब सुंदर बनता है, जब हम उसे शिकायत नहीं, कृतज्ञता के साथ जीते हैं।जब हम परिस्थितियों को दोष नहीं देते, बल्कि स्वयं को सशक्त बनाते हैं।आइए, जीवन को जिंदादिली, श्रद्धा और संवेदनशीलता के साथ जियें क्योंकि जीवन क्षणभंगुर अवश्य है, पर उसकी अनुभूति अमर है।

# एक दिल,दो घर

**रायपुर के छोटापारा मोहल्ले की गलियों भले ही संकरी थी मगर यहाँ रहने वाले लोगों के दिल अक्सर खुले रहते थे। इसी मोहल्ले में आमने-सामने दो मकान थे। एक मैं रहते थे आनंद तिवारी और दूसरे में रमजान अली। दोनों की दोस्ती पूरे मोहल्ले में मिसाल मानी जाती थी। दोनों के धर्म अलग थे,पर रिश्ते में कोई दूरी नहीं थी। सुबह की चाय कभी रमजान अली के घर होती तो शाम की गपशप आनंद तिवारी के बरामदे में। ईद पर रमजान अली के घर से कटोरा भर सेवइयां आनंद तिवारी के घर पहुँच जाता, और होली पर तिवारी जी की पत्नी अपने हाथ की गुजिया रमजान के बच्चों के लिए भेजना नहीं भूलती। मगर इस दोस्ती के बीच एक अजीब विडंबना थी। दोनों के बच्चे एक-दूसरे से अक्सर उलझ पड़ते थे। धर्म और रीति-रिवाजों को लेकर उनकी छोटी-छोटी तकरारें कई बार बड़े झगड़े में बदल जाती थी। रमजान अली का बेटा जावेद और आनंद तिवारी का बेटा समीर छोटी-छोटी बातों पर भिड़ जाते।**

तुम लोग काफ़िर हो हमारे त्योहारों में मत आया करो।

जावेद ताने देता।

समीर भी पीछे नहीं रहता तो तुम लोग हमारी होली में क्यों नहीं आते?

एक दिन मोहल्ले की नाली से बहकर मुर्गे की हड्डी आनंद तिवारी के घर के सामने आकर अटक गई। यह देखते ही समीर तिवारी भड़क उठा।

ये जानबूझकर किया है। वह चिल्लाया।

उधर से जावेद भी आ गया।

हमने कुछ नहीं किया, उसने जवाब दिया।

समीर ने गुस्से में कहा कूड़ेदान में फेंक सकते थे, मगर नाली में फेंका ताकि हमारे घर के सामने आए। जानबूझकर किया है।

बात बढ़ते. बढ़ते दोनों में धक्का मुक्की तक पहुंच गई। मौहल्ले वालों को बीच बचाव करना पड़ा। दोनों घरों के बड़े लोग यह सब देखकर सिर हिलाते रहते। मोहल्ले के लोग कई बार इन बच्चों की लड़ाई से परेशान हो जाते।

एक दिन चाय पीते हुए आनंद तिवारी ने कहा समक्षा में नहीं आता रमजान, हमने तो कभी धर्म को दीवार नहीं बनने दिया।

रमजान अली ने मुस्कुराते हुए कहा समय बदल गया है दोस्त, अब लोग पहले धर्म देखते हैं, इंसान बाद में। समय लगेगा दोस्त, एक दिन इन्हें भी समझ आएगा।

रमजान अली और आनंद तिवारी की दोस्ती इतनी गहरी कैसे बनी यह बाल मोहल्ले में बहुत कम लोग जानते थे। क्यों कि यह कहानी कई साल पुरानी थी।

कई साल पहले की बात है रात का समय था। छोटापारा की उस रात में अचानक आग उत्तर आई थी। मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई थी। दुकानें बंद हो गई थी, गलियों में डर का माहौल था। गलियों में भागते लोगों की आवाजें, दूर जलते टायरों का धुआँ और बंद दरवाजों के पीछे सहमी साँसें सब कुछ एक साथ थर्रा रहा था। अफरा- तफरी मच गई थी। हवा में डर और अफवाहें तैर रही थीं। दंगा हो गया दंगा हो गया। किसी ने चिल्लाकर कहा। छोटापारा का माहौल एकदम बदल गया। जो मोहल्ला शाम तक हँसी-मजाक से भरा रहता था, अब वहाँ सन्नाटा था। और उसी भयभीत रात में एक घर के भीतर एक और संघर्ष शुरू हो चुका था, ज़िंदगी और मौत के बीच। रमजान अली के घर से दर्द भरी कराह सुनाई दे रही थी। फरीदा की प्रसव पीड़ा बढ़ती जा रही थी और बाहर पूरा मोहल्ला आग और अफवाहों से घिरा हुआ था।

रमजान अली के घर के अंदर घबराहट मची हुई थी। उनकी पत्नी फरीदा दर्द से कराहते हुए कहा, रमजान लगता है समय आ गया है।

रमजान अली घबरा गए। फरीदा गर्भवती थी और उसे अस्पताल ले जाना जरूरी था। लेकिन बाहर दंगे की वजह से कोई वाहन नहीं मिल रहा था। रमजान अली दरवाज़े पर खड़े होकर परेशान नज़र से सड़क की ओर देख रहे थे। तभी गली में एक टैक्सी की हेडलाइट दिखाई दी। टैक्सी आकर उनके घर के सामने रुकी। ड्राइवर सीट से आनंद तिवारी उतरे।

उतरते ही उन्होंने पूछा,क्या हुआ रमजान इतनी घबराहट क्यों है?

रमजान अली ने कहा फरीदा को दर्द शुरू हो गया है, मगर बाहर हालात देख रहे हो। आनंद तिवारी ने बिना एक पल गंवाए कहा, चलो, जल्दी भाभी को लेकर आओ।

रमजान अली चौंक गए।

अरे बाहर दंगा है।

आनंद तिवारी ने मुस्कुराकर कहा रमजान भाई, दंगे मजहब के नाम पर होते हैं, मगर बच्चे हमेशा इंसानियत के घर में ही जन्म लेते हैं। दंगा इंसानों ने किया है, इंसानियत ने नहीं।

कुछ ही मिनट में फरीदा को टैक्सी में बैठाया गया। टैक्सी सुनसान सड़कों से होते हुए अस्पताल की ओर दौड़ पड़ी। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने तुरंत फरीदा को ऑपरेशन थिएटर में ले लिया।

कुछ देर बाद डॉक्टर बाहर आए।

मरीज का बहुत खून बह गया है, तुरंत ब्लड चाहिए।

रमजान अली के चेहरे का रंग उड़ गया। तभी पीछे से आनंद तिवारी की आवाज़ आई, डॉक्टर साहब मेरा ब्लड टेस्ट कर लीजिए।

रमजान अली ने उन्हें देखा। आनंद तिवारी ने हल्की मुस्कान के साथ कहा, भाई जान, अगर मेरा खून फरीदा भाभी को लग सकता है तो ले लीजिए, यह मत सोचिए कि यह किसी हिंदू का खून है। खून का रंग पूछकर नसें नहीं चलती रमजान भाई यह बस दिल से दिल तक रास्ता बना लेता है।

रमजान अली कुछ क्षण तक उन्हें देखते रहे। फिर मन ही मन सोचा में इसे हिंदू समझता था यह तो इंसानियत से भी ऊँचा निकला।

कुछ देर बाद आनंद तिवारी का खून फरीदा को चढ़ाया गया। और उसी रात फरीदा ने एक बेटे को जन्म दिया। रमजान अली ने बच्चे को गोद में लेकर कहा, इसका नाम जावेद होगा।

उस रात के बाद शाम ढलते ही छोटापारा की गली में एक छोटा सा दृश्य रोज बनता था। आनंद तिवारी और रमजान अली दरवाजे पर चारपाई डालकर बैठते और चाय के दो कपों के साथ दिनभर की बात करते। मोहल्ले वाले मजाक में कहते इन दोनों की दोस्ती चाय से भी ज्यादा गरम है।

धीरे-धीरे रमजान अली और आनंद तिवारी के बीच एक ऐसा रिश्ता बन गया था जो खून से भी गहरा था। साल गुजरते गए। दोनों परिवार पड़ोसी की तरह नहीं,रिश्तेदारों की तरह रहने लगे। लेकिन अजीब बात यह थी कि उनकी दोस्ती जितनी गहरी थी, उनके बच्चों की नोक-झोंक उतनी ही ज्यादा थी।

कुछ दिनों बाद रमजान अली अस्पताल गए और अंगदान का फॉर्म भर आए। दिल,किडनी, लीवर और आँखै सब दान करने की सहमति दे दी। घर में सबने विरोध किया। लेकिन रमजान अली हँसकर बोले मरने के बाद शरीर तो मिट्टी हो जाता है, अगर किसी की जिंदगी बच जाए तो क्या बुरा है?

उस शाम उन्होंने मजाक में आनंद तिवारी से कहा, अगर कभी तुझे दिल की जरूरत पड़े तो मेरा दिल ले लेना।

दोनों दोस्त देर तक हँसते रहे। उन्हें क्या पता था कि एक दिन यही मजाक सच बन जाएगा। कुछ समय बाद एक सड़क दुर्घटना में रमजान अली की मौत हो गई। पूरा मोहल्ला शोक में डूब गया। आनंद तिवारी जैसे अंदर से टूट गए थे। लेकिन नियति ने अभी एक और मोड़ तैयार कर रखा था। कुछ ही दिनों बाद आनंद तिवारी को दिल का गंभीर दौरा पड़ा।

डॉक्टरों ने कहा इनकी जान बचाने के लिए हार्ट ट्रांसप्लांट करना पड़ेगा।

जब डोनर की सूची देखी गई तो एक नाम सामने आया रमजान अली।

यह सुनकर आनंद तिवारी की आँखें भर आई। उन्हें अपने दोस्त की वह हँसी मजाक वाली बात याद आ गई अगर कभी तुझे दिल की जरूरत पड़ी तो मेरा दिल ले लेना। लेकिन असली मुश्किल अभी बाकी थी। रमजान अली के बेटे जावेद ने साफ़ मना कर दिया।

मैं नहीं चाहता कि मेरे अब्बा का दिल आनंद तिवारी को दिया जाए।

डॉक्टरों ने समझाने की कोशिश की। तुम्हारे पिता ने स्वयं अंगदान की सहमति दी थी।

जावेद ने कठोर स्वर में कहा जो भी हो, मैं यह नहीं होने दूंगा।

यह खबर मोहल्ले में आग की तरह फैल गई। कुछ लोग जावेद का समर्थन कर रहे थे ठीक कर रहा है. अपने बाप का दिल किसी हिन्दू को क्यों दे? कोई रिश्तेदार होता या फिर अपनी बिरादरी का होता अथवा जान पहचान का तो बात कुछ और थी।

कुछ लोग कह रहे थे,अरे यह तो उनके आखिर पिता की आखिर इच्छा थी।

तनाव बढ़ता जा रहा था। उधर अस्पताल में आनंद तिवारी की हालत बिगड़ती जा रही थी ।एक दिन समीर तिवारी गुस्से में जावेद के घर पहुंच गया।

तुम ऐसा क्यों कर रहे हो? उसने ऊँची आवाज़ में कहा।

जावेद भी भड़क गया।

क्यों कर रहा है? क्योंकि मैं नहीं चाहता कि मेरे अब्बा का दिल तुम्हारे घर में धड़के...

समीर ने कहा तुम्हें तो गर्व होना चाहिए।

जावेद की आँखें लाल हो गई। गर्व? तुम्हें पता है, मेरे अब्बा को कबाब कितना पसंद समीर चुप रहा।

जावेद आगे बोला और तुम लोग क्या खिलाओगे? खिचड़ी। वो भी ईद के दिन।

उसकी आवाज़ भरी गई।

उनका दिल यही कहेगा, मुझे किस शरीर में लगा दिया मेरी सारी ख्वाहिशों का जनाज़ा निकाल दिया।

यह सुनकर वहाँ खड़े सभी लोग चुप हो गए। तभी आनंद तिवारी की बेटी नेहा आगे आई ।उसने शांत स्वर में कहा जावेद भाई आप एक बात क्यों नहीं सोचते?

सबकी नजरें उसकी ओर उठ गई।

नेहा ने कहा, आपके अब्बा का दिल किसी हिन्दू के सीने में नहीं लगेगा।

वह थोड़ी देर रुकी।

बल्कि एक हिन्दुस्तानी के सीने में लगेगा।

कमरे में सन्नाटा छा गया नेहा की आवाज़ फिर गूँजी, क्या आप हिन्दुस्तानी नहीं हैं..?

तभी फरीदा धीरे से बोली, जावेद तुम्हें एक बात बतानी है।

फिर उन्होंने दंगे वाली रात की पूरी कहानी सुनाई। कैसे आनंद तिवारी उन्हें अस्पताल ले गए थे और कैसे उन्होंने अपना खून देकर उनकी जान बचाई थी। फिर उन्होंने कहा, अगर आनंद तिवारी उस दिन मुझे खून नहीं देते, तो शायद में भी नहीं बचती, और तुम भी इस दुनिया में नहीं होते।

जावेद की आँखों से आँसू बहने लगे। उसे पहली बार अपने अब्बा और आनंद तिवारी की दोस्ती का असली राज समझ आया। उसे अपने अब्बा की बातें याद आने लगी इंसानियत सबसे बड़ा मजहब है।

कुछ देर बाद उसने धीमी आवाज़ में कहा, अगर मेरे अब्बा का दिल किसी को जिंदगी दे सकता है तो उसे रोकने वाला में कौन होता हूँ..?

डॉक्टरों को तुरंत खबर दी गई। ऑपरेशन की तैयारी शुरू हो गई। कई घंटे चले उस कठिन ऑपरेशन के बाद आखिरकार डॉक्टर बाहर आ कर कहा,ऑपरेशन सफल रहा।

कुछ दिनों बाद आनंद तिवारी अस्पताल से बाहर आए। जावेद उनके सामने खड़ा था। दोनों एक-दूसरे को देखते रहे। फिर आनंद तिवारी ने जावेद को गले लगा लिया। उनकी आँखों में आँसू थे। धीरे से बोले तुम्हारे अब्बा जब भी शाम को आते थे, कहते थे, चलो आनंद, एक कप चाय हो जाए। अब लगता है, मेरे सीने में धड़कता यह दिल हर शाम वही बात दोहरा रहा है। रमजान फिर से मेरे साथ बैठकर चाय पीना चाहता है। जावेद मुस्कुरा पड़ा।

उस दिन दोनों धर्मों की बहसें खत्म हो गई, क्योंकि एक दिल दो घरों के बीच धड़क रहा था। छोटापारा मोहल्ले ने एक सच्चाई फिर से समझी, धर्म अलग हो सकते हैं, रिवाज अलग हो सकते हैं,लेकिन दिल की धड़कन सिर्फ एक भाषा समझती है, इंसानियत की। और सच यही है, आखिर दिल है हिन्दुस्तानी।

अध्यात्म

## अकेलापन मानसिक और भावनात्मक रूप से नुकसान पहुंचा सकता है

पुराने समय में एक गुरुकुल में कई शिष्य एक साथ रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। वह आश्रम बहुत बड़ा था और वहां शिष्यों को अनुशासन के साथ-साथ आपसी सहयोग की भावना भी सिखाई जाती थी। सभी शिष्यों के रहने के लिए अलग-अलग छोटी-छोटी कुटिया थीं, दिनभर वे एक साथ अध्ययन, सेवा और कार्यों में लगे रहते थे और रात में अपनी-अपनी कुटिया में आराम करते थे। उसी गुरुकुल में एक शिष्य था, जो स्वभाव से बहुत सहयोगी और मिलनसार था। वह हमेशा दूसरों की मदद करता, हर काम में आगे रहता और सभी के साथ मिलकर काम करता था। उसकी इसी आदत के कारण सभी शिष्य उसे पसंद करते थे, लेकिन कुछ समय बाद अचानक उसके व्यवहार में बदलाव आने लगा। वह धीरे-धीरे अकेले रहने लगा। पहले जो शिष्य हर समय दूसरों के साथ रहता था, अब वह अपनी कुटिया में ही सीमित रहने लगा। न वह पहले की तरह किसी से बातचीत करता, न ही किसी काम में शामिल होता। यह बदलाव देखकर बाकी शिष्य चिंतित हो गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि आखिर उसके साथ ऐसा क्या हुआ है। सभी ने मिलकर यह बात अपने गुरु को बताई। गुरु बहुत विद्वान थे। उन्होंने कुछ नहीं कहा। उन दिनों ठंड का समय था, एक ठंडी शाम को गुरु उस शिष्य की कुटिया की ओर चल दिए। मौसम ठंडा था और हवा भी चल रही थी। शिष्य ने अपनी कुटिया में कुछ लकड़ियां जलाकर आग जलाई हुई थी और उसी के पास बैठा था। जब गुरु वहां पहुंचे, तो शिष्य ने विनम्रता से उनका अभिवादन किया, लेकिन वह पहले की तरह उत्साहित नहीं था। गुरु भी चुपचाप उसके पास बैठ गए। काफी देर तक दोनों मौन रहे। फिर गुरु ने धीरे से आग में से एक जलती हुई लकड़ी उठाई और उसे आग से अलग रख दिया। शिष्य यह सब ध्यान से देख रहा था। थोड़ी ही देर में वह लकड़ी धीमी पड़ गई और बुझ गई। इसके बाद गुरु ने वही बुझी हुई लकड़ी फिर से आग के बीच रख दी। कुछ ही समय में वह लकड़ी फिर से जलने लगी। अब गुरु बिना कुछ कहे वहाँ से उठे और बाहर जाने लगे। शिष्य ने तुरंत समझ लिया कि गुरु क्या समझाना चाहते थे। उसने गुरु के चरण छुए और कहा, 'गुरुदेव, मैं समझ गया। अकेलापन इंसान को बुझी हुई लकड़ी की तरह बना देता है और अच्छे लोगों संगति उसे फिर से प्रज्वलित कर देती है।' उस दिन के बाद वह शिष्य फिर से सभी के साथ रहने लगा और पहले की तरह सक्रिय हो गया।

# बार-बार दिशा बदलने से दुर्दशा को प्राप्त हुई 'डकैत'

**फिल्म की कहानी हरिदास (अदिवी शेष) की है, जो तेरह साल जेल में बिताने के बाद बाहर निकलने वाला है। उसके दिमाग में बस एक ही विचार है कि जैसे भी हो पैसे जुटाऊँ और विदेश में बस जाऊँ। लेकिन, उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा और अधूरा अध्याय जूलियट (मृणाल ठाकुर) का भी तो है जिसे वह अपने जेल जाने की वजह मानता है। जब दोनों वर्षों बाद आमने-सामने आते हैं, तो मामला सिर्फ प्यार का नहीं रहता। यहा जरूरत, गुस्सा और मजबूरी तीनों साथ खड़े नजर आते हैं। कहानी में लॉकडाउन का बैकड्रॉप भी है, जहां अस्पतालों में अफरा-तफरी का माहौल है। इसी दौरान हरिदास को पता चलता है कि एक अस्पताल के अन्दर भारी मात्रा में काला पैसा घूम रहा है, जिसे अस्पताल का मालिक (प्रकाश राज) सम्भाल रहा है। इधर जूलियट अपने किसी करीबी के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये जुटाने में लगी है और हरिदास इस मौके को एक प्लान में बदल देता है।**

कहानी में कई मौके आते हैं जहाँ यह बहुत सलीके की फिल्म बन सकती थी, लेकिन फिल्म बार-बार दिशा बदलती है और इससे उसकाअसर कमजोर हो जाता है। फिल्म का जेनर चाहे जो हो सनी देओल का फिल्म के नाम से जुड़ा संदीदा जॉयण्डर ( विशेषण ) है - प्रेम कथा । विभाजन की त्रासदी पर जब गदर बनी तो फिल्म का नाम लिखा गया गदर - एक प्रेमकथा , भारत- पाकिस्तान की पृष्ठभूमि में एक जासूसी फिल्म बनी - - द हीरो उसके साथ भी जोड़ा गया - ए लव स्टोरी ऑफ स्पॉय । इसी तर्ज पर इस माह दस तारीख को प्रदर्शित फिल्म - डकैत को लिखा गया - डकैत -एक प्रेमकथा । जातिवाद का उलझाव , जेल से फरारी , पुराना प्यार, एक करोड़ की डकैती और ढेर सारे जोड़- तोड़ इस सबको समेट कर जो जमावट -

डकैत -एक प्रेमकथा में की गई है वो ऊपरी तौर पर जितनी मनभावन लगती है उतनी ही उलझाव से भरी भी है । फिल्म के निर्माता की नीयत तो अच्छी है, लेकिन उसे फिल्माने में एकाधिक चूक ने सब कुछ गड़बड़ा दिया । फिल्म की शुरुआत आपको बाँधती है, लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, उस पर पकड़ ढीली पड़ती जाती है और दर्शक सोचने लगता है कि आखिर फिल्म का मंतव्य क्या है ?

फिल्म की कहानी हरिदास (अदिवी शेष) की है, जो तेरह साल जेल में बिताने के बाद बाहर निकलने वाला है। उसके दिमाग में बस एक ही विचार है कि जैसे भी हो पैसे जुटाऊँ और विदेश मैं बस जाऊँ । लेकिन, उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा और अधूरा अध्याय जूलियट (मृणाल ठाकुर) का भी तो है जिसे वह अपने जेल जाने की वजह




मानता है। जब दोनों वर्षों बाद आमने-सामने आते हैं, तो मामला सिर्फ प्यार का नहीं रहता। यहा जरूरत, गुस्सा और मजबूरी तीनों साथ खड़े नजर आते हैं। कहानी में लॉकडाउन का बैकड्रॉप भी है, जहां अस्पतालों में अफरा-तफरी का माहौल है। इसी दौरान हरिदास को पता चलता है कि एक अस्पताल के अन्दर भारी मात्रा में काला पैसा घूम रहा है, जिसे अस्पताल का मालिक (प्रकाश राज) सम्भाल रहा है। इधर जूलियट अपने किसी करीबी के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये जुटाने में लगी है और हरिदास इस मौके को एक प्लान में बदल देता है। कहानी में कई मौके आते हैं जहाँ यह बहुत सलीके की फिल्म बन सकती थी, लेकिन फिल्म बार-बार दिशा बदलती है और इससे उसकाअसर कमजोर हो जाता है।

अभिनय का जहाँ तक सवाल है जुलियट की भूमिका में मृणाल ठाकुर इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनका चरित्र सिर्फ रोने या मजबूरी दिखाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उस चरित्र चित्रण में एक मज़बूती है । जुलियट ही चरम पर इस फिल्म को सम्भाल लेती है ।अदिवी शेष की भूमिका भी प्रभावशाली है ।उन्होंने एंग्री मैन वाला अंदाज अच्छे से निभाया है ।

लेकिन बीच में उनके अभिनय के झोल खान जाने से उनका दर्शकों से जुडाव टूट जाता है ।अनुराग कश्यप स्क्रीन पर आते ही ध्यान खींचते हैं। भले ही भूमिका छोटी हो। अतुल कुलकर्णी अपने अनुभव से चरित्र में वजन लाते हैं। प्रकाश राज एक भ्रष्ट अस्पताल मालिक की भूमिका में दिखते हैं, लेकिन उनका ट्रैक और ज्यादा मजबूत हो सकता था।

निर्देशक शनील देव अपनी सोच को परदे पर उतारने में बड़े ऊहापोह में नज़र आये । फिल्म कभी एक्शन थ्रिलर लगती है, कभी इमोशनल ड्रामा और कभी लव स्टोरी, लेकिन इनमें से कोई भी ट्रैक पूरी मजबूती से नहीं उभर पाता है । इस वजह से फिल्म की पहचान साफ नहीं बनती। पटकथा ने फिल्म को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। पहला हाफ धीमा है और कई सीन बिना असर के गुजर जाते हैं। दूसरे हाफ में खासकर आखिरी तीस मिनट में फिल्म थोड़ी पकड़ बनाती है और यहाँ कुछ सीन सच में अच्छे लगते हैं।

लेकिन पूरी फिल्म को संभालने के लिए यह काफी नहीं है।फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक काफी अच्छा है और कई दृश्यों को बेहतर बना देता है। सिनेमैटोग्राफी फिल्म को एक अच्छा सहारा देती है। गाने ठीक हैं, लेकिन थिएटर से बाहर निकलते ही याद नहीं रहते।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन सफलता और प्रगति का संकेत लेकर आया है। चन्द्रमा तुला में और सूर्य मीन में होने से छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा। करियर में आ रही बाधाओं को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**वृषभ**
आज कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और उन्नति के संकेत दे रहा है। नौकरी में सकारात्मक माहौल रहेगा, लेकिन उच्च अधिकारियों से विवाद की संभावना है, इसलिए वाणी और क्रोध पर संयम आवश्यक है।

**मिथुन**
आज का दिन विशेष रूप से आईटी और बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए लाभकारी रहेगा। चन्द्रमा का पंचम भाव में गोचर छात्रों को सफलता दिलाएगा।

**कर्क**
आज का दिन पारिवारिक और धार्मिक गतिविधियों से जुड़ा रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा की संभावना है। व्यवसाय में अभी धैर्य रखने की आवश्यकता है, सफलता थोड़ी देर से मिलेगी।

**सिंह**
आज का दिन थोड़ी चुनौतियां ला सकता है, लेकिन चन्द्रमा का तृतीय गोचर प्रयासों में सफलता दिलाएगा। नए व्यवसायिक प्रोजेक्ट में सफलता मिलेगी और अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या**
आज दिन अत्यंत शुभ है। सूर्य और शनि का सप्तम गोचर व्यापार में सफलता दिलाएगा। चन्द्रमा का द्वितीय और गुरु का दशम भाव में होना आर्थिक और पारिवारिक सुख प्रदान करेगा।

**तुला**
आज तुला जातकों के लिए चन्द्रमा का स्वयं की राशि में गोचर मानसिक संतुलन और आकर्षण बढ़ाएगा। आईटी, बैंकिंग और मीडिया क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज चन्द्रमा का द्वादश गोचर कुछ मानसिक तनाव ला सकता है, लेकिन शुक्र और मंगल रियल एस्टेट में लाभ देंगे। परिवार में चल रहे विवादों का समाधान मिलेगा।

**धनु**
आज सूर्य और शनि का चतुर्थ भाव में होना पारिवारिक सुख और स्थिरता प्रदान करेगा। गुरु और चन्द्रमा का शुभ गोचर नौकरी और करियर में सफलता देगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और प्रेम जीवन आनंदमय रहेगा।

**मकर**
आज चन्द्रमा का कर्म भाव में गोचर कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाएगा। शनि का सहयोग मिलने से प्रदर्शन बेहतर होगा। व्यापार में लाभ होगा और प्रेम जीवन में सकारात्मक दिशा मिलेगी।

**कुंभ**
आज चन्द्रमा का भाग्य भाव में होना प्रगति के संकेत दे रहा है। छात्र अपने करियर में सफलता से प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा और व्यवसाय में सुधार आएगा।

**मीन**
आज सूर्य और शनि का गोचर आत्मबल को बढ़ाएगा, लेकिन चन्द्रमा का अष्टम भाव में होना स्वास्थ्य के प्रति सावधानी की आवश्यकता दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस पर जानलेवा हमले मामले में फरार एक आरोपी गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा पुलिस ने तेलियन पर गांव में एक घर में घुसकर जानलेवा हमला करना, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करना और हत्या का प्रयास मामले में फरार आरोपी नामजद अभियुक्त रिपु कुमार पिता पिंकू बिंद तेलियन पर गांव से गिरफ्तार किया है। दरअसल घटना बीते 31. 3 2026 को देर शाम की हुई थी जहां इस घटना के वादी रमेश बिंद पिता विजेंद्र बिंद ने केवड़ा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कुल 11 लोगों पर नामजद आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। जिसमें लिखा था कि 31 3.26 को बेदमिया देवी की बेटी सुनीता कुमारी भाग गई थी, इसी को लेकर वह पहले पवन कुमार के साथ मारपीट की उसके बाद फिर दूसरे दिन हमारे घर पर आई और हरवे हथियार लोहे के रॉड लाठी डंडे से हमारे घर के सभी परिवार के लोगों को मारपीट करना शुरू कर दिया, मेरे घर के सारे सामान को क्षतिग्रस्त कर दिए हैं इस दौरान हमारे घर के महिलाओं से भी दुर्व्यवहार मारपीट कर कपड़े फाडते हुए मंगलसूत्र 10 हजार रुपये, घर की कागजात सब कुछ तहस-नस करते हुए लेकर भाग गए थे इसी मामले में कुल 11 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इसी आलोक में फरार आरोपी रिपु कुमार की गिरफ्तारी की गई है।

### 19 मई से गांव में ही होगा समस्याओं का समाधान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम नागरिकों की शिकायतों के सुलभ प्राप्ति एवं उनके प्रभावी तथा त्वरित निवारण के उद्देश्य से मसौढी अंतर्गत पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' का आयोजन आगामी 19 मई को किया जाना है। जिसको लेकर मसौढ़ी प्रखंड प्रशासन के द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही है।मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया की आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होंगे। इस क्रम में चयनित पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मसौढी प्रखण्ड के नुरा,भैसवां और रेवां,निशियावां,देवरिया, समेत सभी अन्य पंचायत शामिल हैं।उक्त शिविरों में आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का स्थल पर पंजीकरण किया जाएगा तथा यथासंभव त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु 30 दिनों के अंदर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में आमजनों की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए हैं। बीडीओ ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें तथा सरकार संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करें। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही है।

### विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवसः प्रेस की आजादी के महत्व और पत्रकारों की सुरक्षा पर हुई चर्चा

■ मसौढ़ी में अनुमंडलीय श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की संगोष्ठी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर साल 3 मई को ह्यविश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवसह्ल मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की थी। यह दिन 1991 में यूनेस्को के 26वें महासभा सम्मेलन में पारित सिफारिश के बाद अस्तित्व में आया। इसका मकसद प्रेस की आजादी के महत्व को याद दिलाना, पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन पत्रकारों को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने खबर के लिए जान गंवाई। 1991 में अफ्रीका के पत्रकारों ने 'विंडहोक घोषणा' में कहा था कि स्वतंत्र, बहुलवादी और निष्पक्ष प्रेस ही लोकतंत्र को जिंदा रख सकती है। उसी के आधार पर 3 मई को यह दिवस घोषित हुआ। बहरहाल रविवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर मसौढी अनुमंडलीय पत्रकार यूनियन के बैनर तले संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह एवं राजेश कुमार, महासचिव अरुण कुमार, सचिव शशि तुलस्यान, संयुक्त सचिव अरविंद कुमार एवं अजय कुमार, संगठन सचिव ललित नारायण कोषाध्यक्ष अजय कुमार बबलू एवं सह कोषाध्यक्ष मो. शाहनवाज अहमद शामिल रहे। यूनियन के अध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि आज डिजिटल युग में पत्रकारों के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं। एक तरफ फेक न्यूज, दूसरी तरफ दबाव। फिर भी हमें सच्चाई के साथ खड़ा रहना होगा। इस दौरान दिवंगत पत्रकारों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### बैग चोरी मामले में जीआरपी पुलिस ने एक महिला को पकड़ा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगर आप पटना गया रेल खंड में यात्रा कर रहे हैं तो सावधान रहें, दरअसल इन दिनों बैग चोरी की घटनाएं एक बार फिर से शुरू हो गई है। रविवार को गया पटना सवारी गाड़ी में तकरीबन तीन बजे के आसपास एक महिला यात्री के ट्रेन से उतरने के दौरान बैग चोरी हो गया था, जिसको लेकर प्रीति कुमारी पति शैलेश कुमार सेवई कादरीगंज के निवासी ने जीआरपी तारेगना थाने में आज्ञात के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया था, प्राथमिकी दर्ज कर जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार की तत्परता में जांच पड़ताल की गई जहां मौके से ही चोरी की गई बैग के साथ चुराने वाली एक महिला गीता देवी उर्फ सीमा देवी पति सिकंदर प्रसाद गोनपुरा कादिरगंज निवासी को रंगे हाथ दबोच लिया गया है। प्रीति कुमारी बेला से तारेगना गया पटना सवारी गाड़ी से आ रही थी तारेगना रेलवे स्टेशन पर उतरने के दरमियान वह फिसल कर गिर गई थी और उसके साथ ही बैग भी गिर गया था, इस दौरान मौजूद गीता देवी ने मौके का फायदा उठाते हुए बैग को लेकर वहां से रफू चक्कर हो गई थी, मानवीय तंत्र के आधार पर जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने चोरी की गई बैग और महिला को गिरफ्तार किया है।




### किसानों के साथ एसडीएम ने की महत्वपूर्ण बैठक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार की महत्वकांक्षी योजना, ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के तहत प्रस्तावित पाटलिपुत्र टाउनशिप को लेकर पुनपुन प्रखंड के किसान इस योजना का लगातार बिभिन्न माध्यमों से बिरोध कर रहे है. इधर नाराज किसानों को मनाने व योजना को लेकर ब्याप्त गलतफहमी को दूर करने का प्रयास स्थानीय प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है. गुरूवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ के कक्ष में एसडीओ अभिषेक कुमार ने प्रखंड के दर्जनों किसानों के साथ बैठक की और उनकी समस्या को सुनने के बाद हरसंभव इसके निदान के लिये अपनी ओर से उनकी समस्याओं को जिला के वरीय अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया. इधर इस संबंध में किसानों के तरफ से धीरेन्द्र कुमार उर्फ नीरज पटेल ने बताया कि किसान अपनी समस्या को बिन्दुवार लिखकर एसडीओ को दे दिये है. जिसमें प्रमुख है कि जमीन की खरीद बिक्री पर लगी रोक अविलंब हटाने व योजना के तहत किसानों की 55 प्रतिशत भागीदारी की जगह 75 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाये.

# बिहार का लक्ष्मण झूला पर्यटक स्थल के बजाय बन रहा है सुसाइड जोन

**पिछले 6 महीने में 10 महिलाओं ने लक्ष्मण झूला से कूद कर जान देने की कोशिश**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्तराखंड के ऋषिकेश के तर्ज पर बिहार का पहला सस्पेंशन ब्रिज पुनपुन में लक्ष्मण झूला बनाया गया था, जो लोगों के लिए काफी आकर्षक का केंद्र बिंदु रहा है, हर पर्व त्योहार पर यहां पर काफी संख्या में देखने के लिए लोगों की भीड़ उमडती हैं, लेकिन पिछले 6-7 महीने के अंतराल में यह लक्ष्मण झूला दार्शनिक स्थल के बजाय अब एक सुसाइड स्थल भी बनता जा रहा है। लगातार पुनपुन मसौढ़ी धनरूआ पटना आसपास के इलाकों से महिला एवं किशोरी पारिवारिक विवाद में अथवा तनाव में आकर लक्ष्मण झूला से कूद कर पुनपुन नदी में जान देने की कोशिश में लगी है। ऐसे में पुनपुन पुलिस की सक्रियता और स्थानीय लोगों की मदद से अब तक पिछले 6 महीना में 10 महिलाओं को जान देने के दौरान उसे बचाया गया है, पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पिछले 6-7 महीने में यह 10 घटनाएं घट चुकी है, जहां पर कहीं न कहीं किसी ने किसी इलाके से महिला या फिर कोई युवती अपने पारिवारिक तनाव में आकर पुनपुन के लक्ष्मण झूला से कूद कर नदी में जान देने की कोशिश की है, लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया है, बहरहाल ऐसा ही एक घटना फिर हुई है जहाँ रविवार को पटना के कंकड़बाग स्थित नवरत्नपुर के रहने वाले रजनी देवी पति राजीव कुमार भी लक्ष्मण झूला से कूद कर नदी में जान देने की कोशिश की थी, बताया जाता था कि पति से काफी लड़ाई झगड़ा हुआ है और पारिवारिक तनाव में आकर यहां आत्महत्या करने आई थी। जहां स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस सक्रियता दिखाते हुए उसे बचा लिया गया है। गौरतलब है की लक्ष्मण झूला जो लोग दार्शनिक स्थल के रूप में पटना से लेकर अन्य आसपास के इलाकों से घूमने आ रहे हैं लेकिन इस तरह के घटित घटनाओं से लोगों के मन में अब एक सुसाइड जोन भी चर्चा का विषय बनता जा रहा है। इस पर रोक लगाने को लेकर पुलिस अब 24 घंटा पुलिस भी सक्रिय हो चुकी है, ताकि लक्ष्मण झूला के ऊपर से लोग सुसाइड ना करें।

## नशेड़ी पति से तंग पत्नी ने दिया थाने में आवेदन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब पीकर पत्नी से लगातार मारपीट से आजीज होकर एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दरअसल पीड़ित प्रतिमा कुमारी पिता लालदेव साव टेहटा जहानाबाद ने अपने पति अमित कुमार पिता स्वर्गीय खेलावन साव लखिबाग अस्पताल रोड के खिलाफ मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित प्रतिमा कुमारी के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि हमारा पति अमित कुमार नशेड़ी है और लगातार नशे में धुत होकर घरेलू हिंसा करता है। बराबर तंग तबाह मारपीट किया करता है, 2005 में हमारी शादी हुई थी,दो बच्चे है।

# चोरी के तीन सीएनजी ऑटो के साथ एक गिरफ्तार, गैंग का खुलासा

**पुनपुन पुलिस को मिली सफलता**




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑटो चोरी करने वाला ऑटो चोर को तीन सीएनजी ऑटो के साथ पुलिस ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया है। दरअसल पिछले कई महीनो से ऑटो रिक्शा चालक और पुलिस के लिए सर दर्द बना हुआ ऑटो चोर गैंग को पुलिस ने रविवार को उसे रंगे हाथ दबोच लिया है, चोरी के ऑटो के साथ गिरफ्तार हुए चोर की निशानदेही पर दो और ऑटो को बरामद कर लिया गया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की सूचना मिली थी कि दानापुर से ऑटो चोरी कर उसे ठिकाने लगाने के लिए इधर ही आ रहा है, ऐसे में सूचना मिलते ही कई जगहों पर घेराबंदी करते हुए छापेमारी की जहां मनोरा गुमटी के पास में उसे रंगे हाथ खदेड कर पकड़ लिया गया है। गिरफ्तार चोर का नाम सुधीर कुमार पिता उमेश प्रसाद हबीपुर का रहने वाला है। गिरफ्तार चोर सुधीर कुमार की निशानदेही पर दो और चोरी की ऑटो की बरामद की गई है, जो लावारिस स्थिति में सिसवाचक और अलाउद्दीन चक के पास सुनसान रास्ते में लगाया हुआ था, थानाध्यक्ष ने बताया इस चोरी का ऑटो का पुनपुन थाना कांड संख्या 145/26,के अलावा फुलवारी थाना, नगर थाना जहानाबाद और मसौढ़ी में भी कांड दर्ज हैं,बहरहाल कई थानों के लिए यह सिर दर्द बना हुआ था, इसकी गहनतम से छानबीन की जा रही है कि ऑटो चोरी गैंग में और कौन-कौन लोग शामिल हैं कहां-कहां से यह कैसे ऑटो चोरी करता है। बताया जा रहा है की, जहां कहीं भी घर के बाहर ऑटो लगा हुआ रहता है उसे चोरी कर लेता है उसके बाद यह सस्ते दामों पर ऑटो चोरी कर बेचता भी है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

## हर्ष फायरिंग में बच्ची की मौत मामले में लड़की का पिता गिरफ्तार

**पांच को नामजद बनाया**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव में बीते 27 अप्रैल की सुबह हर्ष फायरिंग में 4 साल की बच्ची की हुई मौत मामले में नामजद आरोपी सच्चु प्रसाद उर्फ सच्चिदानंद पिता नक्कू प्रसाद को पुलिस ने उसके ससुराल से नालंदा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव से बीते रात्रि को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया यह बीते 27 अप्रैल को अशरफपुर गांव में हर्ष फायरिंग की घटना घटी थी, जहां एक 4 साल की बच्ची सोमी कुमारी पिता पिंटू कुमार के पेट में गोली लगने से मौत हो गई थी, इस मामले में मृतक के चाचा सिन्टु यादव पिता स्व अवधेश प्रसाद डोमन बिगहा ने पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसमें गोली चलाने वाला मुख्य अभियुक्त हिमांशु कुमार था जो सिंदूरदान के दौरान 5 -6 राउंड फायरिंग कर रहा था उस वक्त लड़की का भाई राहुल, नॉलेश, संतोष सभी लोग साथ में थे सभी लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है, दिए गए आवेदन के आलोक में सिंटू यादव ने लिखा था कि हमारी भाभी इंदु देवी अपनी बेटी सोमी कुमारी के साथ हमारे फुहेरे भाई सच्चू प्रसाद की बेटी कोसम की शादी में अशरफपुर गए थे जहां सुबह में सिंदूरदान के दौरान हिमांशु छत पर फायरिंग कर रहा था, उसी के बगल में सोई भी हमारी भतीजी के पेट में गोली लगी थी। बहरहाल पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी करने में जुटी है।

## सिगरेट का पैसा मांगने के विवाद में दुकानदार के साथ मारपीट

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को अथमलगोला थाने के जमालपुर भुट्टीबागी के रास्ते में जेनरल स्टोर का एक छोटा दुकान किए दुकानदार अरविन्द पासवान ( वार्ड सदस्य 45 साल) के साथ बगल के ही गांव के तीन युवकों ने सिगरेट नहीं देने के विवाद में मारपीट की।जिससे दुकानदार अरविन्द पासवान बुरी तरह से जख्मी हो गया।मारपीट करने के बाद सभी भाग गए। जख्मी हालत में ही दुकानदार स्थानीय थाने अथमलगोला पहुंच गया जहां से स्थानीय पुलिस ने उसका इलाज करजान स्थित सीएचसी में करवाया। डाक्टरों ने उसके स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच पटना रैफर कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने पटना में इलाज करवाकर रविवार को स्थानीय थाने में तीन नामजद युवकों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज करने का आवेदन दिया है। मिली जानकारी व दुकानदार के अनुसार शनिवार को जमालपुर ( भुट्टीबागी) निवासी अरविंद पासवान की दुकान में तीन युवक सिगरेट लेने के लिए पहुंचते हैं,जिसमें सभी युवकों के पास कुछ पैसा कम होता है,कम पैसे में दुकानदार सिगरेट देने से इनकार कर देता है,जिसके बाद सभी युवक आक्रोशित हो जाते हैं और दुकानदार से बहस करने लगते हैं,अंत में सभी युवक दुकानदार पर हावी हो जाते और मारपीट करने लगते हैं। मारपीट में दुकानदार का सर फट जाता है और वो घायल हो जाता है। घटना के संबंध में अथमलगोला थाने के अपर थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया की सिगरेट के विवाद में मारपीट कर एक व्यक्ति घायल हुआ है,पीड़ित द्वारा आवेदन दिया गया है। आवेदन में गुलशन कुमार सहित तीन को आरोपित किया गया है।

## स्मार्ट मीटर ऑपडेट के नाम पर 62 हजार की ठगी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के मनेर टोलापर मोहल्ले के रहने वाले एक सीआईएसएफ के जवान से बिजली के स्मार्ट मीटर अपडेट के नाम पर व्हाट्सएप कॉल कर झांसे देकर साइबर ठगने 62 हजार की ठगी कर ली। इसके अलावा साइबर ठग ने सीआईएसएफ के जवान के भाई से भी 6400 की ठगी ली। दोनों भाइयों ने मनेर थाना में पहुंचकर पुलिस से शिकायत कर गुहार लगाई है। बताया जाता है कि मनेर टोला पर मोहल्ले के रहने वाले सीआईएसएफ के जवान प्रदीप कुमार बिजली विभाग की ओर से स्मार्ट मीटर लगाया गया था। इस बीच प्रदीप के मोबाइल पर साइबर ठग ने व्हाट्सएप कॉल करते हुए कहा कि आपका स्मार्ट मीटर अपडेट करना है। इसके लिए पहले आपको ₹100 से रिचार्ज करना होगा। यूपीआई से सीआईएसएफ के जवान प्रदीप ने ₹100 के रिचार्ज करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया।

# मध्य विद्यालय में चला प्रवेशोत्सव अभियान, बच्चों में लगी नामांकन की होड़



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी विद्यालयों में नामांकन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को हिलसा के समीपवर्ती मध्य विद्यालय मई समेत कई विद्यालयों में प्रवेशोत्सव सघन अभियान चलाया गया . प्रधानाध्यापक कुमार पंकज के संयोजन में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों छात्र छात्राओं के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए . समारोह का विधिवत उद्घाटन समाजसेवी सह ज़िला आइकॉन डा. आशुतोष कुमार मानव ने किया . इस मौके पर खासकर नामांकन करवाने आए दर्जनों अभिभावकों से उन्होंने अपील किया कि बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ उनके अंदर अच्छे संस्कार का भी बीजारोपण करें ताकि वे आने वाले समय में देश का नाम रौशन कर सकें . डा. मानव , विकास कुमार , संतोष कुमार पार्थ आदि ने कहा कि प्रत्येक बालक बालिका को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रवेशोत्सव अभियान चल रहा है . आप लोग ऐसे बच्चों को रेखांकित करें जो अभी भी स्कूल नहीं जाते है . सभी को स्कूल से जोड़ना ही कार्यक्रम का लक्ष्य है . एचएम कुमार पंकज ने कहा कि जो बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ चुके है उन्हें भी प्रेरित करने की जरूरत है . इसी क्रम में वाद्य यंत्रों के माध्यम से विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जो काफी सराहा गया . मौके पर बच्चों द्वारा बनाई गई विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों का भी प्रदर्शन किया गया.

## दिवगंत राजद प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव के निधन पर गांधी मैदान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजद पार्टी के सक्रिय सिपाही बनकर काम करने वाले धनरूआ प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव का निधन बिते मंगलवार की देर शाम को हो गई है। इस घटना की सूचना के बाद न केवल राजद परिवार बल्कि मसौढ़ी धनरूआ समेत सभी जगह के शुभचिंतकों में शोक की लहर छा गई है। ऐसे में रविवार को गांधी मैदान मसौढी में सर्वधम समभाव समिति की बैनर तले श्रदांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं दो मिनट का मौन रखकर सबों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है उनके कार्यकाल की चर्चा और सराहना की गई, और उन्हें याद कर शामिल सभी लोगों की आंखें नम हुई। मौके पर मसौढी के पूर्व विधायक रेखा देवी, राजद के जिलाध्यक्ष दीनानाथ यादव, धनरूआ प्रखंड प्रमुख बबीता देवी, मसौढी के मुख्य पार्षद पिंकी देवी,डॉ मंगल आदी शामिल रहे, अध्यक्षता सिंदर सिंह बग्गा और संचालन शिक्षक पंकज कुमार ने किया। वक्ताओं ने उनके सौम्य स्वभाव, शालीन, मृदुभाषी व्यक्तित्व वाले की चर्चा की,गौरतलब है की संजय कुमार यादव पिता स्व राम उग्रह प्रसाद यादव जो धनरूआ प्रखंड के दुभारा के चंदाचक निवासी थे, पुरा समय पार्टी के लिए न्योछावर किया, और इसी त्याग और समर्पण को देखते हुए 27 दिसंबर 2015 में प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किये गये,उसके बाद 2019,उसके बाद 30 मई 2025 को प्रखंड अध्यक्ष के रूप मे चुना गया, और हाल मे भी बिते महिने पहले भी लगातार चौथी बार प्रखंड अध्यक्ष बने थे,राजनीतिक और समाजसेवी के रूप मे न केवल धनरूआ बल्कि मसौढी मे भी अपने कार्यशैली से समाज मे अपनी पहचान बनाई थी।

## जन्मदिन में शामिल होने जा रही महिला से चेन छीनी, लूटेरों ने महिला को बाइक से ढकेला

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर थाना क्षेत्र के महिनावां टोला के समीप स्टेट हाइवे दानापुर, बिहटा मनेर मार्ग पर बाइक सवार 2 की संख्या में रहे बदमाशों ने जन्मदिन में शामिल होने पति के साथ बाइक से दानापुर जा रही एक महिला से करीब डेढ़ लाख रुपए के चैन छिन ली। उसके बाद बदमाशों ने महिला के हैंडबैग को भी छिनने का प्रयास किया। वही महिला ने हिम्मत दिखलाते हुए दो बदमाशों में से एक बदमाश के हाथ पकड़ कर दांत काट लिया। महिला के द्वारा दांत काटने से घायल हुए बदमाश ने महिला को धक्का देकर गाड़ी से गिरा दिया। बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि मनेर नगर परिषद काजी मुहल्ला निवासी नरेश पण्डित अपनी पत्नी चिंता देवी के साथ बाइक से अपने एक सम्बन्धी के यहाँ जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बाइक सवार बदमाशों ने पीछा करते हुए चिंता देवी के गले से चैन छिन ली, फिर अपराधियों ने महिला के हैंडबैग को भी छिनने का प्रयास किया तो महिला ने अपराधी के हाथ में दांत काट ली।



# अस्पताल में आयुर्वेदिक दवाओं की नहीं है उपलब्धता, कैसे मिलेगा आयुर्वेद को बढ़ावा







**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्र और राज्य सरकार आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के बड़े-बड़े दावे करती है। लेकिन मसौढ़ी में हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यहां आयुष डॉक्टर तो बैठते हैं, पर मरीजों को देने के लिए आयुर्वेद की दवाएं ही नहीं हैं।अनुमंडल अस्पताल मसौढी मे करीब दो साल पहले यहाँ एक चिकित्सक की तैनाती की गई थी,जो हमेशा प्रभार मे थे लेकिन उस उसके बाद 24 अक्टूबर 2024 को आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी की पदस्थापना हुई तब इलाके के लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि अब उन्हें सस्ता और साइड इफेक्ट रहित आयुर्वेदिक इलाज मिलेगा। लेकिन डॉक्टर सिर्फ पर्चा लिखकर मरीजों को बाहर मेडिकल स्टोर भेज देते हैं। वही इलाज कराने आए मरीजों में संजय कुमार सिंह चरमा, आनंद कुमार तुलसीचक, शशि देवी सरवां मसौढी आदि ने बताया की डॉक्टर साहब देख लिए, पर्ची पर दवाई लिख दी। बोले अस्पताल में दवा नहीं है, बाहर से खरीद लो। बाहर 500-600 की दवाई है। गरीब आदमी कहां से लाए,अस्पताल सूत्रों की मानें तो पिछले 4 महीने से आयुर्वेदिक दवाओं की सप्लाई नहीं आई है। अश्वगंधा, त्रिफला, च्यवनप्राश, गिलोय जैसी बुनियादी दवाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। अस्पताल मे तैनात आयुष चिकित्सक पदाधिकारी डॉ अफ्शा ने बताया की हम मरीज देखने को तैयार हैं। रोज 50-60 मरीज आ भी रहे हैं। पर दवा नहीं होगी तो इलाज कैसे होगा? हमने कई बार सिविल सर्जन कार्यालय को डिमांड भेजी है। जब तक दवा नहीं आएगी, सिर्फ परामर्श ही दे सकते हैं।सामाजिक कार्यकर्ताओ की माने तो सरकार कहती है आयुर्वेद को बढ़ावा दो, योग अपनाओ। पर अस्पताल में दवा ही नहीं दोगे तो लोग भरोसा कैसे करेंगे? ये तो डॉक्टर की तैनाती का भी मजाक है। सिविल सर्जन, से बात की गई तो उन्होंने बताया की मामला संज्ञान में आया है। राज्य स्वास्थ्य समिति से दवा की आपूर्ति में देरी हुई है। 15 दिनों के अंदर सभी पीएचसी पर आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। गौरतलब है की सिर्फ डॉक्टर बैठा देने से आयुर्वेद का प्रचार नहीं होगा। जब तक दवाएं, पंचकर्म की सुविधा और जागरूकता नहीं बढ़ेगी, तब तक "हर घर आयुर्वेद" का सपना अधूरा रहेगा।

# मसौढ़ी पुलिस ने दो वारंटियों को कुर्की के दौरान किया गिरफ्तार





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुलिस ने रविवार को दो पुराने मामले में फरार चल रहे हैं कुर्की वारंटी के घर पर इश्तिहार तमिल करने गई थी जहां कुर्की जपती के दौरान ही गोंविदपुर गांव से रत्नेश सिंह पिता कामेश्वर सिंह गोविंदपुर, एवं एक और कुर्ती वारंटी रंजन यादव पिता राम नारायण यादव को मौके पर से ही दोनो को गिरफ्तार कर लिया है। वही मारपीट और हत्या का प्रयास मामले में एक फरार वारंटी के घर पर इश्तेहार साटने और कुर्की की कार्रवाई की गई है। जिसमें अवतार मांझी उर्फ प्रताप मांझी पिता घमंडी मांझी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बेगमचक और गोविंदपुर गांव में कुर्की वारंटी के घर पर कुर्की की कार्रवाई की गई है जहां गोविंदपुर से दो लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है।यह उस वक्त गिरफ्तार किया गया है जब उसके घर पर कुर्की करने गए थे उसी दरमियान दोनों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अलावा मसौढी थाना क्षेत्र के पचपनपर पर गांव में एक पुराने मामले में फरार चल रहे, नामजद अभियुक्त कमलेश कुमार पिता भगवन यादव को भी उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया है।

C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी धराए, ऑटो जप्त

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोटवा थाना पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक ऑटो रिक्शा बीआर 05पीबी 5206 में सवार दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर के ट्रॉली बैग से रॉयल स्टैग के 750 एम एल की 81 बोतल, 100 पाइपर्स 750 एम एल की 9 बोतल कुल 67.5 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान डुमरिया थाना क्षेत्र के जलवा टोला वार्ड नंबर 3 निवासी दुलारे नसीर पिता अनवर अंसारी वही बंजरिया थाना क्षेत्र के चैलनहन वार्ड संख्या 5 के निवासी शकील आलम पिता अब्दुल मिया के रूप में की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है । वहीं ऑटो रिक्शा को जप्त कर लिया गया है।



### फिजिकल अकादमी ने निकाला मार्च फास्ट

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड़ प्रखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्र थरूहट के रामपुर खेल मैदान में संचालित हो रहे जय बजरंगबली जनता फिजिकल अकादमी ने रविवार को सुबह पाँच बचे निकला मार्च फास्ट। यह मार्च फास्ट रामपुर खेल मैदान से शुरू होकर मिशन, इमलिया टोला, पचरूखी, चपरियाटोला, बेहरी, रामपुर होते हुए पुनः रामपुर खेल मैदान में समाप्त हुआ। फिजिकल अकादमी के ट्रेनर अरविंद कुमार और सरोज कुमार ने बताया कि इस मार्च फास्ट का उदेश्य था कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चें इस अकादमी से जुड़े और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करें । और इस मार्च फास्ट का मूल उद्देश्य था यहां के लोगों में जागरूकता फैलाना। ग्रामिण जय सुब्बा और निताइ कुमार ने बताया कि रामपुर में फिजिकल अकादमी खुलने से क्षेत्र के लोगों में काफी खुसी है कि यहां के बच्चें घर पर ही रह कर प्रैक्टिस कर ले रहा है। वही ट्रेनिंग ले रहे रौशन कुमार ने बताया कि हमलोगों के लिए सुनहरा अवसर है कि ट्रैनिंग के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा है ।घर पर ही रह कर हम अपना ट्रैनिंग कर ले रहें है।



### शिकारपुर थाना में जनता दरबार आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस मुख्यालय, बिहार पटना के निर्देशानुसार 3 मई 2026 को डॉ. शौर्य सुमन, (भापुसे) पुलिस अधीक्षक प0 चम्पारण, बेतिया के द्वारा बेतिया शिकारपुर थाना में जनता दरबार सह भ्रमण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों के समस्याओं/मामलों को सुनने के उपरांत उनका त्वरित समाधान हेतु पुलिस अधीक्षक , बेतिया द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस-जनता संबंध को मजबूत करना, जनप्रतिनिधियों/आमजनों की समस्या का त्वरित निष्पादन, महिलाओं एवं किशोरियों की समस्याएं का त्वरित निष्पादन एवं भय मुक्त वातावरण बनाने हेतु तथा पुलिसिंग की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम अनवरत जारी रहेगी। उक्त जनता दरबार के कार्यक्रम के बाद पुलिस अधीक्षक महोदय पश्चिम चंपारण बेतिया के द्वारा शिकारपुर थाना पर उपस्थित अनुसंधानकर्ताओं के समक्ष गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों की समीक्षा की गई तथा कांडों के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए समीक्षा के क्रम में कांड में लापरवाही बरतने को लेकर एक अनुसंधानकर्ता पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है ' मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज, पर्यवेक्षी पदाधिकारी शिकारपुर तथा शिकारपुर थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।



### निशांत कुमार का चैलाहा में भव्य स्वागत

**अपने नेता का फूल माला पहनाकर कार्यकर्ताओं ने जताया खुशी**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बंजरिया प्रखंड स्थित चैलाहा गांव के समीप रविवार को शंकर ढाबा के पास हजारों कार्यकर्ता विशाल शाह के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड के नेता माननीय इंजीनियर निशांत कुमार का भव्य स्वागत किया गया ।कार्यकर्ता ने फूल माला पहनाकर कर स्वागत किया। लोगो में काफी उत्साह देखा गया। निशांत कुमार को पार्टी में आने से पार्टी को मजबूती प्रदान हुआ है । कार्यक्रम में प्रोफेसर दिनेश चंद्र प्रसाद, दीपक पटेल, संजीव श्रीवास्तव, संजय सिंह, मिथिलेश सिंह, तफज्जुल हुसैन, चुन्नू मिश्रा, बद्री पासवान, अमरनाथ प्रसाद, विनय सिंह,बद्री पासवान, अमरेंद्र सिंह, बबन कुशवाहा, बाबू श्रीवास्तव, रमाकांत, राकेश, प्रमोद पासवान, शमानंद साहनी, बृजमोहन गुप्ता, धीरज चंद्रवंशी, मणि गुप्ता, उमाकांत प्रसाद, क्यामुल हक,रामदेव यादव, बबलू शाह, रामबालक कुशवाहाँ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### आदापुर में शोकसभाः कांग्रेस नेताओं ने प्रवीण कुशवाहा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि।

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडल क्षेत्र के आदापुर प्रखंड में कांग्रेस कमिटी के बैनर तले गांधी आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में भागलपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्व. प्रवीण कुशवाहा के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि के रूप में मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रो. अखिलेश दयाल शामिल हुए। उन्होंने स्व. कुशवाहा के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने छात्र संगठन एनएसयूआई से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और आगे चलकर युवा कांग्रेस में कई प्रदेशों के प्रभारी के रूप में निष्ठापूर्वक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके समर्पण और कार्यशैली को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उन्हें पार्टी प्रत्याशी भी बनाया था। उन्होंने कहा कि कुशवाहा का निधन कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। सभा में वरिष्ठ कांग्रेसी बैधनाथ प्रसाद, शफीक अहमद, हरेश्वर प्रसाद पाल, महम्द आशिक राजा, रामबाबू साह, परवेज आलम, मोहन राय, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष महम्द फिरोज अहमद, रतन साह, रेहाना खातून, शिवजी प्रसाद, मोहम्मद शोएब अख्तर, शेख हारुण, अतीऊल्लाह खां सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



### एससी एसटी एसोसिएशन कार्यालय में मनाई गई भगवान बुद्ध की जयंती

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवान बुद्ध की जयंती के उपलक्ष में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे एम्पलॉइज एसोसिएशन जमालपुर वर्कशॉप के कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत कार्यालय परिसर में अवस्थित भगवान बुद्ध की मूर्ति पर पुष्पांजलि त्रिशरण एवं पंचशील के पाठ से हुई ।उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेश्वर ने किया।इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव सतीश कुमार भारती ने कहा कि बुद्ध का मध्यम मार्ग जीवन में संतुलन बनाए रखने की शिक्षा देता है। जबकि अष्टांगिक मार्ग व्यक्ति को सही दृष्टि ,सही कर्म और सही जीवन जीने की दिशा प्रदान करता है। उनके अनुसार इन सिद्धांतों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सरल, संयमित और उद्देश्य पूर्ण बना सकते हैं।एसोसिएशन के पितामह शिवलाल रजक ने कहा कि बुद्ध के विचार किसी एक धर्म या समुदाय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं।आज की दुनिया में शांति और अस्तित्व के लिए इन शिक्षाओं को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर पूर्व सचिव जयप्रकाश पासवान ,सुमन कुमार, गौतम दास, विकास कुमार राजकुमार, राकेश कुमार, मणिकांत रंजन, अमन एवं अन्य उपस्थित थे।

# रेलवे की अतिक्रमित भूमि पर मांस-मछली विक्रेताओं का कब्जा

## रेलवे प्रशासन मूक दर्शक,आने जाने वाले यात्रियों पर पड़ते हैं खून के छीटें ● स्वच्छता नियमों की उड़ रही धज्जियां, आम जनता परेशान



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के श्यामपुर बाजार एरिया स्थित रेलवे के अतिक्रमित भूमि पर खुलेआम सड़क किनारे मांस और मछली काटकर बेचे जाने का मामला उजागर है , श्यामपुर बाजार के मुख्य मार्ग पर बिना किसी ढंके स्थिति मे, बिना स्वच्छता व्यवस्था और बिना स्पष्ट लाइसेंस के मांस-मछली की बिक्री लगातार जारी है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में खुलेआम मांस और मछली काटने से गंदगी, दुर्गंध और मक्खियों की भरमार हो जाती है। इससे न केवल आसपास के दुकानदारों को परेशानी होती है, बल्कि राहगीरों और बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में यह स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। हाल ही में बिहार सरकार ने शहरी क्षेत्रों में खुले में तथा बिना लाइसेंस मांस-मछली की बिक्री पर सख्त रोक लगाने की घोषणा की है। सरकार के अनुसार अब केवल लाइसेंस प्राप्त दुकानों में ही मांस-मछली की बिक्री की जा सकेगी, साथ ही स्वच्छता, कचरा निस्तारण और सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों का पालन अनिवार्य होगा। बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 345 के तहत बिना लाइसेंस कसाई, मछली विक्रेता या मुर्गी विक्रेता का व्यापार करना दंडनीय माना गया है। उल्लंघन करने पर जुमार्ना, सामान जब्ती और दुकान सील करने तक की कार्रवाई हो सकती है।

इसके बावजूद श्यामपुर बाजार में खुलेआम सड़क किनारे मांस-मछली की बिक्री प्रशासनिक उदासीनता को दशार्ती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद न तो पंचायत स्तर पर और न ही संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की गई है। बाजार से गुजरने वाले लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे इस तरह खुलेआम मांस काटना न केवल अस्वच्छ है, बल्कि सामाजिक और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए भी अनुचित है। कई अभिभावकों ने बच्चों पर इसके मानसिक प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई है। लोगों की मांग है कि प्रशासन तत्काल बाजार का निरीक्षण करे, अवैध दुकानों की जांच कर उचित कार्रवाई करे तथा लाइसेंसधारी दुकानों को निर्धारित स्थान पर ही व्यापार की अनुमति दी जाए। साथ ही नियमित सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वास्थ्य मानकों की निगरानी सुनिश्चित की जाए। यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या आगे चलकर गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। श्यामपुर बाजार के नागरिक अब कार्रवाई की प्रतीक्षा में हैं।

# कोटवा भाजपा महिला मोर्चा ने निकाला जन आक्रोश मार्च

**महिला मोर्चा ने महागठबंधन के खिलाफ लगाए नारे**




**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकसभा एवं राज्यसभा में नारी शक्ति बंधन अधिनियम का महागठबंधन के द्वारा विरोध करने पर महिलाओं को दी जाने वाली 33 फीसद आरक्षण का प्रस्ताव पास नहीं होने के विरोध में कोटवा भाजपा महिला मोर्चा ने कार्यक्रम आयोजित कर महिला जन आक्रोश रैली निकाला। रैली कोटवा स्टेट बैंक से शुरू होकर कोटवा प्रखंड परिसर में पहुंची और सभा में परिवर्तित हो गई। इस दौरान आक्रोशित महिलाओं ने महागठबंधन के खिलाफ नारा लगाकर विरोध जताया। कार्यक्रम की अध्यक्ष महिला मोर्चा के चंदा देवी ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि महिलाओं के लिए लोक सभा,राज्य सभी तथा विधान सभा मे 33 प्रतिशत आरक्षण का विधयक जबतक लोकसभा राज्यसभा में नारी शक्ति बंदन अधिनियम पास नहीं हो जाता तब तक प्रखंड एवं जिला स्तर पर जन आक्रोश मार्च रैली निकाली जाती रहेगी।मौके पर हिमांशु सिंह उर्फ गोपू सिंह,अखिलेश सिंह, सियावर सिंह, बसंत मिश्रा,चंदा देवी, प्रभावती देवी ,अरविंद सिंह,मिंटू देवी, सीता देवी ,रीना यादव, ललिता देवी, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार एवं शशि रंजन साहनी ,राजेश्वर यादव, अरविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं शामिल थे।

### स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति का राष्ट्रीय कार्यक्रम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति का राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को 10 बजे 10 मिनट स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों को याद करो का आयोजन अटल पथ के सत्याग्रह पॉइंट पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रीप्रकाश चौधरी ने राष्ट्र ध्वज फहराया फिर समूह मे राष्ट्र गायन हुआ। सभी ने सेनानियों के चित्र पर पुष्प अर्पण कर नमन किया ' चंपारण सत्याग्रह विचार संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर खुशनंदन सिंह ने कहा कि सेनानियों के त्याग और बलिदान का देश हमेशा ऋणी रहेगा। हम उन्हें जितना सम्मान देंगे उतना हीं हमें आत्म संतुष्टि होगी. मुख्य वक्ता श्रीप्रकाश चौधरी ने कहा कि देश अभी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है,स्वतंत्रता सेनानी के वंशज देश को नई दिशा दे सकते हैं। संचालन के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि जो लोग भूमिगत रह कर आंदोलन को गति दिए वे भी सेनानी है, उनको हम अनदेखा नहीं कर सकते.

# धनौती नदी संरक्षण का संकल्प, हमसे ट्रस्ट ने किया पौधा रोपण : आशुतोष



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पहल हमसे ट्रस्ट के संस्थापक पर्यावरण मित्र के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले आशुतोष कुमार धनौती नदी के लिए वर्षों से संघर्ष करते आ रहे है। धनौती नदी संरक्षण संकल्प के सफर में फिर से पौधारोपण जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम रविवार को मोतिहारी के धनौती के किनारे आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशुतोष कुमार ने कहा कि मोतिहारी के गांधी रंजीत गिरि और पर्यावरण के प्रति निरंतर कार्य करने वाले और भी सामाजिक कार्यकर्ता साथ मिलकर कई वर्षो से धनौती नदी के समस्याओं को उठाया गया है। साथ ही उसके प्रति लोगों को जागरूक किया गया है । सरकार द्वारा नदी पर से अतिक्रमण हटाना , मरीन ड्राइव बनाने की स्वीकृति और पुल के निर्माण के साथ नदी का सौंदर्यीकरण आदि हो रहे कार्यों को सभी के सालों के संघर्ष का परिणाम बताया । मौके पर पुजारी मनोज गिरी, मनोहर यादव, रामबाबू यादव, ब्रजेश कुमार, राकेश कुमार ,पंकज सिंह , राजन गिरि, सोलंकी राज , तेजस्वी तथा समाज के पर्यावरण प्रेमियों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# धूमनगर पंचायत में जनगणना का शुभारंभ, मकान नंबरिंग कार्य शुरू



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत धूमनगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 में आज भारत की जनगणना 2027 के क्रम में मकानों की नंबरिंग का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया इस अवसर पर चार्ज अधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी नरकटियागंज स्वयं उपस्थित होकर कार्य का निरीक्षण करते हुए अपने दायित्व को लेकर गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। आज से शुरू हुए इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत जनगणना सर्किल संख्या 15 में मकान नंबरिंग का कार्य किया गया। इस सर्किल के अंतर्गत सुपरवाइजर-सह-फील्ड ट्रेनर वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में ल्छइ संख्या 335 में कार्य संपन्न हुआ उनके साथ प्रगणक जनार्दन चौधरी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे इस दौरान फील्ड ट्रेनर प्रकाश कुमार गुप्ता एवं सुनील कुमार चौबे सहित अन्य प्रगणक मोतीलाल कुशवाहा, फुर्कान अहमद,ललित कुमार,मुस्तफा अंसारी, मोहम्मद अमिल तथा राजेश कुमार ओझा भी मौके पर उपस्थित रहकर कार्य में सहयोग करते दिखे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सभी कर्मियों को जनगणना कार्य को गंभीरता एवं सटीकता के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य देश की आधारभूत योजना निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए धूमनगर पंचायत में जनगणना कार्य के इस शुभारंभ से क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया तथा सभी कर्मी पूरी तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते नजर आए।

# काठमांडू के माइतीघर मंडल में गूंजा बीरगंज के लोगों का दर्द

**सड़क विस्तार के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन**



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीरगंज की मुख्य सड़क के प्रस्तावित चौड़ीकरण के विरोध में प्रभावित घर मालिकों और व्यापारियों का आक्रोश राजधानी काठमांडू के माइतीघर मंडल में फूट पड़ा। सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार से अपने फैसले पर तत्काल पुनर्विचार की मांग की। गौरतलब है कि बीरगंज में मुख्य सड़क को दोनों ओर से 25-25 मीटर तक चौड़ा करने की योजना के तहत सड़क किनारे स्थित मकानों और दुकानों को तोड़ने का आदेश जारी किया गया है। इस फैसले से हजारों परिवारों के सामने बेघर होने और व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी छिनने का संकट खड़ा हो गया है। माइतीघर मंडल में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने तख्तियां और बैनर के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना उचित मुआवजा और पुनर्वास के इस तरह की कार्रवाई अन्यायपूर्ण और अमानवीय है। एक व्यापारी ने भावुक होकर कहा, ह्लहमने वर्षों की मेहनत और जमा पूंजी से अपना कारोबार खड़ा किया है। अगर इसे तोड़ दिया गया तो हमारे परिवार का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। वहीं एक स्थानीय निवासी ने कहा कि सरकार को पहले प्रभावित लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, उसके बाद ही इस तरह की परियोजनाओं को लागू करना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक और उग्र किया जाएगा। यह मुद्दा अब केवल बीरगंज तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

### बुद्ध जयंती पर विद्यालयों में श्रद्धा, शांति और संस्कारों का अनुपम संगम

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर मुंगेर पथ तथा सरस्वती विद्या मंदिर दौलतपुर में बुद्ध जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो उठा।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात सीमा सिंह, विपिन चौधरी, रेखा कुमारी, कमल कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह की औपचारिक शुरूआत हुई। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भगवान बुद्ध के जीवन, उनके त्याग, तपस्या तथा मानवता के प्रति उनके महान योगदान को स्मरण किया।मुंगेर पथ की प्रधानाचार्या किरण कुमारी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें सत्य, अहिंसा, करुणा एवं मध्यम मार्ग का अनुसरण करने की शिक्षा देता है।दौलतपुर उप-प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने भी विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया।

# जर्जर चिरैया-शिकारगंज सड़क बनी मुसीबत, लोगों का सफर हुआ जोखिम भरा



चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। विकास के दावों के बीच चिरैया प्रखंड की चिरैयाझशिकारगंज सड़क की हालत इन दिनों बदहाल हो चुकी है। शिकारगंज चौक से परेई, परेवा, सेमरा और अहिरौलिया गांव को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क अब लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बन गई है। दर्जनों गांव के लोग इसी मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करते हैं, लेकिन जर्जर स्थिति के कारण सफर बेहद कठिन हो गया है। बताया जाता है कि वर्ष 2019 में करोड़ों रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण कराया गया था। शुरूआती दिनों में सड़क चिकनी और सुगम थी, जिससे लोगों को काफी राहत मिली थी। लेकिन समय के साथ रखरखाव के अभाव में सड़क टूटती चली गई और अब जगह-जगह बड़े गड्ढे बन चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासी संतोष महतो का कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। वहीं विकास कुमार के अनुसार सड़क पर धूल उड़ने से लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। आलोक कुमार बताते हैं कि इन दो दिनों में हुई बारिश से सड़क के बड़े बड़े गड्ढे पानी से भर गए है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है। गणेश साह का कहना है कि गड्ढों से भरी इस सड़क के कारण रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है, खासकर बारिश के समय हालात और भी खराब हो जाते हैं। दोपहिया और तीनपहिया वाहन चालक इस मार्ग से गुजरने से बचते हैं, जिससे स्थानीय व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन

**वाल्मीकिनगर/नवबिहार संवाददाता।** भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 154 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थरुहट के निमार्ता एचेल थारू, अभिनेता सोनू चौधरी ,चंद्रभान कुमार ,फाइटर जयदेव कुमार, पुलिसकर्मी रोशन कुमार, स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, समाजसेवी भारत कुमार, नमामि गंगे के सक्रिय सदस्य मुकेश कुमार, नायिका बेबी कुमारी, पूनम देवी, मधु देवी, शिव शिष्या पिंकी देवी एवं पुनीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

भारत नेपाल सीमा पर आस्था और श्रद्धा का संगम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि एचेल थारू ने गौतम बुद्ध के जीवन पर आधारित कई तथ्यों को प्रस्तुत किया। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने बुद्धम शरणम गच्छामि का संदेश देते हुए गौतम बुद्ध के उपदेशों पर चलने का संकल्प लिया। विशिष्ट अतिथि फाइटर जयदेव कुमार ने अहिंसा, करुणा और शांति को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए गौतम बुद्ध द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वैशाख पूर्णिमा के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर भी विस्तृत चर्चा हुई । कथा पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की गई। बताया गया कि यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म ,ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण तीनों से जुड़ा हुआ है । जिससे इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। महा आरती के दौरान गंडक नदी का पावन संगम तट भक्ति भाव से गूंज उठा। वैदिक मंत्र और भजन कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में भाग लिया। गंगा मैया की जय, नारायणी गंडकी माता की जय, बुद्ध भगवान की जय आदि नारों से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान होता रहा । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नेपाल के धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, पवन भट्टराई, समाजसेवी भारत कुमार,स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, आद्या ड्रग एजेंसी के प्रबंधक जयकुमार गुप्ता शंकर वाटिका के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता और विजय कुमार की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के सदस्य और स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया और क्षेत्र में शांति समृद्धि एवं सद्भावना की कामना की गई। संचालन निमार्ता एचेल थारू ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन भारत कुमार एवं यूट्यूबर चंद्रभान कुमार ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया। विदित हो कि स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 6 नवंबर 2014 से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन जागरूकता फैलाने हेतु नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम को विशेष रूप से सहयोग प्रदान करने हेतु संरक्षक पशुपतिनाथ गुप्ता, विजय कुमार,कथाकार एम. शफी, आचार्य पंडित चित्र सेन तिवारी, वर्ल्ड मीडिया इन्फोटनमेंट के निदेशक राजेश कुमार गुप्ता, ठूठीबारी के समाजसेवी विनोद मद्धेशिया और भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद गुप्ता के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस पावन अवसर पर नेहा रानी, सुभावती देवी, चंदा देवी, हरि मुखिया ,छोटी कुमारी, शिवचंद्र शर्मा, सचिव अखिलानंद, समेत बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला भक्त गण उपस्थित रहे। विशिष्ट व्यक्तित्व अंगवस्त्रम द्वारा सम्मानित हुए।

### रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ को लेकर कलशयात्रा का आयोजन

**चांदन(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंचायत के पांडेयडीह गांव स्थित भयहरणनाथ मंदिर के परिसर में आयोजन होने वाले दश दिवसीय रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ को लेकर शनिवार सुबह कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गई।कलश यात्रा में सैकड़ों महिला व लड़कियां कलश यात्रा में शामिल हुए जो भयहरणनाथ मंदिर चांदन के परिसर से गाजे-बाजे व रथ के साथ निकली और चांदन बाजार होते हुए कलुह्वा नदी घाट पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार से सभी महिलाएं व युवतियां ने संकल्पित जल भरकर पुनः पंक्तिबद्ध होकर चांदन हेडटोला होते हुए यज्ञ के यजमान पवन पांडेय व उनकी धर्मपत्नी के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। जहां सभी कलश को धार्मिक नियम पूर्वक रक्खा गया।

# एक लाख 15 हजार रुपये का लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। विद्युत विभाग द्वारा किए गए औचक छापेमारी के दौरान कनाप में बिजली चोरी के तीन मामले पकड़े गए। इनके विरुद्ध कुल एक लाख 15 हजार 309 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस संबन्ध में कनीय विद्युत अभियंता मनोज कुमार सिंह ने अलग-अलग प्राथमिकी कराई है। एक और उपभोक्ता के घरेलू परिसर की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि 31629 रुपए की बकाया राशि पर फरवरी 2026 में विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। बिना बकाया राशि और संयोजन शुल्क जमा किये अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था, जिससे 5648 रुपए राजस्व की क्षति हुई है। पूर्व की बकाया राशि सहित 37277 रुपए जुर्माना लगाया गया है। एक उपभोक्ता पर बकाया राशि सहित 41763 रुपये जुर्माना लगाते हुए कहा गया है कि 32734 रुपए की बकाया राशि पर विभाग द्वारा फरवरी 2026 में बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। बकाया राशि और संयोजन शुल्क बिना जमा किए अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था, जिससे 9029 रुपया राजस्व की क्षति हुई है। इसी गांव के एक अन्य उपभोक्ता पर 36269 रुपए जुर्माना लगाते हुए कहा गया है कि 30621 रुपए बकाया राशि पर फरवरी 2026 में विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। बिना बकाया राशि और संयोजन शुल्क जमा किए अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था, जिससे 5648 रुपए राजस्व की क्षति हुई है।




## भूमि विवाद में मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। थाना क्षेत्र के अरई टोला उमेर बिगहा में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में प्रदेसी राम द्वारा करायी गयी प्राथमिकी में तीन लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। आरोपितों पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। घटना का कारण बंटवारा को लेकर उत्पन्न विवाद बताया जाता है।

## देसी शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। पुलिस ने बड़ी कर्मा गांव से 5.4 लीटर देसी शराब जब्त किया है। हालांकि किसी धंधेबाज की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। यह कार्रवाई एएसआई सह एएलटीएफ प्रभारी गोपाल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़ी कर्मा गांव में पीसीसी रोड के बगल में लगे ट्रांसफार्मर वाले गली में बिक्री के लिए देसी शराब छिपा कर रखा गया है। पुलिस के पहुंचने पर कुछ लोग अंधेरे अंधेरा होने के कारण भागने में सफल रहे।

# भीषण गर्मी में पेयजल के लिए हाहाकार

# पांच माह से अधर में नल-जल योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। एक तरफ सरकार हर घर नल का जल पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारियों की मनमानी और लापरवाही के कारण ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। मामला ग्राम पंचायत पिपरा बगाही के वार्ड दस का है, जहां पुरानी नल-जल योजना महीनों से ठप्प पड़ी है। पेयजल संकट को दूर करने के लिए पांच महीने पहले बोरिंग तो की गई, लेकिन आज तक न तो स्ट्रक्चर खड़ा हुआ और न ही मोटर लग पाया। वार्ड सदस्य हासिम रज़ा, सचिव साजिद अहमद अंसारी और ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कनीय अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जेई साहब स्कूल के ठीक बगल में बोरिंग कराकर पानी की टंकी को स्कूल की छत पर शिफ्ट करना चाहते थे। ग्रामीणों ने सुरक्षा और तकनीकी कारणों से इसका विरोध किया। ग्रामीणों के अनुसार, स्कूल की छत पर भारी टंकी रखने से भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पूरे गांव की सहमति से स्कूल से करीब 200 मीटर की दूरी पर उपयुक्त स्थल का चयन कर बोरिंग कराई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी पसंद की जगह पर बोरिंग होने से जेई नाराज हो गए। जेई की इस नाराजगी का असर धरातल पर दिख रहा है। बोरिंग हुए पांच महीने बीत चुके हैं, लेकिन विभाग ने आगे की सुध नहीं ली। न लोहे का स्ट्रक्चर खड़ा किया गया और न ही पंप सेट की व्यवस्था हुई। इस बीच भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही गांव में पानी के लिए हाहाकार मचने लगा है। पुरानी योजना पहले ही दम तोड़ चुकी है और नई योजना अफसरशाही की भेंट चढ़ गई है। वार्ड सदस्य और सचिव ने कहा कि विभागीय लापरवाही की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी। उन्होंने मांग की है कि जेई की मनमानी पर लगाम लगाई जाए और जल्द से जल्द मोटर लगाकर जलापूर्ति शुरू की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।



# कायस्थ समाज की सदस्य उषा सिन्हा का निधन, औरंगाबाद में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले के बिराटपुर निवासी स्वर्गीय अजय कुमार सिन्हा की पत्नी उषा सिन्हा का 30 अप्रैल को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन से परिवार एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उषा सिन्हा के पुत्र आलोक कुमार सिन्हा एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ-साथ कायस्थ महासभा बिराटपुर के वरीय पदाधिकारी हैं। वहीं उनके भतीजे सूर्यकांत ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस औरंगाबाद के जिला कोषाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उषा सिन्हा स्वयं भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही थीं और कायस्थ समाज की एक सम्मानित सदस्य के रूप में जानी जाती थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही शहर के कई गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. कमल किशोर, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, कायस्थ महासभा बिराटपुर शाखा के अध्यक्ष सह लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, खादी ग्राम उद्योग के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रसाद सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत, दीपक बलजोरी सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।



## इश्तेहार लगाने के दौरान वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने फरार अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। न्यायालय से निर्गत इश्तेहार वारंट के आलोक में सलैया कांड संख्या 10/14 के अभियुक्त कपिल भुईयां ग्राम– दुगुल टोला, जगरूप बिगहा से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि पुलिस टीम शनिवार को अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चस्पा करने पहुंची थी। इसी दौरान मौके पर ही अभियुक्त को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# दो कमरों में एक साथ बैठते हैं चार कक्षाओं के विद्यार्थी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। 1885 में बने नगर पालिका दाउदनगर में पीढ़ियों को शिक्षित करने के लिए कई विद्यालय बनाए गए थे। जिसमें एक राजकीय मध्य विद्यालय हाता भी है। यह वार्ड संख्या दो में स्थित है। तब भूमिदाता समेत समाज के अन्य लोगों ने शायद यह कल्पना नहीं की होगी कि एक समय ऐसा भी आएगा जब यह जमीन छोटी पड़ जाएगी। पढ़ने वालों की संख्या इतनी अधिक हो जाएगी कि सबको कक्षावार बैठाकर पढ़ने के लिए यह विद्यालय छोटा पड़ जाएगा। मात्र चार डिसमिल में दो मंजिला यह विद्यालय भवन बना है। जिसमें छह कमरे हैं। जिसमें से एक कमरा कार्यालय के लिए इस्तेमाल होता है। शेष बचे पांच कमरों में ही कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई होती है। अब इसमें स्थिति यह है कि कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों को एक कमरे में तथा तीन और चार के विद्यार्थियों को एक साथ एक कमरे में बिठाया जाता है और उन्हें पढ़ाया जाता है। समझिये कि इन्हें पढ़ाना शिक्षकों के लिए और खुद इनको पढ़ने में कितनी बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। इस तरह जब दो कक्षा के बच्चे एक साथ पढ़ रहे होते हैं तो वे क्या समझ सकेंगे और क्या नहीं समझ सकेंगे, और कितना समझ सकेंगे, यह समझना बड़ा मुश्किल का काम है। प्रधानाध्यापक रविंद्र नाथ टैगोर बताते हैं कि एक प्रधानाध्यापक समेत कुल सात शिक्षक हैं और कमरों के अभाव के कारण ऐसा करना उनके लिए आवश्यक विवशता है।






**छत की ढलाई और फर्श बनाना लक्ष्य**

रवींद्रनाथ टैगोर बताते हैं कि उनके पास लगभग पचास हजार की राशि विकास कार्य के लिए उपलब्ध है। इससे कार्यालय के छत की ढलाई करेंगे। यह कमरा काफी जर्जर हो गया है। इसके अलावा जमीन पर पत्थर लगाना उनका लक्ष्य है ताकि कम जगह में भी अधिक बेहतर विद्यालय को बनाया जा सके।

# सुबह होते भारत गैस वितरक के काउंटर पर लग जाती भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत लगातार जारी है। हसपुरा में गैस को लेकर उपभोक्ताओं की सुबह होते नरसंन रोड स्थित भारत गैस के लिए उर्मिला गैस काउंटर पर सिलेंडर के साथ भीड़ लग जा रही है। बताया जाता है कि गैस वितरण काउंटर लगभग दस बजे के आसपास खुलती है। लेकिन उपभोक्ताओं की लंबी कतार रात्रि से ही लग जाती है। बुकिंग करने के बाद उपभोक्ता सिलेंडर लेकर पहुंचते हैं और गैस के लिए वितरण काउंटर के पास सिलेंडर रख अपनी बारी का इंतजार में लग जाते हैं। देखा जा रहा है कि पहले आओ पहले पाओ का हिसाब किताब है। हालांकि इस तरह की समस्या सिर्फ भारत गैस के साथ हसपुरा में देखने को मिल रहा है। इंडेन गैस वितरक बसस्टैंड के आगे गांधी नगर में है। जहां बुकिंग के बाद उपभोक्ता के पास डीएससी छह अंक का नंबर आता है और उसी नंबर से गैस सिलेंडर मिल जाता है। उपभोक्ता बताते हैं कि हसपुरा में भारत गैस के साथ गंभीर समस्या बनी रहती है।



# रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह बने आरा के प्रभारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह को विधान परिषद उपचुनाव को लेकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें भोजपुर जिला के आरा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद संगठन में उत्साह का माहौल है और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने इस जिम्मेदारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "पार्टी ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता है। आरा में संगठन को और मजबूत करते हुए हम सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करेंगे। चुनाव को पूरी रणनीति और समर्पण के साथ लड़ेंगे।" उन्होंने आगे कहा कि "हमारा लक्ष्य केवल जीत हासिल करना नहीं, बल्कि जनता के बीच पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को मजबूती से पहुंचाना भी है। कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ स्तर तक तैयारी की जाएगी।" इस नई जिम्मेदारी के साथ विधायक प्रमोद कुमार सिंह अब आरा में चुनावी गतिविधियों की कमान संभालेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# गायत्री के बिना जीवन संभव नहीं : गायत्री ट्रस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। राम-लक्ष्मण जानकी गायत्री ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक रविवार को सामूहिक मासिक जाप व हवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी के मद्देनजर आज जन कल्याण की कामना हेतु सूर्य नगरी देव स्थित गायत्री मंदिर के प्रांगण में जाप व हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल संयोजिका सरिता अग्रवाल, अनिता देवी, गीता देवी, राम लक्ष्मण जानकी गायत्री ट्रस्ट अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, युवा मंडल संतोष कुमार, बसंत गुप्ता, राम सेवक प्रसाद, अमरेन्द्र चौरसिया सहित बड़ी सैकड़ों में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर लोगों ने कहा कि यह आयोजन आध्यात्मिक वातावरण, मानसिक शांति और जन कल्याण के उद्देश्य से किया गया था, जिसमें घर-घर जाकर लोगों को प्रेरित भी किया गया। धर्म का पालन करने का अर्थ है अपने कर्तव्य का पालन करना है। ब्रम्हांड की सृजनात्मक शक्ति केवल गायत्री है बिना गायत्री के जीवन संभव नहीं और यज्ञ बिना कोई भी जीवन साधना संभव नहीं। कहा कि समाज में अमन-चैन शांति स्थापित करने की उद्देश्य अभियान चलाया जा रहा है। इस आयोजन में सैंकड़ों माता बहन बेटियां और भाई गायत्री परिवार धर्म प्रेमी भाग ले रहे हैं।



## एससी एसटी एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। रिसियप थाना पुलिस थाना क्षेत्र के नोनिया बीघा गांव से एससी एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संजीत राम ने बताया है कि थाना कांड संख्या 103/26 में नामित उक्त गांव निवासी मुनचुन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि खैरा गांव के रोशन पासवान ने उक्त व्यक्ति के विरुद्ध शराब के नशे में मारपीट की घटना को अंजाम देने से संबंधित रिपोर्ट लिखवाई थी। आवेदन में जाति सूचक शब्द से प्रताड़ित करने की बात बताई गई थी। थाना कांड संख्या के आधार पर उक्त अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थाना में आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण कर उसे न्यायालय में उपस्थापित कर दिया गया।

# उर्दू प्राथमिक विद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा प्रखंड के ग्राम पंचायत बलिया अंतर्गत उर्दू प्राथमिक विद्यालय बजराही में रविवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का विषय था- उभयलिंगी व्यक्तियों के एकीकरण और उनका पुनर्वास के साथ ही न्याय तक उनकी पहुंच प्रदान करने से संबंधित नालसा योजना 2023 पर जागरूकता फैलाना। इसके संबंध में पैनल अधिवक्ता लालमोहन सिंह ने बताया कि उक्त जागरुकता कार्यक्रम 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत पर जन जागरूकता तथा मध्यस्थता विशेष अभियान से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि शिविर में विद्यालय के बच्चे जनप्रतिनिधि गण एवं ग्रामीण जनता मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को पैनल अधिवक्ता ने बताया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नवंबर 2023 में शुरू की गई सितारा योजना ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के समग्र कल्याण सामाजिक एकीकरण और पुनर्वास के लिए एक विशिष्ट पहल के रूप में है। इस योजना का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्ति के अधिकारों का संरक्षण करना तथा अधिनियम 2019 और नियम 2020 को बिहार में प्रभावी ढंग से लागू करना है। पैनल अधिवक्ता ने इसके लक्ष्य के संबंध में बताया कि ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और समाज के मुख्य धारा से जोड़ना, न्याय तक पहुंच बनाना, जिला स्तर पर विधिक सहायता और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करना आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त योजना संपूर्ण बिहार में लागू की गई है। औरंगाबाद जिले में प्रधान जिला जज की अध्यक्षता में एक समिति द्वारा इसे प्रबंधित किया जाता है। इस योजना के द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय को हाशिए से उठाकर मुख्य धारा में लाना साथ ही उन्हें सम्मान व गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में उठाया गया है। उन्होंने ट्रांसजेंडर के संबंध में बताया कि भारत में इस समुदाय को हिजड़ा, किन्नर आदि के नाम से लोग जानते हैं। उन्होंने कानून के संबंध में बताया कि इनके ऊपर अत्याचार होने पर ट्रांसजेंडर व्यक्ति के अधिकारों का संरक्षण 2019 की अधिनियम की धारा 18 के अनुसार दोषियों को कम से कम 6 महीने से लेकर 2 साल तक की सजा साथ ही जुर्माने का भी प्रावधान है। शिविर में पैनल अधिवक्ता लाल मोहन सिंह के साथ ही पाराविधिक स्वयंसेवक राजकुमार पासवान, हेड मास्टर सिकंदर कुमार, शिक्षक शमशेर आलम, नेहा प्रवीण, निखहत जहां, शहनाज, रेशमा खातून, शाहिदा खातून समेत भारी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।



# वर्षों से जर्जर अवस्था में है मध्य विद्यालय मेह का भवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले के बारुण प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेह का भवन इन दिनों जर्जर अवस्था में है। विद्यालय की छत गिरने का खतरा बना हुआ है। विद्यालय कक्ष और रसोईघर में गंभीर क्षति आई है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक रेखा कुमारी ने बताया कि यहां कुल 283 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। विद्यालय में कुल छह कमरे हैं जिसमें से दो कमरे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। शेष चार कमरों में से एक में कार्यालय चल रहा है। जबकि तीन कमरों में पढ़ाई होती है। कक्षा दो के बच्चों को मजबूरी में बरामदे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। दूसरे बरामदे में शिक्षकों द्वारा अवैध रूप से बाइक रखने का गैरेज बनाया गया है। कमरे की कमी के कारण कक्षा छह, सात और आठ के बच्चों को पास के उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ाई कराई जा रही है। इस स्थिति के कारण ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। बता दें कि विद्यालय में चार शौचालय हैं परंतु सभी जर्जर अवस्था में है।

# गुप्त सूचना पर वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना पुलिस ने बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शशिकांत कुमार (पिता- अभिमन्यु सिंह), ग्राम चिरौला के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर टीम ने छापेमारी कर अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और गति मिली है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि फरार अभियुक्तों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।




**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)***

**Name and address of candidate** : सोनु कुमार राय, बिन्द टोली, पोस्ट- आरा चौक, आरा सदर, जिला-भोजपुर

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

**Name of the Election** : सदस्य बिहार विधान परिषद, उप निर्वाचन-2026

***Name of Constituency** : भोजपुर - सह- बक्सर स्थानीय प्राधिकार

I **Sonu Kumar Rai** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | IV अडिसनल जज भोजपुर (आरा), | आरा नगर 416/2016 | आरोप विरचित किए गए | धारा- 307, 326 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स अधिनियम, मारपीट जख्मी |
| 2. | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी भोजपुर (आरा), | कोईलवर 78/2015 | Pending | धारा-420, 406, 409, 120बी, 34 भा.द.वि. 7 ईसी एक्ट., जालसाजी |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & dates(s) of order(s) | Description of offence(s) punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | NA (Sl. No. 1 & 2) | NA (Sl. No. 1 & 2) | NA (Sl. No. 1 & 2) |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# थैलेसीमिया के मरीजों को समय से उपलब्ध कराएं रक्त : जिलाधिकारी

## जागरुकता को लेकर डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर आगामी 8 मई को जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी तैयारी को लेकर आज जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता कार्यालय प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि बेगूसराय जिले में लगभग 100 थैलेसीमिया रोगी हैं जिन्हें प्रत्येक माह नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि समय पर जांच, जागरूकता एवं आवश्यक जानकारी जनमानस तक पहुंचाकर इस रोग से काफी हद तक बचाव संभव है। विश्व थैलेसीमिया दिवस के सफल आयोजन तथा रोगियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं संस्थानों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया रोगियों को समय पर रक्त उपलब्ध हो, इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं तथा जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह, विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ भव्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी, जिला संचारी रोग पदाधिकारी, जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी, ब्लड बैंक के चिकित्सा पदाधिकारी, रोटरी ब्लड बैंक, मीरा नर्सिंग होम ब्लड बैंक एवं दृष्टि ब्लड बैंक के चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले में थैलेसीमिया रोगियों के लिए रक्त उपलब्धता की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा तथा इस बीमारी से बचाव एवं नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति तैयार कर कार्यान्वित की जाएगी।



## नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के विष्णुपुर पंचायत के गौरीपुर गांव से नावकोठी पुलिस ने एक नामजद वांछित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार प्राथमिकी नामजद गौरीपुर का मन्नू मियां का पुत्र मो आरिफ़ है। गौरीपुर के मो मसलेह ने थाने में लिखित एफआईआर दर्ज कराकर गांव के मो आरिफ़ सहित आठ लोगों को मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाकर नामजद किया था। उसने बताया कि मामूली विवाद में उसके तथा आरिफ़ के बीच नोकझोक हुई। नामजद सभी एक राय बनाकर उसके तथा उसके परिवार के सदस्यों को लाठी डंडे से पिटाई कर दिया जिससे एक साथ सात व्यक्ति जख्मी हो गए। जख्मियों का इलाज पीएचसी नावकोठी में किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु सघन छापामारी जारी है।

# जमालपुर के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर (मुंगेर)।** बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित विभिन्न राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में कृष्णा फिजिकल अकादमी जमालपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। 91वीं बिहार राज्य जूनियर और सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में अकादमी की धाविका लक्ष्मी कुमारी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। लक्ष्मी ने बालिका अंडर-20 आयु वर्ग की 3000 मीटर और 5000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दो रजत पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। वही 36वीं बिहार राज्य क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2025-26 क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी अकादमी के खिलाड़ियों ने कड़े संघर्ष और दमखम का परिचय दिया। बालिका वर्ग में लक्ष्मी कुमारी, पुरुष एवं बालक वर्ग में प्रिंस आलोक, अंकित, ज्योतिष, सोनू, आशीष शिवम कुमार, अंकित राज और लव कुमार ने अंडर-20 वर्ग में अपना दमखम दिखाया। अकादमी में हर्ष का माहौल खिलाड़ियों की इस सफलता पर कृष्णा फिजिकल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक और प्रबंधकों ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जमालपुर के इन युवाओं ने राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। लक्ष्मी कुमारी का दोहरा रजत पदक जीतना अकादमी के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगा। सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल सहित स्थानीय खेल प्रेमियों अजय कुमार अजीत ने सफल खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# उपन्यासकार अमरकांत की जन्मशताब्दी पर जेलेस ने की जिलास्तरीय परिचर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जनवादी लेखक संघ जिला इकाई की ओर से हिन्दी के लब्धप्रतिष्ठ कथाकार उपन्यासकार अमरकांत की जन्मशताब्दी के अवसर पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी भवन में परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसका विषय अमरकांत का रचनात्मक योगदान था। इसकी अध्यक्षता ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र साह ने की जबकि प्रो जिक्रुल्लाह खान ने संचालन किया। संगठन के उपाध्यक्ष अभिनन्दन झा ने जनवादी गीत पेश किया। इतर उपाध्यक्ष डॉ चन्द्रशेखर चौरसिया ने विषय- प्रवर्तन किया। जलेसं के जिलाअध्यक्ष डॉ राजेन्द्र साह ने 'अमरकांत का रचनात्मक योगदान' विषय केन्द्रित परिचर्चा में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि अमरकांत हिन्दी साहित्य में प्रेमचंद की परम्परा के संवाहक रचनाकार हैं। उन्होंने स्वतंत्र भारत के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक यथार्थ को अपनी कहानियों तथा उपन्यासों में अद्भुत शब्द-रूप प्रदान किया है। उनकी कहानियों में विशेषकर निम्नवर्गीय और मध्यवर्गीय जीवन के संघर्षों, अन्तर्विरोधों, रूढ़ियों, शहरी तथा ग्रामीण परिवेश का गहराई से पड़ताल होता दिखाई पड़ता है। जलेसं बिहार के राज्य सचिव कुमार विनीताभ ने कहा कि अमरकांत आजादी के बाद हिन्दी कथा साहित्य के अत्यंत महत्वपूर्ण कहानीकार हैं। वे नई कहानी आंदोलन से अभिन्न रूप से जुड़े हुए थे। उनके कहानी- संग्रह 'जिन्दगी और जोंक', 'देश के लोग', 'मौत का नगर', 'मित्र मिलन', 'कुहासा' तथा उपन्यास 'सूखा पत्ता', 'आकाशपक्षी', 'काले उजले दिन', 'सुखजीवी', 'बीच की दीवार', 'ग्रामसेविका', 'इन्हीं हथियारों से' प्रमुख हैं। उनकी अन्य रचनाओं में एक बाल-उपन्यास 'वानर सेना' और संस्मरण- 'कुछ यादें, कुछ बातें' हैं। उन्हें वर्ष 2007 में साहित्य अकादमी और वर्ष 2009 में ज्ञानपीठ सम्मानों से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी रचनाओं में सामंती शोषण का मर्मस्पर्शी वर्णन किया है। अखिल भारतीय राज्य अराजपत्रित सरकारी कर्मचारी महासंघ के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय ने कहा कि अमरकांत की कहानियों में मध्यवर्गीय लोगों के जीवनानुभवों और जिजीविषा का बेहद प्रभावशाली और अंतरंग चित्रण मिलता है। अक्सर सपाट नजर आनेवाले कथनों में भी वे अपने जीवंत मानवीय संस्पर्श के कारण अनोखी आभा पैदा कर देते हैं। इस अवसर पर जलेसं के उपाध्यक्ष प्रभा कुमारी, मुकेश कुमार, उमेश कुँवर 'कवि', चंदन कुमार, दीपक कुमार, संतोष अनुराग, मिथिलेश कान्ति, सिकंदर कुमार समेत कई साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किया। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला सचिव मोहन मुरारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आम नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए जिले में लगेगा सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार सरकार द्वारा आम नागरिकों की शिकायतों को तवरित एवं प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हर जिले में सहयोग शिविर की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत जिले में प्रत्येक मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह पहल बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत सबका सम्मान, जीवन आसान के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि सहयोग शिविर के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर ही आम नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा और उनके त्वरित निष्पादन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से काफी हद तक राहत मिलेगी। शिविर का शुभारंभ 19 मई को किया जाएगा। साथ ही, सभी पंचायतों को जुलाई 2026 तक आच्छादित करने के उद्देश्य से मई से जुलाई के बीच प्रत्येक मंगलवार को विशेष अभियान के तहत शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान 19 मई को बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत में जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री, अमरपुर पंचायत में उप विकास आयुक्त आकाश चैधरी, बेगूसराय सदर प्रखंड अंतर्गत हैवतपुर पंचायत में अपर समाहर्ता बृजकिशोर चैधरी, मोहनपुर पंचायत में नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, वीरपुर प्रखंड के नौला पंचायत में अपर समाहर्ता विभागीय जाँच महेश्वर प्रसाद सिंह, मटिहानी प्रखंड के रामदीरी 1 पंचायत में जिला पंचायत राज पदाधिकारी पूजा प्रीतम, रामदीरी 4 पंचायत में वरीय उप समाहर्ता पूजा कुमारी शिविर प्रभारी होंगे। इसी प्रकार शाम्हो प्रखंड के अकबरपुर बरारी पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार, बलिया प्रखंड के पोखरिया पंचायत में अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राखी कुमारी, साहेबपुर कमाल प्रखंड के सादपुर पश्चिम पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी तरणिजा, रहुआ पंचायत में विशेष कार्य पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार हर्ष प्रियदर्शी, डंडारी प्रखंड के कटरमाला पंचायत में उप सचिव खाद एवं उपभोगता संरक्षण विभाग बिहार पटना सुमन कुमार, चेरियाबरियारपुर प्रखंड के कुंभी पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, खोदावंदपुर प्रखंड के सागी पंचायत में नियाजी उप सचिव सूचना एवं प्रावैद्यिकी विभाग बिहार पटना शहनवाज अहमद, छौड़ाही प्रखंड के सहुरी पंचायत में विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना चितरंजन कुमार, बखरी प्रखंड के चकहमीद पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी बखरी सन्नी कुमार सौरभ शिविर प्रभारी होंगे। वहीं गढ़पुरा प्रखंड के कोरैय पंचायत में सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना सुनील कुमार, मालीपुर पंचायत में बंदोवस्त पदाधिकारी मो नरूल ऐन, नावकोठी प्रखंड के महेशवाडा पंचायत में जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार, तेघड़ा प्रखंड के पिढ़ौली पंचायत में प्रभारी जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मो शकील आलम, बछवाड़ा प्रखंड के रसीदपुर पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा राकेश कुमार, चिरंजीवीपुर पंचायत में उप सचिव पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सुषमा, भगवानपुर प्रखंड के मोख्तियारपुर पंचायत में भूमि सुधार उप समाहर्ता अभिषेक राज, मंसूरचक प्रखंड के साठा पंचायत में भूमि सुधार उप समाहर्ता मंकेश्वर कुमार उपस्थित रहकर शिविर का संचालन करेंगे तथा आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। शिविर के सफल संचालन के लिए आवेदन प्रक्रिया शिविर तिथि से 30 दिन पूर्व संबंधित पंचायत में प्रारंभ कर दी जाएगी और आयोजन पंचायत सरकार भवन अथवा अन्य चिन्हित सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा। शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण के लिए रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है तथा न्यायालयों में लंबित एवं निष्पादित मामलों की जानकारी भी शिविर स्थल पर प्रदर्शित की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अख्तियारपुर गांव निवासी ठाकुर राय का पुत्र राहुल कुमार (26) एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान मुसेपुर चौक के समीप किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। उसके साथ बैठा उसका एक साथी घायल हो गया है।जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया गया है। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# जीविका दीदियों का आमरण अनशन पांचवें दिन भी जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संग्रामपुर (मुंगेर)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में जीविका दीदियों का आमरण अनशन छठे दिन भी जारी है। अपनी मांगों को लेकर अनशन पर बैठी चार महिलाएं अब भी डटी हुई हैं। लगातार छह दिनों से भूखे-प्यासे रहने के कारण उनकी सेहत तेजी से बिगड़ती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता व आक्रोश देखा जा रहा है। मौके पर मौजूद मेडिकल टीम अनशनकारी महिलाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। बिगड़ती स्थिति को देखते हुए उन्हें सलाइन चढ़ाया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद उनकी हालत में खास सुधार नहीं हो रही है। जैसे-जैसे अनशन के दिन बढ़ते जा रहे हैं, वैसे-वैसे उनकी तबीयत बिगड़ती जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो गई है। पूर्व प्रमुख सुधीर दास ने प्रशासनिक अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में इस तरह की घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छह दिनों से महिलाएं अनशन पर बैठी हैं, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। मौके पर उपस्थित मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नंदकिशोर यादव, उपमुख्य पार्षद मनोज कुमार साह, वार्ड पार्षद राजेश केशरी और दीनानाथ यादव समेत कई जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर अनशनकारी महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो लोग सड़क पर उतरने को विवश होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी।



# शहर में छलावा साबित हो रही प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ो लाभुकों के आवंटित राशि का भुगतान नहीं होने पर जनता जनप्रतिनिधि एवं लाभुकों की एक बैठक नक्की नगर केशोपुर में हुई। अध्यक्षता करते हुए वार्ड पार्षद राकेश तिवारी ने कहा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना जमालपुर शहर में एक छलावा साबित हो रहा है। शहर में पिछले लोकसभा चुनाव के समय प्रथम किस्त के रूप में जिन-जिन व्यक्तियों का प्रधानमंत्री आवास योजना पास था उन्हें दे दिया गया। परंतु चुनाव खत्म होते ही समस्त लाभुको को पैसा रोक दिया गया है। अनेकों लोग अपना खफरा का मकान तोड़कर घर बनाने के लिए दीवाल खड़ा कर दिए परंतु दूसरा किस्त नहीं आने के कारण यह लोग ढलाई नहीं करवा सके हैं। किराया के मकान में रह रहे हैं। श्री तिवारी ने यह भी कहा जितना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पैसा मिलेगा उससे ज्यादा पैसा किराया देने में खर्च हो जाएगा फिर क्या लाभ है। प्रधानमंत्री आवास योजना फंड में आवास योजना के तहत राशि नहीं थी तो फिर चुनाव के समय 10 हजार देकर वोट लेकर फिर बैठ जाना यह जनता के साथ छलावा है।जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 मई को नगर परिषद के समक्ष प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि जल्द से जल्द मिलने के लिए बाध्य किया जाएगा। बैठक में उमेश मंडल, रूबी देवी, काजल देवी, रूपा देवी, महेश कुमार, उत्तम गुप्ता, दिनेश मंडल इत्यादि शामिल थे।



# खाली कराई गई शिव मंदिर की अतिक्रमित भूमि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** प्रखंड के घाघरा पंचायत अंतर्गत बदिया गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर नर्वदेश्वर महादेव बदिया की अतिक्रमित जमीन को रविवार को मंदिर कमिटी और ग्रामीणों के सहयोग से खाली कराया गया। इस दौरान गांव के महिला-पुरुष, युवा एवं जनप्रतिनिधि सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार, मंदिर की कुल जमीन लगभग 5 बीघा 12 कट्टा 15 धुर बताई जाती है। इसमें मंदिर के दक्षिण में 6 कट्टा, उत्तर में 6 कट्टा 15 धुर, विद्यालय के आगे ट्रांसफार्मर के पास 3 बीघा 10 कट्टा तथा चंद्रभागा नदी के पास करीब 1 बीघा 10 कट्टा जमीन शामिल है। उक्त जमीन पर लंबे समय से कुछ लोगों द्वारा मंदिर के दक्षिण साइड झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किया गया था, जबकि अन्य जमीन पर खेती बाड़ी की जा रही है। अतिक्रमण हटाने को लेकर करीब दो महीने पूर्व सामाजिक स्तर पर पंचायत की गई थी। जिसमें सर्वसम्मति से वैशाख पूर्णिमा तक मंदिर की अतिक्रमित जमीन को खाली करने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय के बाद कई लोगों ने स्वेच्छा से अपना डेरा हटा लिया था, जबकि कुछ लोगों ने अब तक कब्जा नहीं छोड़ा था। रविवार को मंदिर कमिटी ने ग्रामीणों के सहयोग से अभियान चलाकर शेष अतिक्रमण भी हटवाया। इस दौरान हल्की कहासुनी की स्थिति भी उत्पन्न हुई, जिसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। संबंधित लोगों को समझाने के लिए थाना बुलाया गया। इस अभियान में उप सरपंच राम सेवक वर्मा, रामकिशन यादव, अनिल यादव, अर्जुन यादव, रेनू यादव, मेंथो यादव, वार्ड प्रतिनिधि पवन यादव, कुशेश्वर यादव, संजीव, राम भजन, राजा, विक्रम, कुंदन एवं कमलेश सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

# नकली पार्ट्स बेचने वालों पर पुलिस का एक्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** थाना क्षेत्र में नकली ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स बेचने का मामला सामने आया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के नाम पर नकली पार्ट्स बेचने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की मौजूदगी में एक दुकान पर छापेमारी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खगड़िया जिले के गोगरी थाना क्षेत्र अंतर्गत उसरी गांव निवासी संजीव कुमार, जो वर्तमान में सी31 कन्सल्टेन्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में ऑपरेशन मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। संजीव कुमार ने बखरी थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अंबेडकर चौक स्थित ह्लटेक्नो इंडिया स्पेयर्स पार्ट्स नामक दुकान में महिंद्रा कंपनी के नाम पर नकली स्पेयर पार्ट्स बेचे जा रहे हैं। यह दुकान मक्खाचक निवासी स्व भोला चौरसिया के पुत्र रंजीत चौरसिया द्वारा संचालित की जाती है। सूचना के आधार पर 1 मई को सब इंस्पेक्टर राजेंद्र राम के साथ उक्त दुकान पर छापेमारी की गई। जांच के दौरान दुकान से महिंद्रा कंपनी के नाम पर कई संदिग्ध एवं कथित नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद किए गए। इस दौरान बखरी थाना के सब इंस्पेक्टर विक्रम चौधरी, अरुण कुमार, महिंद्रा कंपनी के सतीश चंद्र, अंसार खान आदि मौजूद रहे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और बरामद पार्ट्स की सत्यता की पुष्टि की जा रही है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया दोषी दुकानदार के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई है।

# डीजे कॉलेज में विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** आरडी एंड डीजे कॉलेज के हिंदी स्नातकोत्तर विभाग में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2024-26 के छात्रों को विदाई दी गई। वहीं सत्र 2025-27 के नए विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य प्रो. बिजेंद्र प्रसाद यादव ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष प्रो. अवनीश कुमार पांडे, प्राध्यापक राजीव सर, राकेश सर एवं संजय सर विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। गीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे हॉल को तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया। विशेषकर, सत्र 2024-26 की छात्रा सान्या सानू के सुरीले गीत ने समारोह के माहौल को भावुक और यादगार बना दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्रा रिमझिम कुमारी और स्वेच्छा कुमारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सुमित राज ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में दोनों सत्रों के विद्यार्थी भारी संख्या में मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से हिमांशु, करण, निकेश, पूजा, पल्लवी, तृप्ति, कोमल और भावेश समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## हल्की बारिश से सड़कों पर जल जमाव

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को हुई हलकी बारिश में सड़कों की हालत बदतर हो गई है। मुख्यालय पंचायत नावकोठी की सभी सड़कों पर जलजमाव हो जाने से राहगीरों को इन पर चलना मुश्किल हो गया है। एपीएस मध्य विद्यालय के सटे पश्चिम से बाजार आने वाली सड़क पर जलजमाव से राहगीरों को पानी होकर गुजरना पड़ता है। इसमें बना गड्ढा पानी जमा रहने से दिखाई नहीं देता है। इससे बाइक सवार, साइकिल सवार तथा ई रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। कवि जी चौक से आयुर्वेदिक औषधालय जाने वाली सड़क, मुख्य बाजार में बिरजू मिष्ठान्न भंडार के समीप, योगेन्द्र चौधरी के घर के समीप, बाजार के पश्चिमी छोड़ पर पुरूषोत्तम जायसवाल के घर के समीप, वार्ड संख्या 8 में पूर्व पंचायत समिति आरती कुमारी के घर के समीप, शिवशंकर साह के घर के समीप, पुरानी मछली बाजार की सड़क पर जल जमाव, संस्कृत विद्यालय के पीछे पुरानी दुर्गा मंदिर जाने वाले रास्ते के तीन मोहानी पर भी जलजमाव होने से, बाजार आने वाली सड़क पर चलने वाले राहगीरों को काफी परेशानी होती है।

# एनकाउंटर की न्यायिक जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** बिहार में बढ़ते अपराध के बीच हो रहे पुलिसिया जुल्म और एनकाउंटर को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने बिहार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर न्यायिक जांच की मांग की है। सपाध्यक्ष ने अपने लिखे पत्र में कहा की बिहार मे अचानक से अपराधीक घटना मे बेतहाशा बढ़ोत्तरी निश्चित तौर पर छुपी नहीं होगी। बढ़ते अपराधिक घटना के बिच पुलिसिया जुल्म और एनकाउंटर का खेल बिहार के शासन प्रशासन के साथ ही कानून पर भी सवाल खड़ा कर रहा है की एक तरफ सत्ता संरक्षित हिस्ट्रीशीटर मलाई चाट रहे है और दूसरी तरफ सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए एनकाउंटर के बहाने अपनी पीठ थपथपाने में लगी है जो कहीं से भी न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। सपाध्यक्ष ने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता के तहत पुलिस को अगर जान का खतरा हो और जवाबी कार्रवाई में मौत हो जाए तो एनकाउंटर वैध हो सकता है लेकिन बिना खतरा के फर्जी मुठभेड़ दिखाकर मारना सीधा-सीधा हत्या है।

## पटना-दुमका ट्रेन से आरपीएफ ने बरामद की अंग्रेजी शराब

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर खड़ी पटना दुमका ट्रेन से आरपीएफ की टीम ने अंग्रेजी शराब बरामद की है। ट्रेन से बरामद हुए अंग्रेजी शराब के बारे में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि सूचना मिली कि पटना दुमका ट्रेन से अंग्रेजी शराब का खेप लायी जा रही है। इस सूचना पर आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोच नंबर एम-2 के बाथरूम के समीप एक लावारिस अवस्था में रखे गए ब्रीफकेस मिली। उक्त ब्रीफकेस को पोस्ट लाया गया और खोल कर देखा तो उसमें अंग्रेजी शराब का 7 बोतलें रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की जो 750 एमएल मिली। इंस्पेक्टर ने बरामद शराब मामले में जब्ती सूची बनाते हुए आबकारी विभाग मुंगेर को कार्रवाई के लिए सौंप दिया।

# घर में घुसकर धारदार हथियार से महिला का गला काटा, घायल

### बिहिया थाना के कटेयां गांव में घटी घटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के कटेयां गांव में रविवार की देर रात घर में घुसकर एक बदमाश ने महिला की गला काट दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना के बाद भाग रहे आरोपित को उसके पति एवं देवर द्वारा दबोच लिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना को लेकर गांव में आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। जानकारी के अनुसार महिला थाना क्षेत्र के कटेया गांव वार्ड नंबर-14 निवासी आशीष कुमार शर्मा की 22 वर्षीया पत्नी अनु कुमारी है। इधर घायल महिला के देवर आदित्य कुमार ने बताया कि उनके पति बनाही बाजार स्थित आभूषण दुकान में काम करते हैं। गुरुवार की रात जब उनके ससुर मुन्ना सेठ दुकान बंद कर बाइक से वापस घर लौट रहे थे उसी दौरान फिनगी फाटक के समीप उनका एक्सीडेंट हो गया था। इस दौरान वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, उनका दोनों पैर टूट गया था। जिसको लेकर परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा से वाराणसी ले गए थे। जबकि घर में उसकी दो भाभी और वह था। इसी बीच रविवार की देर रात गांव के ही एक युवक उनके घर में चोरी की नीयत से घुस गया। इस दौरान भाभी की नींद खुल गई, तभी युवक द्वारा उनका गर्दन काट दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दूसरी तरफ घायल महिला के देवर आदित्य कुमार ने चोरी करने के नियत से घर में घुसने व विरोध करने पर अपनी भाभी का गला काटकर घायल करने का आरोप लगाया है। वही इस संबंध में बिहिया थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार ने बताया कि त्वरित कार्रवाई कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित उसी गांव के निवासी वासुदेव यादव का पुत्र ऋषि राज है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया था। तब एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच साक्ष्य को इकट्ठा किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि संबंध में घायल महिला अनु कुमारी के फर्द बयान पर ऋषि राज के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में उसके द्वारा बताया गया है कि उसके पति ससुर का इलाज करने के लिए वाराणसी गए थे। तभी देर रात दरवाजा खटखटाने की आवाज आई, तो उसने सोचा कि उसके पति आए हैं। जब वह दरवाजा खोलने गई, तो दरवाजे पर आरोपी युवक खड़ा था और वह जबरन घर में घुसकर उससे बातचीत करने लगा। तभी उसके पति भी आ गए। उसी बीच उसके द्वारा जान मारने की नियत से धारदार हथियार से उसका गर्दन पर वार कर गया। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। वही जख्मी का इलाज कर रहे सर्जन डॉ. विकास सिंह ने बताया कि घायल महिला का गर्दन दो-तीन जगह पर कटा हुआ था। खून भी काफी बह गया था। फिलहाल उसका प्राथमिक उपचार कर डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया।

# सहयोग शिविर में जनता की समस्याओं का होगा ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** जिला प्रशासन, रोहतास द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'सहयोग शिविर कार्यक्रम' की शुरुआत की गई है। यह शिविर जिले के सभी प्रखंडों में तीन चरणों में 19 मई, 02 जून और 16 जून 2026 को आयोजित होंगे। जारी शिड्यूल के अनुसार विक्रमादित्य क्षेत्र के बिक्रमगंज, दावथ, दिनारा, काराकाट और संझौली प्रखंडों में भी शिविर लगेंगे। इन शिविरों की अध्यक्षता संबंधित वरीय पदाधिकारी करेंगे। बिक्रमगंज प्रखंड : यहाँ 19 मई को मानपुर पंचायत, 02 जून को खैरा भूधर और 16 जून को जमोढ़ी पंचायत में शिविर लगेगा। इसकी जिम्मेदारी भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिक्रमगंज को दी गई है। दावथ/सूर्यपुरा प्रखंड : जिला परिवहन पदाधिकारी की देखरेख में 19 मई को गिथा पंचायत, 02 जून को शिवोबहार और 16 जून को सहिनांव में शिविर आयोजित होगा।

दिनारा प्रखंड : अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के नेतृत्व में 19 मई को लिलवक्ष पंचायत, 02 जून को अकोढ़ा पंचायत और 16 जून को भुई पंचायत में शिविर लगेगा।

काराकाट प्रखंड : बंदोबस्त पदाधिकारी के द्वारा 19 मई को जयश्री पंचायत, 02 जून को सोनवर्षा पंचायत और 16 जून को काराकाट पंचायत में शिविर का संचालन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 02 जून को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक भी काराकाट के अमौना में उपस्थित रहेंगे।


संझौली/राजपुर प्रखंड : अपर समाहर्ता (लोक शि0 नि0) के निर्देशन में 19 मई को चाँदी इंग्लिश, 02 जून को वरना पंचायत और 16 जून को उदयपुर पंचायत में शिविर लगेगा।

जिला प्रशासन के हवाले से बताया गया है कि इन शिविरों में राजस्व, भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को शिविर में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को अपने प्रखंड/पंचायत में लगने वाले शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। इस पहल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करना है।

# अपराध एवं भ्रष्टाचार पर सरकार कर रही है सख्त कार्रवाई : विजय चौधरी

### बंगाल चुनाव मे भाजपा रचेगी इतिहास, बहुमत के साथ बनाएगी इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने राजद एवं कांग्रेस पर वोट की खातिर मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों द्वारा इस समाज का हमेशा भावनात्मक शोषण किया है। श्री चौधरी आज समस्तीपुर शहर के लोहिया आश्रम मे जदयू द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी स्पष्ट रुप से कहा है कि एनडीए सरकार सांप्रदायिकता के मामले में जो जीरो टॉलरेंस की नीति है उसी का पालन किया जायेगा। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से किसी के बहकावे में नहीं आने की अपील की। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक मुद्दो पर किसी भी हालत में कोई समझौता नहीं करेगी।

उप मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बंगाल चुनाव मे भाजपा इतिहास रचेगा और बहुमत के साथ सरकार बनायेगी।

इस कार्यक्रम मे समस्तीपुर की सांसद शाम्भवी चौधरी, भाजपा के विधान पार्षद तरूण कुमार, भाजपा विधायक बीरेंद्र कुमार, जदयू की विधायक अश्वमेध देवी व राजकुमार राय और जदयू जिलाध्यक्ष दूर्गेश राय समेत अन्य नेता उपस्थित थे।

## चलती बाइक से गिरी महिला

**बांका।** अमरपुर-बांका मुख्य मार्ग पर कुंडा पुल के समीप रविवार करीब 11 बजे एक महिला चलती मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घायल महिला की पहचान परनाथपुर गांव निवासी अनिल यादव की पत्नी मीना देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में महिला के पुत्र आशीष ने बताया कि वह अपनी मां को बांका स्थित ननिहाल से लेकर अपने गांव परनाथपुर लौट रहा था। इसी दौरान कुंडा पुल के पास अचानक उनकी मां बाइक से नीचे गिर गईं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद तुरंत डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल अमरपुर में भर्ती कराया।

# महिला सिपाही के प्रेम प्रसंग में दो चालकों के बीच गोलीबारी

### परैया थाना और कोतवाली थाने के चालकों के बीच विवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी में एक महिला सिपाही के प्रेम प्रसंग में दो अलग-अलग थानों के चालकों के बीच गोलीबारी हुई है। बताया जा रहा है कि परैया थाना और कोतवाली थाने के चालकों के बीच विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर एक चालक ने फायरिंग कर दी। घायल की पहचान नीरज और आरोपित की पहचान गौतम के रूप में हुई है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कोइरीबारी के पास की बताई जा रही है। वारदात के बाद सिविल लाइन थाने की पुलिस ने आरोपी गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद घायल नीरज खुद बाइक चलाकर कोतवाली थाना पहुंचा, जहां से उसे इलाज के लिए पिलग्रिम अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। यहां नीरज का इलाज चल रहा है।

**सिलसिलेवार तरीके से जानिए पूरा मामला**

परैया थाना में कार्यरत प्राइवेट ड्राइवर गौतम और कोतवाली थाना के ड्राइवर नीरज के बीच लंबे समय से महिला सिपाही को लेकर तनाव चल रहा था। सूत्रों की मानें तो आरोपी गौतम ने पहले नीरज की गतिविधियों पर नजर रखी और फिर प्लानिंग के तहत तड़के देसी कट्टे से नीरज के सीने में गोली दाग दी। महिला सिपाही सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पितामहेश्वर के पास किराए के मकान में रह रही है। शुक्रवार की देर रात कोतवाली पुलिस का ड्राइवर उसके कमरे पर पहुंचा। इस बात की सूचना किसी ने परैया थाने के प्राइवेट ड्राइवर को दी। इस बात की सूचना मिलते ही परैया पुलिस का प्राइवेट चालक परैया पितामहेश्वर महिला सिपाही के कमरे पर पहुंचा और कोतवाली पुलिस के चालक को गोली मार दी। मामला वारदात के बाद नीरज ने कोतवाली थाना पहुंचकर पूरे वारदात की जानकारी दी। इसके बाद घटना की सूचना सीनियर अधिकारियों को दी गई। फिर आरोपी गौतम की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। गयाजी के सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा लगता है। आरोपी गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ये भी खंगाल रही है कि वारदात को पहले से बनाए गए प्लान के तहत अंजाम दिया गया है या फिर अचानक हुए विवाद का परिणाम है। आरोपी गौतम तक कैसे पहुंचा देसी कट्टा पुलिस इस बिंदू पर भी जांच पड़ताल कर रही है कि आखिर आरोपी गौतम के पास देसी कट्टा कहां से आया, उसने देसी कट्टा कहां से कितने रुपए में अरेंज किया। पुलिस अब हथियार के स्रोत के साथ-साथ, आरोपी की मंशा और महिला सिपाही की भूमिका समेत अन्य पहलुओं की जांच में जुट गई है।

# जमीनी स्तर के नेता के रूप में थी प्रवीण सिंह कुशवाहा की पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** बिहार के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं भागलपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्व प्रवीण सिंह कुशवाहा का अंतिम संस्कार आज यहां किया गया। उनके बड़े पुत्र शानू कुमार ने मुखाग्नि दी। भागलपुर के बरारी घाट पर उत्तर वाहिनी गंगा किनारे रविवार को उनके पार्थिव शरीर के पहुंचने पर बिहार एवं झारखंड के कई दिग्गज कांग्रेसी नेताओं ने उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। झारखंड के मंत्री दीपिका सिंह पांडे, संजय यादव तथा भागलपुर के पूर्व विधायक अजित शर्मा पहुंच कर स्व कुशवाहा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और इसे कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इसके पहले उनके पार्थिव शरीर के भागलपुर पहुंचते ही स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमलोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने स्थानीय कांग्रेस भवन में रखे उनके पार्थिव शरीर का दर्शन किया। तत्पश्चात स्व कुशवाहा के पैतृक गांव जिच्छो में उनका पार्थिव शरीर को लाया गया। उनके परिजनों एवं ग्रामीण जनता के दर्शन के बाद उनकी शवयात्रा गांव से निकल कर भागलपुर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए श्मशान घाट पर पहुंची। मालूम हो कि दिल्ली से पटना लौटने के क्रम में उत्तर प्रदेश के कन्नौज शहर के पास उनकी कार के दुघर्टनाग्रस्त होने के कारण कांग्रेसी नेता प्रवीण सिंह कुशवाहा की दर्दनाक मौत हो गई थी। स्व कुशवाहा की गिनती बिहार में कांग्रेस के बड़े नेताओं में होती थी। हाल ही में उन्हें भागलपुर का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। इसके पहले वे कांग्रेस के उपाध्यक्ष और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य चुके थे। विगत वर्ष उन्होंने जिले के कहलगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में विधानसभा का चुनाव लड़ा था।

प्रवीण सिंह कुशवाहा को संगठन में उनकी पहचान एक सक्रिय और जमीन से जुड़े नेता के रूप में रही है. वे लगातार संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर काम कर रहे थें। इधर उनके निधन की खबर मिलते ही प्रदेश और जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। कांग्रेस संगठन से जुड़े लोगों ने इसे बड़ी क्षति बताया है।

## मकान सूचीकरण में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को स्कूलों में भी बनानी होगी उपस्थिति

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीईओ मनोज कुमार द्वारा भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण में प्रतिनियुक्त शिक्षकों की उपस्थिति एवं कार्य निष्पादन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। जनगणना के प्रथम चरण का कार्य शनिवार से 31 मई तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में जनगणना कार्य में लगाए गए सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को अपने-अपने मूल विद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज करनी होगी। डीइओ ने बताया कि शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावित होने से बचाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है कि सभी प्रतिनियुक्त शिक्षक प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 9:30 बजे तक विद्यालय में कक्षा संचालन सुनिश्चित करेंगे।

# उत्पाद विभाग की टीम ने ट्रक से भारी मात्रा में शराब की बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मकेर थाना की पुलिस ने मघनिषेद विभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मघनिषेद विभाग से सूचना प्राप्त हुई थी कि राजस्थान नम्बर की एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब मुजफ्फरपुर जा रही है।

इस सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने रेवाघाट पूल के समीप वाहन जांच शुरू कर दिया। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक राजस्थान नम्बर की ट्रक को रोक कर जब उसकी जांच की गई तो उक्त ट्रक से 11233.80 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने राजस्थान के बाड़मेर जिले के बायतु थाना क्षेत्र के कोलू गांव निवासी ट्रक चालक कैसा राम को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध बिहार मघनिषेद एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## खेत देखने जा रहे युवक की करंट से मौत

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में खेत देखने जा रहे एक व्यक्ति की मौत विधुत स्पर्शाघात से हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूरतपुर गांव निवासी ढोड़ा महतो (45) अपने खेत में लगे मक्का की फसल देखने जा रहा था। इसी दौरान खेत के समीप गिरे स्वचालित विधुत तार की चपेट में आ गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

पुलिस इस मामले में मृतक के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# मास्क टीवी की नई वेब सीरीज 'अश्किया इश्किया' रिलीज, ऐप पर हुई स्ट्रीमिंग शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** मास्क टीवी ने अपनी नई ओरिजिनल वेब सीरीज़ ़अश्किया इश्किया़ को आधिकारिक रूप से रिलीज़ कर दिया है। छह एपिसोड वाली यह फैमिली ड्रामा सीरीज़ प्लेटफॉर्म के इमोशनल और कैरेक्टर-आधारित कंटेंट को और मजबूत बनाती है। सीरीज़ का निर्माण अंजू भट्ट और चिरंजीवी भट्ट ने किया है। इसकी कहानी एक शहरी कस्बे खातेगांव पर आधारित है, जहाँ एक पिता रामनाथ और उनकी बेटी रानो के रिश्ते में आने वाले बदलावों को दर्शाया गया है। सलीम के जीवन में आने के बाद उनके संबंधों में नई जटिलताएँ पैदा होती हैं, जो परिवार, सामाजिक पहचान और सच्चाई को चुनौती देती हैं। सीरीज़ समाज में प्रचलित संवेदनशील मुद्दों को भी छूती है और यह दिखाती है कि व्यक्तिगत फैसले सामाजिक धारणाओं को कैसे प्रभावित करते हैं।

चैनल प्रोड्यूसर मानसी भट्ट ने कहा कि यह सीरीज़ दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी। अब इसे मास्क टीवी के नए ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकता है।

# भाकपा माले कार्यालय में संयुक्त यूनियन की बैठक

### कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रखंडों में बैठक का लिया गया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भाकपा माले जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन में अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा, बिहार राज्य खेतमजदूर यूनियन और बिहार प्रांतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बिहार प्रांतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के नेता कामरेड रामभजन ने की। बैठक को संबोधित करते हुए खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने जी रामजी ग्राम जी का झुनझुना थमा 4 श्रम कोड को लागू कर ग्रामीण मजदूरों और श्रमिकों के काम के अधिकार पर बर्बर हमला कर तबाह और बर्वाद करने की कार्रवाई की है। इस तबाही और बर्वादी के खिलाफ बोलने व आंदोलन से मोदी सरकार इतनी डरती है कि बौखलाहट में घबराकर पुलिस दमन और आंदोलनकारी को जेलों में डाल दी जाती है। बिहार राज्य खेत मजदूर यूनियन के नेता राजेंद्र सहनी ने कहा बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों को उजाड़ने पर रोक लगाई जाए नहीं तो बुलडोजर राज के खिलाफ ग्रामीण मजदूरों का संघर्ष तेज होगा। बिहार प्रांतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन नेता रामभजन सिंह ने कहा कि ग्रामीण मजदूरों के अधिकार पर हमला के खिलाफ 20 मई को ग्रामीण मजदूर हड़ताल कर पंचायत व पंचायत सरकार भवनों पर प्रदर्शन कर हस्ताक्षरित मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति को भेजेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए 5 मई को डंडारी, बलिया, साहेबपुरकमाल और साम्हो 6 मई को बछवाड़ा, मंसूरचक और भगवानपुर 7 मई को नावकोठी, बखरी और गढ़पुरा 8 मई को तेघड़ा, बरौनी और वीरपुर 9 मई को चेरिया बरियारपुर, खोदावंदपुर और छौडाही 10 मई को बेगूसराय और मटिहानी प्रखंडों की बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा, बिहार प्रांतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन नेता रामभजन सिंह,सूरज रजक, बिहार राज्य खेतमजदूर यूनियन नेता राजेंद्र सहनी, अशोक पासवान, गोवर्धन तांती शामिल थे।

# एकमा में दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

### ससुराल में तिलक समारोह में शामिल होने आए थे युवक, ट्रक की चपेट में आने से गई जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**छपरा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में छपराऽसिवान नेशनल हाईवे-531 पर एकमा स्थित परसागढ़ मोड़ के समीप रविवार को हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।

मृतक की पहचान रसूलपुर थाना क्षेत्र के लाकठ छपरा गांव निवासी स्व. कमल साह के 35 वर्षीय पुत्र बीरेंद्र साह के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि वह एकमा थाना क्षेत्र में स्थित अपने ससुराल भुईली गांव में आए थे। जहां से उनको अपनी साली के तिलक समारोह में शामिल होने जाना था। इसके पूर्व वे एकमा बाजार में अपनी बाइक की मरम्मत कराने पहुंचे थे। मरम्मत के बाद जब वे वापस भुईली अपनी ससुराल लौट रहे थे, तभी छपरा से सिवान की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा ट्रक को जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है और फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# योजना ने हजारों कामगारों व मेहनती लोगों की बदली दुनिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सक्सेस स्टोरी**

**पटना।** बिहार सरकार की लघु उद्यमी योजना राज्य के महिलाओं व पुरुषों के लिए आत्मनिर्भरता का प्रतीक माना जा रहा है। उद्योग विभाग की तरफ से शुरू किये गये। इस योजना ने बिहार के सभी कस्बों व गांव में छोटे-बड़े व्यापार का सूत्रधार बन चुकी है। गांव-गांव में सालों से संसाधन की कमी के कारण कर्मठ व मेहनती महिला व पुरुष अपने पसंदीदा बिजनेस को शुरू नहीं कर पा रही थी। योजना के आने के बाद बिहार सरकार से ऋण प्राप्त करके अब ब्यूटी पार्लर, मोबाइल स्टोर, चक्की मिल जैसे व्यवसाय शुरू करके राज्य व देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है। इसके अलावा गांव-गांव में खुल रहे छोटे व्यापार से ग्रामीणों को भी सीधा लाभ मिल रहा है। छोटे-बड़े कामों के लिए अब शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

**लघु उद्यमी योजना ने वैशाली की धर्मशीला के सपने किये पूरे कमा रही महीने का 20 हजार**

योजना की लाभार्थी वैशाली लालगंज की रहने वाली धर्मशीला कुमारी ने बताया कि वे कम उम्र से ही ब्युटीशियन का काम रही थी। उन्हें शुरू से ही गांव में खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने का सपना संजोये रखी थी लेकिन परिवार में संसाधन की कमी के कारण पूरा नहीं हो सका था। बिहार सरकार की लघु उद्यमी योजना का लाभ मिलने के बाद धर्मशीला कुमारी ने ही गांव में ही खुद का ब्यूटी पार्लर शुरू कर लिया है। जिसमें गांव की महिला सजने-संवरने के लिए आया करती है। उन्होंने यह भी बताया कि उद्योग शुरू करने के लिए उनके पास मशीनें, सौन्दर्य, प्रसाधन, कुर्सियां, शीशा आदि उपकरण मौजूद है। लघु उद्यमी योजना के लाभ से 20 हजार कमा कर आज उनके सपनों को पूरा करके महिलाओं के लिए प्रेरणा क स्रोत बन चुकी।

**योजना ने दूसरों की दुकानों में काम करने से दिलाई मुक्ति खोला खुद का मोबाइल रिपेयरिंग दुकान**

वैशाली के बिदुपुर गांव के रहने वाले लाभार्थी अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि वे कई सालों से दूसरों की दुकान में छोटे-बड़े काम किया करते थे। जिससे उनके घर की आर्थिक स्थिति में कोई खास सुधार नहीं वे हमेशा से चाहते थे कि वे अपने मेहनत को दूसरे के लिए नहीं बल्कि खुद के आर्थिक विकास के लिए करें। परिवार में संसाधन के अभाव के कारण वे आगे विकास नहीं कर पा रहे थे। उद्योग विभाग की लघु उद्यमी योजना का लाभ मिलने के बाद आज अमरेन्द्र आज अपने ही गांव में खुद का दुकान शुरू कर लिया है। जिससे वे अपने परिवार की जीविका बेहद आराम से चला पा रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री की लघु उद्यमी योजना के लिए बिहार सरकार का कोटि-कोटि धन्यवाद किया है।

# 40 किमी नाइट मार्च से गुलजार पुलिस केंद्र

## प्रशिक्षु सिपाहियों ने दिखाई अदम्य क्षमता






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले के पुलिस केंद्र में 2 मई की रात एक ऐतिहासिक प्रशिक्षण अभ्यास देखने को मिला, जब प्रशिक्षु सिपाहियों ने 40 किलोमीटर लंबा नाइट मार्च सफलतापूर्वक पूरा किया। कठिन परिस्थितियों में आयोजित इस विशेष अभ्यास ने जवानों के जज़्बे, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की एक नई मिसाल पेश की। रात के अंधेरे में निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़ते हुए प्रशिक्षु सिपाहियों ने शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और टीम वर्क का भी शानदार प्रदर्शन किया। पूरे मार्च के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया गया और अधिकारियों की सतत निगरानी में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस नाइट मार्च का मुख्य उद्देश्य जवानों को आपात परिस्थितियों, लंबी दूरी के ऑपरेशन और चुनौतीपूर्ण हालात में कार्य करने के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान जवानों ने न केवल अपनी सहनशक्ति का परिचय दिया, बल्कि एक-दूसरे के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना को भी मजबूत किया। अधिकारियों ने प्रशिक्षु सिपाहियों के इस प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कठोर अभ्यास भविष्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपदा प्रबंधन और विशेष अभियानों में अहम भूमिका निभाते हैं। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि पुलिस बल के ये नवप्रशिक्षित रक्षक आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस सफल आयोजन ने पुलिस विभाग की प्रशिक्षण प्रणाली की मजबूती और जवानों की प्रतिबद्धता को उजागर किया है, जिससे आमजन में सुरक्षा के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा।

# घरेलू विवाद में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## पुलिस ने आरोपित पति को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा (औरंगाबाद)**। अंबा थाना क्षेत्र के देवरा गांव में एक विवाहिता ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता उक्त गांव निवासी मंटू भुइयां के 20 वर्षीया पुत्री अंजलि कुमारी बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर घरेलू विवाद होता था। छोटी-छोटी बातों को लेकर दोनों के बीच अक्सर लड़ाई होता था। शनिवार की रात्रि भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद अंजलि ने फांसी लगाकर अपना जीवन समाप्त कर ली। इधर घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर गांव पुलिस पहुंची तो शव आंगन में पड़ा था। वहीं ससुराल के लोग फरार थे। घटना की सूचना मृतका के मायके वालों को दी गई। सूचना पर मायके वाले बेटी के घर पहुंचे तो देखा की शव पड़ा है। शव देखते ही परिजन रोने लगे। स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतका की मां गया जी के डुमरिया निवासी अशवा देवी ने बताया कि उनकी बेटी की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही मंटू अक्सर शराब के नशे में अंजलि के साथ मारपीट करता था। साथ ही उसे प्रताड़ित करता था। मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न से तंग आर उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली। इधर अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि घटना की सूचना मिली तो गांव पहुंच मामले में गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई है। मृतका के मां के बयान पर प्राथमिकी कर आरोपी पति मंटू भुइयां को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी पति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, बैकलॉग समाप्ति को ले प्रशासन प्रतिबद्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**औरंगाबाद**। गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6951 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6791 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके अतिरिक्त आकांशा एचपी गैस एजेंसी देव में निरंतर पर्यवेक्षण से बैकलॉग शून्य हो गया है एवं सभी उपभोक्ताओं की मांगे ससमय पूर्ण की जा रही है।जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 02 मई तक जिला में कुल नए 238 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है| अभी तक औरंगाबाद जिला में 7 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 2 मई को प्राप्त कुल 4 शिकायतों में से 4 का निष्पादन कर दिया गया है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## गुमशुदा मासूम को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**औरंगाबाद**। चार वर्षीय एक मासूम बच्ची को गोह पुलिस ने सकुशल बरामद किया है। दरअसल, थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी प्रमिला देवी खरीदारी को बाज़ार गई थी, जहां उनकी बेटी रोशनी कुमारी हाथ से छूटकर भीड़ में कहीं खो गई। इस दौरान उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिली। तत्पश्चात उसने स्थानीय पुलिस से संपर्क की ओर गुमशुदा बच्ची की खोजबीन की मांग की। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बच्चे को सीसीटीवी एवं अन्य तकनीकी सहायता से सकुशल बरामद कर मासूम बच्चों को सुपुर्द किया। बेटी को पाकर प्रमिला देवी काफी खुश हुए और पुलिस टीम के प्रति आभार जताया है।

# पंचायत स्तर पर लगने वाले सहयोग शिविर में होगा समस्याओं का समाधान

## 'सहयोग शिविर' का आयोजन 19 मई को




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। आम नागरिकों की शिकायतों के सुलभ प्राप्ति एवं उनके प्रभावी तथा त्वरित निवारण के उद्देश्य से बिहार सरकार के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिला अंतर्गत पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन मई माह के तृतीय मंगलवार, यानी 19 मई 2026 को किया जाएगा। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उक्त तिथि को आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होंगे। इस क्रम में विभिन्न प्रखंडों के चयनित पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें औरंगाबाद प्रखंड के फेसर एवं खैरा मिर्जा, बारुण प्रखण्ड के धमनी, देव प्रखंड के हसौली, मदनपुर प्रखण्ड के सलेया, कुटुम्बा प्रखंड के रिसियप, नवीनगर प्रखंड के टण्डवा, ओबरा प्रखंड के डिहरी, दाउदनगर प्रखंड के तरारी, गोह प्रखंड के डिहुरी, हसपुरा प्रखंड के अहियापुर तथा रफीगंज प्रखंड के मेटनिया पंचायत शामिल हैं। उक्त शिविरों में आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का स्थल पर पंजीकरण किया जाएगा तथा यथासंभव त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु 30 दिनों के अंदर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में आमजनों की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए हैं। अतः जिला प्रशासन, औरंगाबाद द्वारा आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें तथा सरकार संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करें।

# दो चरणों में संपन्न होने वाली जनगणना को लेकर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग' कार्य जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में सभी प्रगणकों द्वारा किया जा रहा है। इस चरण के अंतर्गत जिले के सभी घरों का सूचीकरण किया जाएगा तथा प्रत्येक घर पर हाउसहोल्ड नंबर अंकित किया जा रहा है। यह प्रक्रिया जनगणना का एक महत्वपूर्ण आधार है, जिसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। मकानों की नंबरिंग एवं एचएलबी का नज़ारी नक्शा तैयार करने का कार्य 4 मई तक सभी प्रगणकों द्वारा अपने-अपने हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में पूर्ण किया जाना है। उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण संकलन का कार्य दिनांक 02 मई से 31 मई तक किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न होगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से जिले के प्रत्येक घर, परिवार एवं नागरिक से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं का संकलन किया जाएगा। जनगणना कार्य में लगे प्रगणक एवं पर्यवेक्षक निर्धारित समयावधि में अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह कार्य संपादित करेंगे। इस दौरान नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जनगणना को सफल बनाएं। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलावासियों से अपील की जाती है कि वे इस महत्वपूर्ण जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय दायित्व के सफल क्रियान्वयन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## पुलिस की कार्रवाई में 14 लोग भेजे गए जेल

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 14 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी में 1, हत्या प्रयास में 12, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 29 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 331 लीटर देसी शराब, 100 लीटर स्प्रिट, 500 बोतल, 500 ढक्कन, 300 पीस स्टिकर एवं दो मोबाइल बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1196 वाहनों की जांच की गई जिसमें 94000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 72 वारंट एवं 7 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साईबर पुलिस द्वारा 4500 रूपये रिकवरी किया गया है।

# लापता युवक का शव रेलवे अंडर पास से बरामद

## पुलिस कर रही मामले की जांच : थानाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। छह दिनों से लापता एक युवक का शव रेलवे अंडर पास से बरामद किया गया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। घटना नवीनगर थाना क्षेत्र के पोखराही रेलवे अंडर पास की है। शव मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फ़ैल गई। इसको लेकर लोगों में अलग-अलग चर्चाएं है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के दिघी रेलवे स्टेशन के समीप रहने वाले 20 वर्षीय पीयूष सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल की रात पीयूष कुमार अपने दोस्त के घर शादी समारोह में जाने की बात बोलकर घर से निकला था। लेकिन घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर से काफ़ी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। अनहोनी की अंशका से परिजनों ने 29 अप्रैल को थाने में तहरीर समर्पित कर खोजबीन की मांग की। शनिवार की शाम रेलवे अंडरपास के पास एक युवक की लाश होने की जानकारी पुलिस को मिली। मृतक के पिता विजय कुमार सिंह सहित अन्य लोग पहुंचे तो मृतक की जींस से उसकी पहचान की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त शव को जंगली जानवरों ने भी नुकसान पहुंचाया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि लापता एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल, घटना के हर बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# मदनपुर में एसपी की सख्ती : लंबित गंभीर कांडों की कड़ी समीक्षा, त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद द्वारा मदनपुर थाना में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मदनपुर अंचल अंतर्गत सभी थानों के लंबित गंभीर कांडों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में संबंधित एसडीपीओ, प्रशिक्षु डीएसपी, अंचल पुलिस निरीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कांड की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित मामलों को अब किसी भी हाल में टालने की प्रवृत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित किया कि हर कांड में साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया को मजबूत किया जाए, तकनीकी साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग हो तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। गंभीर मामलों में चार्जशीट दाखिल करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तय समयसीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

एसपी ने यह भी कहा कि लंबित कांडों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और प्रगति संतोषजनक नहीं रहने पर संबंधित पदाधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित मामलों की दैनिक समीक्षा करें और पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई कोताही न बरतें।

बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित गंभीर कांडों के त्वरित निष्पादन के साथ-साथ अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना और आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करना रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865


**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने व अपराध पर नियंत्रण के उद्देश्य से रविवार को जिले में पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस सघन जांच अभियान से जहां अपराधियों में हड़कंप मच गया। अभियान के तहत नगर थाना, मुफस्सिल थाना समेत विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों व प्रवेश मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच की। सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर इनके कागजात की जांच की गई। साथ ही डिक्की, बैग व अन्य सामानों की भी बारीकी से तलाशी ली गई। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों पर विशेष नजर रखी। बताया गया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह सघन जांच अभियान चलाकर इस दौरान संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहन तलाशी ली गई। इससे पूरे जिले में पुलिस की सक्रियता साफ तौर पर दिखाई दी। नशा विरोधी अभियान के तहत भी इस चेकिंग को विशेष रूप से प्रभावी बनाया गया।

Mount Energy 927947823
Empowering The World
सोलर लगाइए बिजली बिल और रिचार्ज मीटर से जीवन भर छुटकारा पाइए!
78000 तक की सरकारी सब्सिडी
सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक से आसान किस्तों में लोन
तो देर किस बात की अभी संपर्क करें
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
BREDA | ऊर्जा विभाग
ROOF TOP SOLAR | SOLAR ATTA CHAKKI | SOLAR PUMP | SOLAR STREET LIGHT




Address- Plot No-334, Club Road, Auranagabad ( Bihar), PH No- 9279478232

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th


BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।